ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 19 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-183 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

बिना शादी के मां बनेगी इलियाना ... पेज 10 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जेलहता ओवर ब्रिज के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से कट गया। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी टीओपी-1 प्रभारी रेवा शंकर को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टिओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा टाइगर मोबाइल के जवान शरीक इरशाद, संतन कुमार, सहायक जवान प्रफुल्ल सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात शव के बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ले रहे हैं। यह मामला जीआरपी थाना का है। इस घटना की जानकारी जीआरपी थाना को दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक जीआरपी थाना की पुलिस नहीं पहुंची थी।

### झारखंड का माओवादी केरल में गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** झारखंड के एक शीर्ष माओवादी नेता को मंगलवार को केरल और झारखंड पुलिस के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। वह कोझीकोड में एक प्रवासी श्रमिक शिविर में रह रहा था। केरल पुलिस के अनुसार, उन्हें झारखंड में अपने समकक्ष से एक गुप्त सूचना मिली और उन्होंने अजय ओजा को कोझिकोड में एक प्रवासी श्रमिक शिविर में ट्रैक किया। सुबह दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने ओजा को हिरासत में ले लिया, जिसे झारखंड में एक शीर्ष माओवादी नेता माना जाता है और वह पहले भी जेल में रह चुका है।

### सीआईएसएफ के दो कांस्टेबल को वाहन ने रौंदा, मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के पतरातू थाना क्षेत्र में सोमवार रात सड़क पर पैदल जा रहे सीआईएसएफ के दो कांस्टेबल को एक वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर सिपाहियों के साथ पहुंचे पतरातू थाना प्रभारी ने दोनों को पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**रमजान**



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 19 अप्रैल को संध्या 6:17 और सेहरी का समय 20 अप्रैल को सुबह 4:10 मिनट में

## छात्र संगठनों का झारखंड बंद आज

### पुलिस अलर्ट, छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार की नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का विरोध जारी है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की तरफ से बुधवार को झारखंड बंद बुलाया गया है। झारखंड बंद को देखते हुए पूरे राज्य में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बंद को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले में अलर्ट जारी किया है। बंद को लेकर रांची, बोकारो और धनबाद में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत जिले के एसपी को दी गई है। बंद समर्थकों से निपटने के लिए 5000 से अधिक जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई। इस बीच झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की तरफ से 72 घंटे के आंदोलन के दूसरे दिन छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सभी छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक गए और झारखंड बंद का आह्वान किया। छात्रों ने कहा कि नियोजन नीति का विरोध तबतक नहीं थमेगा, जबतक हमारी मांग पूरी नहीं की जाती है।



गौरतलब है कि सरकार की नियोजन नीति 60-40 के विरोध में छात्र संगठनों का 72 घंटे का आंदोलन सोमवार से ही शुरू हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं सीएम आवास घेरने पहुंचे थे। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। इसमें कई छात्रों के सिर फट गये थे।

### 2021 की तुलना में 2022 में 15 सड़क दुर्घटनायें व 16 मौतें अधिक दर्ज की गईं

## लातेहार जिले में सड़क हादसे बढ़े

### पांच थानों में सबसे ज्यादा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिले में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2021 में कुल 112 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 92 मृत्यु हुई, जबकि कुल 127 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 106 मृत्यु हुई। इस तरह 2021 की तुलना में 2022 में 15 सड़क दुर्घटनाएं एवं कुल 16 मृत्यु की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ज़िला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक पदाधिकारी (मु०) कैलाश करमाली एवं मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार के सयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये आकड़ें चिंताजनक हैं, क्योकि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी का मुख्य कारण तेजी एवं लापरवाही से वाहनों का परिचालन है। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के साथ वाहन चलाने की आवश्यकता है। लातेहार जिला में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं का 80 प्रतिशत उपर्युक्त 5 (पांच) थाना क्षेत्र में घटित हुई हैं। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर अनेकों कार्य किये जा रहे हैं, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लायी जा सके। लातेहार जिले में वर्ष 2022 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 2648 चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित काउंसिलिंग दी गई। वर्ष 2022 में कुल 45 विद्यालयों में 1169 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। 25 अप्रैल के बाद विशेष रणनीति के तहत जागरुकता अभियान एवं विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।



**वर्ष 2022 में थाना स्तर पर दुर्घटनाएं**

| थाना | दुर्घटना | मृत्यु |
|---|---|---|
| लातेहार | 27 | 19 |
| चंदवा | 22 | 17 |
| बालूमाथ | 19 | 18 |
| मनिका | 18 | 17 |
| बरवाडीह | 15 | 12 |

### नक्सलियों ने ग्रामीणों को दी चेतावनी

## जंगल में न जायें, बम बिछे हैं

### गढ़वा में सर्च ऑपरेशन में विस्फोटक बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम/गढ़वा**

मंगलवार को नक्सली गतिविधियों से जुड़ी दो हरकतें हुईं। एक तरफ पश्चिमी सिंहभूम में दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा (माओवादी) ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे लोग गल में प्रवेश न करें क्योंकि पूरे इलाके में आईईडी बम बिछाए गए हैं। दूसरी तरफ गढ़वा में पुलिस और सीआरपीएफ 172 बटालियन की संयुक्त टीम ने भंडरिया थाना क्षेत्र स्थित तुमेरा गांव से विस्फोटक सहित अन्य सामान बरामद किया है। पश्चिमी सिंहभूम में भाकपा (माओवादी) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोल्हान में पुलिस दमन अविराम रूप से अभी भी जारी है। इसलिए जंगल-पहाड़ों और रास्ता घाट में पुलिस को लक्षित करने के उदेश्य से बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन तथा स्पाइक होल लगाए गए हैं। जब पुलिस दमन बन्द कर देगी, तभी हम तमाम विस्फोटक सामग्री को उठा लेंगे। आप लोग पहले जैसी सावधानी बरतते आये हैं, वैसी ही सावधानी बरतते रहें। इस मामले में अनदेखी व लापरवाही बिल्कुल ही नहीं करें। पुलिस के बहकावे या दबाव में आकर गांव से दूर जंगल-पहाड़ में बिल्कुल ही न घुसें और इस पुलिस दमन-अभियान बन्द होने तक मवेशियों को भी पहले से निर्धारित इलाके में ही चराते रहें। अपने बयान में भाकपा (माओवादी) ने कहा कि हमारी आएदिन बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन और स्पाइक होल की चपेट में आने से किसी भी जानमाल के नुकसान के लिए सरकार और पुलिस-प्रशासन एवं खुद भुक्तभोगी जिम्मेदार होंगे। हमारी लड़ाई पुलिसकर्मियों के साथ भी नहीं है, लेकिन वे लोग शोषक-शासक वर्गों के पक्ष में लड़कर अपनी जान गंवा रहे हैं, जिसका हमें खेद है। उधर, गढ़वा से मिली खबर के अनुसार, एक सूचना के आधार पर गढ़वा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## सीएम 20 को एक्शन प्लान तैयार करने की समीक्षा करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 अप्रैल को इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम इसी दिन बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 के 31 मार्च तक बजटीय प्रावधान के अनुरूप कितनी राशि व्यय की गयी, इसकी भी जानकारी लेंगे सीएम की समीक्षा को देखते हुए मंत्रिमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव को निर्देश देते हुए इस वित्तीय वर्ष में संबंधित विभागों के पास उपलब्ध कार्ययोजना की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सीएम प्रोजेक्ट भवन में दिन के 3 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इधर, योजना एवं विकास विभाग ने भी सभी विभागों से पीपीटी मांगा ताकि इसे सीएम के समक्ष रखा जाये।

गौरतलब है कि नए वित्तीय वर्ष का शुरूआती महीना शुरू हो चुका है। ऐसे में पूरे साल भर का एक्शन प्लान तैयार करने पर काम चल रहा है ताकि योजनाओं की स्वीकृति से लेकर क्रियान्वयन आसानी से किया जा सके। पूर्व की योजनाओं को भी पूर्ण करने के लिए समय-सीमा इस बैठक में निर्धारित की जायेगी। सीएम अफसरों को यह टास्क भी देंगे कि आम जनों के लिए बनी योजनाएं समय पर धरातल पर उतरे ताकि उसका लाभ लिया जा सके।



## लोहरदगा में कोरोना के दो नये मामले संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई आठ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कोरोना संक्रमण के मामले लोहरदगा जिले में लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को किया गया कोरोना टेस्ट में दो नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों को चिन्हित किया गया। इसके साथ ही लोहरदगा जिले में कोरोना संक्रमण के कुल आठ पॉजिटिव मरीजों की संख्या हो गई। इससे चंद दिनों पूर्व कोरोना संक्रमण के पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या नौ थी। कोरोना पॉजिटिव मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में होम आइसोलेशन में रख कर विशेष इलाज किया गया। इससे तीन मरीज कोरोना को हराकर स्वस्थ हो गए। इससे कोरोना संक्रमण की संख्या घटकर 6 हो गई थी। पर सोमवार को दो नए पॉजिटिव मामले मिलने से संक्रमण की संख्या 8 हो गई है।

इस संदर्भ में अस्पताल उपाधीक्षक शंकर प्रसाद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कोरोना से निबटने के लिए सदर अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह सजग है। सदर अस्पताल और कोविड अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना कर चालू कर दिया गया है। लोहरदगा में पर्याप्त संख्या में हाई फ्लो ऑक्सीजन बेड की ठोस व्यवस्था की गई है। विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए सदर अस्पताल में 26 वेंटीलेटर की व्यवस्था है। सदर अस्पताल में कोविड से निपटने के लिए मास्क, दवा, ऑक्सीजन, ट्रेंड नर्स, डॉक्टर और पारा मेडिकल स्टाफ पूरी तरह सजग व तैयार है।




### पलामू में आज इंटर की परीक्षा स्थगित, कल होगी

**मेदिनीनगर।** राज्य में बेरोजगारी और नियोजन नीति के मुद्दे पर हेमंत सरकार के विरोध में बेरोजगार युवाओं द्वारा बुधवार को झारखंड बंद का ऐलान किया है। जिसको देखते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) ने आज होने वाली इंटर की दोनों पाली की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस अधिसूचना के तहत 19 अप्रैल को होने वाली परीक्षा अब 20 अप्रैल को दो पालियों में होगी। पाली में प्रथम पाली सुबह 10.45 से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 3.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जैक की ओर से सभी परीक्षा केंद्र प्रभारियों को कहा गया है कि इस संबंध में 18 अप्रैल को होने वाली परीक्षा के दौरान छात्रों को सूचित करें। ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इंटर के प्रथम पाली में विज्ञान और वाणिज्य विषय के वैकल्पिक विषय की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में आर्ट्स विषय के इलेक्टिव विषय की परीक्षा होनी है।

### कोर्ट को सरकार ने बताया

## लोगों को पैसा वापस दिलाने के लिए हफ्ते भर में कमेटी बना दी जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिटफंड कंपनियों द्वारा लोगों से ठगी किए जाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि मामले में कमेटी का गठन हुआ है या नहीं? अगर कमिटी का गठन हुआ है, तो अब तक क्या-क्या कदम उठाया गया है? अदालत ने सरकार से इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ मई की तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि सरकार ऐसे लोगों की पैसा वापसी के लिए एक कमेटी का गठन कर रही है। एक सप्ताह में कमेटी गठित कर दी जाएगी। कमेटी लोगों को चिह्नित कर उनका पैसा वापस करेगी। इस संबंध में नन बैंकिंग अभिकर्ता एवं निवेश सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जावेद अख्तर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।



**बदलाव**

### खीरा व परवल की खेती से भी हो रही अच्छी आमदनी

## कभी था अफीम के लिए बदनाम, अब तरबूज-खीरे की खेती

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

एक समय था जब तरबूज की खेती सिर्फ बिहार में ही होती थी। गांव-देहात के लोग जब रांची या अन्य किसी बड़ शहरों में जाते थे, तो तरबूज खरीद कर लाते थे, लेकिन अब खूंटी जिला तरबूज उत्पदान का हब बनता जा रहा है। खूंटी जिला अफीम और गांजा की खेती के लिए बदनाम था, आज वहीं खेतों में तरबूज और खीरा की फसलें लहलहा रही हैं। कुछ साल तक अफीम की खेती कर पैसे कमाने वाले मुरहू प्रखंड के एक किसान बताते हैं कि अफीम की खेती में जितनी कमाई होती है, उतनी कमाई तरबूज और खीरा की खेती से ही हो जाती है। उन्होंने कहा कि अफीम से समाज पर बहूत खराब पड़ता है और पुलिस का लफड़ा अलग रहता है। इसलिए उसने अफीम की खेती छोड़कर तरबूज की खेती पर हाथ आजमाया है। उन्होंने कहा कि तरबूज के साथ ही वह अपने खेत में परवल की भी खेती कर रहा है। तोरपा प्रखंड के सुदारी गांव में तरबूज की खेती करने वाले हीरालाल साहू बताते हैं कि इस वर्ष खूंटी जिले के तोरपा, खूंटी, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड में लगभग साढ़े चार हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में तरबूज की खेती की गई है। कर्रा प्रखंड के युवा किसान गणेश महतो बताते हैं कि एक किसान तरबूज की खेती से तीन महीने में औसतन दो लाख रुपये की कमाई कर लेता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान तरबूज उत्पादक किसानों को बाजार नहीं मिलने के कारण काफी नुकसान हुआ है, लेकिन इस बार खेती भी बंपर हुई है और बाजार भी अच्छा मिला है। मौसम ने भी इस बार तरबूज उत्पादक किसानों का अच्छा साथ दिया है। कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के युवा किसान साकेत कुमार शर्मा बताते हैं कि खूंटी जिले कें तरबूज बड़े-बड़े वाहनों से रांची, खूंटी, कोलकाता, राउरकेला, संबलपुर से लेकर नेपाल तक भेजे जाते हैं।

व्यापारी किसानों के खेत में ही आकर तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार तरबूज की मांग काफी अच्छी है और कीमत भी अच्छी मिल रही है। किसानों को खेत से ही गोल तरबूज की कीमत सात रुपये प्रति किलो और लंबा किरण प्रजाति के तरबूज की कीमत नौ से दस रुपये प्रति किलो मिल रही है। नई किस्म के इंग्लिश खीरा और परवल की खेती आधुनिक मचान तरीके से करना किसानों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहा है। सिजेंटा फाउडेशन के सहयोग और प्रेरणा से तोरपा के किसानों ने पहली बार मचान विधि से खीरा की खेती की है। आधुनिक तरीके से इंग्लिश खीरा और परवल की जैविक खेती करने से किसानों को काफी लाभ हुआ है।

तोरपा प्रखंड के डांड़टोली गांव की महिला किसान शबनम टोपनो ने पहली बार छह डिसमिल खेत में इंग्लिश कुकुम्बर की खेती की है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी खीरा की बाजार में काफी मांग है। एक पौधे से पांच से सात किलो खीरा का उत्पादन होता है। सिजेंटा फाउंडेशन के रंजीत वर्मा बताते हैं कि पहली बार प्रायोगिक तौर पर किसानों ने इंग्लिश कुकुम्बर की खेती की है और इससे उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया सामान्य खीरा तोड़ने के दो तीन दिनों के अंदर खराब हो जाते हैं, पर अंग्रेजी खीरा आठ-दस दिनों तक खराब नहीं होता। इसके कारण बाजार में इसकी काफी मांग है।



## अति उग्रवाद प्रभावित सिंदरी व बाचकुम में पानी की किल्लत



### चुआंड़ी प्यास बुझाने को मजबूर, सांसद व विधायक उदासीन

**अजीत कुमार यादव। कुन्दा (चतरा)**

जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड क्षेत्र की नवादा पंचायत के अंतर्गत सिंदरी बाचकुम, खुटवाली व उलवार गांव में भीषण गर्मी का प्रकोप इस कदर है कि कुएं और तालाब के साथ चापाकल भी जवाब दे दिये हैं। ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए भी बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि 11वीं सदी में भी लोगों को जुआंड़ी का पानी पीना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधि उक्त गांव में उत्पन्न जल समस्या के प्रति उदासीन हैं। विकास का दंभ भरने वाले किसी भी प्रतिनिधि ने अब तक उपरोक्त गांव में उत्पन्न जल समस्या के प्रति सकारात्मक पहल नहीं की है। ग्रामीण अखिलेश गंझू ने बताया कि एनआरपी विभाग द्वारा गांव में 300 फीट तक एक बोरिंग कराई गई थी, लेकिन वह भी भीषण गर्मी में बेकार साबित हुआ है। वहीं प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में उक्त सभी गांवों में पानी की घोर किल्लत हो जाती है। ज्ञात हो कि प्रभावित गांवों में अनुसूचित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## पिकअप वैन पलटी चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सरसोत लुकुवा गांव के समीप बटाने नहर में मंगलवार की सुबह तरबूज से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। हादसे में पिकअप चालक छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला अंतर्गत सुलसूली गांव निवासी सुधन अगरिया के 21 वर्षीय पुत्र दिपलेश अगरिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सहचालक 22 वर्षीय रंजीत अगरिया बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना के बाद पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई प्रकाश गुप्ता सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से पिकअप वाहन को नहर से बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पिकअप तरबूज लादकर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बिहार के गया जिला अंतर्गत शेरघाटी बाजार जा रही थी। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## शहर में श्री लेदर्स शोरूम का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** शहर के सतार सेट चौक के पास मंगलवार को श्री लेदर शोरूम का उद्घाटन किया गया। शोरूम का उद्घाटन सदर एसडीएम राजेश कुमार साह,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और दुकान के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू में पहली बार लेदर शोरूम के खुलने से लोगो में हर्ष का माहौल है। शोरूम खोलने को लेकर विधायक ने शोरूम के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता सहित पूरे परिवार को धन्यवाद दिया। वही मौके पर उपस्थित शोरूम के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता ने कहा कि श्री लेदर शोरूम में लेदर से संबंधित सभी सामान उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर सामान खरीदने पर ग्राहकों को लकी ड्रा के माध्यम से बेहतर उपहार दिया जा रहा है। इस शोरूम में श्री लेदर्स के परंपरागत उत्पादों के अलावा हाल में लांच एसएल स्पोर्ट्स और एसएल प्रीमियम के उत्पाद भी मौजूद हैं। नए प्रोडक्ट एसएल प्रीमियम में सैंडल, जूते और वॉलेट, जबकि एसएल स्पोर्ट्स में स्पोर्ट्स वियर भी मौजूद हैं।

# बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारियां के लिए भाग संख्या 162 से 277 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी अंचलाधिकारी विसुपते श्रीकांत यशवंत ने किया । पंचायत से आए हुए बीएलओ को बतौर प्रशिक्षक सचिन कुमार एवं उमाकांत कुमार ने प्रशिक्षण दिया कि अपने पंचायत में वोटर कार्ड को सुधारें तथा 18 वर्ष तक के लोगो ंको जोड़े। मौके पर प्रशिक्षण में उपस्थित पंचायती राज पदाधिकारी कामेश्वर महतो, पर्यवेक्षक सुशील कुमार सिंह, श्रीकांत संतोष,मुन्ना कुमार, असलम अंसारी, भोला मिस्त्री,अर्पण टोप्पो, उत्तम कुमार, संतोष कुमार. समृत बीएलओ उपस्थित रहे।

# हैदरनगर में कल मनाया जायेगा कृमि मुक्ति दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने की। इसमें आगामी 20 अप्रेल को राष्ट्रीय कृ मि दिवस कार्यक्रम को मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक दीपक कुमार सिन्हा ने



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य के अलावा अन्य विभाग से परस्पर आपसी समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग की बात कही। बैठक में उपाधीक्षक श्री सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आगामी 20 अप्रैल को हैदरनगर प्रखंड के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा अल्बेंडाजोले 400 एमजी दी जाएगी। इसके साथ ही जो बच्चे, किशोर दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन बच्चों को 25 अप्रैल को यह दवा दी जायेगी। इस बैठक में बीएमपी विभूति कुमार, जेएसएलपीएस के बीएमपी भूपेश कुमार, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय आदि मौजूद थे।

# सीएचसी पाटन से परिवार नियोजन का जागरूकता रथ रवाना

### प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन ।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत सार्थी ऑन व्हेल जागरूकता रथ निकाला गया। यह वाहन के माध्यम से जागरूकता अभियान 17 मई तक चलाया जाएगा। जिसमें प्रचार प्रसार के माध्यम से गांव, गांव में लोगों को परिवार नियोजन के साधन अपनाना, गाइडलाइन के तहत 18 वर्ष से अधिक में लड़कियों का




शादी करना, तथा शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद बच्चा को जन्म देना। इन्ही मिशन को लेकर जागरूक अभियान चलाया गया। इस अभियान में अपने दो बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतर रखने पर जोर दिया गया। परिवार नियोजन के साधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में उपलब्ध है। जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने में डॉ उमेश कुमार सिंह. डॉक्टर सोमनाथ चक्रधर, बीपीएम सुनीता कुमारी, बी ए एम धीरज कुमार सिन्हा, एएनएम सुष्मिता कुमारी, सुनीता कुमारी, सूरत कुमारी, नीरज मेहता, अनुज कुमार, महेंद्र माझी, शेखर पासवान, अर्जुन राम, सुनील देव उपस्थित थे।

## सीएस ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**विश्रामपुर।** पलामू सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने विश्रामपुर सीएचसी का आज औचक निरीक्षण किया। जिसमें अपने कार्य से लापरवाह कर्मियो को कड़ी फटकार भी लगाई। वहीं सीएस ने बताया कि विश्रामपुर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में पांच साल से अधिक दिनों तक एक ही संस्थान में रहकर अपनी पैठ बना चुके कर्मियों के खिलाफ अगर किसी भी प्रकार कि शिकायत प्राप्त होती है तो उन्हे अविलंब बड़ी पेनाल्टी के साथ स्थरांतरण किया जायेगा। ताकि स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता के साथ सुधार लाया जा सके। वहीं कांग्रेस विस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने कहा कि कुछ कर्मचारी बहुत सालों से विश्रामपुर सीएचसी में जमे हुए है। और वो जनहित कार्यों को ताक पर रख अपने मन मुताबिक कार्य करने में लगे हुए है। जिसके कारण यहां के स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# ट्रैक्टर से धक्का मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** स्थानीय जपला धरहरा निवासी विकाश कुमार पासवान ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर ट्रैक्टर चालक पर जान से मारने की नियत से चचेरे भाई अमित पासवान को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। विकास कुमार पासवान ने हुसैनाबाद थाना में दिए गए आवेदन में कहा है कि उनक ा चचेरा भाई अमित पासवान व उसका दोस्त सोनू कुमार घर में खाना खाकर बैठ बातचीत कर रहे थे। बाद में वो शौच करने के लिए घर के बगल में ही नहर कीं ओर चले गये।काफी देर हो जाने पर मैं' देखने के लिए गया तो नहर तरफ हल्ला सुनाई दिया। नजदीक पहुंचने पर देखा की मिलन बांध के राकेश मेहता लाल रंग के महेन्द्रा ट्रैक्टर के चालक सीट पर बैठकर मेरे चचेरा भाई अमित पासवान से बहस कर रहा था। राकेश बोल रहा था कि वह स्पीड में ट्रैक्टर चलाएगा, जिसको रोकना हो रोक लेगा। अमित पासवान बोले कि यहाँ पर बच्चा-बुढ़े हमेशा चलते रहते हैं। इसलिये घीरे चलाओं। इतने पर राकेश मेहता ने गाड़ी के आगे खड़े अमित पासवान को धक्का मारते हुए ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। अमित पासवान ने आगे सेभागने का प्रयास किया। मगर ट्रेक्टर से दाहिने जाँध एवं घुटने में धक्का लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तत्काल अगल-बगल के लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में सोमवार की शाम प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि घटना के पीछे का कारण पुलिस पता लगा रही है।

## बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं तो होगा आंदोलन : कमलेश

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र मे गर्मी शुरू होते ही बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गयी है। वही बिजली उपभोक्ताओं को महज आठ से नौ घंटे ही बिजली मिल रही है। अगर बिजली की समस्या पर सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी। उक्त बाते राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही है। उन्होंने कहा की गर्मी के दस्तक देते ही क्षेत्र में बिजली कटौती शुरू कर दी जाती है।

### जल संकट से त्राहिमाम

# नगर पंचायत में लोगों के बीच पनप रहा आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा हुआ है। इलाके के अधिकांश चापानल, बोरवेल्स, आहर, तालाब, डैम और ताल तलैया सूख गये हैं। आज आलम ये है कि लोगों का नहाना खाना मुश्किल हो गया है। नगर की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने ग्यारह सूत्री मांग पत्र



छतरपुर के एसडीओ को सौंपा है। अरविंद गुप्ता ने ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से कहा कि कई दफा उनके द्वारा नगर पंचायत को धरना और ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका है। नगर में जलसंकट व्याप्त है और प्रतिनिधि बेपरवाह है। लोगों के सामने जीवन मरण का संकट खड़ा हो गया है अगर नगर पंचायत ने सभी मांगों पर गम्भीरता से विचार नहीं किया तो नगर के लोग पेयजल के लिए आमरण अनशन करने को बाध्य हो जाएंगे। अरविंद ने यह भी बताया कि ज्ञापन के बाद एसडीओ ने आश्वस्त किया है कि ज्ञापन में दर्शाई गइं सभी समस्याओं पर बिंदुवार पलामू डीसी और सम्बंधित विभाग को पत्राचार कर अवगत कराएंगे।

## आज झारखंड स्टूडेंट यूनियन के झारखंड बंद की घोषणा

**मेदिनीनगर।** 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टूडेंट यूनियन ने आज झारखंड बंद की घोषणा की है। पलामू से भी कई युवा इसमें भाग लेने के लिए रांची गए है। वही यूनियन के इसकी घोषणा करते हुए बताया कि 60-40 की हेमंत सरकार की नियोजन नीति हितकारी नहीं है। इसे वापस लेना ही होगा। परंतु ऐसा लगता है कि वर्तमान सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में संघ के द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर तीन दिवसीय आंदोलन शुरू किया गया। जिसमें 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का धेराव हजारों युवाओं के द्वारा किया गया।वही,18 को मशाल जुलुश निकाला गया। जबकि आज संपूर्ण झारखंड बंद रहेगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-25 / 2022–23 (2nd Call) Dated–17.04.2023

| Sl. No. | Name of Work/Group No. | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pachaur Telan , SVS Group of Scheme under Dandai Block | Gar-04 | 16 Nos. | 1,69,63,837.00 | 3,40,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | | 19.04.2023/12:30 P.M. | | | | |
| 3 | Last date & time of Bid Submission | | 25.04.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 26.04.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | | | | |
| 5 | Date & time of Opening Tender | | 27.04.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | |
| 7 | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा।

PR 295399 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


# बीडीसी की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड पंचायत समिति की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को प्रखंड सभागार में चलती रही। दिनभर चली इस बैठक के प्रारंभ में सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय और विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल बैठक में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शुरूआत में ही वहां से नाराजगी जताते हुए बहिष्कार कर बाहर चले गए। हालांकि बीडीओ सह सीओ प्रशांत हेंब्रम ने इसपर खेद जताते हुए अगली बैठक से प्रतिनिधियों के सम्मान का ख्याल रहने और समुचित व्यवस्था करने को कहा। इधर ब्लॉक प्रमुख रंभा देवी की अध्यक्षता में उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह ने इसका प्रभावी संचालन किया। मुख्यरूप से बैठक में प्रखंड में घासीदाग , बघमनवा, सिगसिगी पंचायत में पीएम पक्का आवास निर्माण कार्य लंबे अर्से से लंबित होने तथा उससे नए आवास निर्माण के नये लक्ष्य नहीं आने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने चिंता जताई। साथ ही आवास कोऑर्डिनेटर अजीत सिंह की खिंचाई की। लालगढ़ और पंजरीकला के पंसस ने नये आवास दिलाने के नाम पर कतिपय स्वयंसेवक द्वारा उगाही किए जाने का मामला उठाया। साथ ही प्रमुख और उपप्रमुख ने मनरेगा योजना के शिथिल क्रियान्ययन पर नाराजगी जताई।साथ ही अधिकांश पंचायत के कई गांवों में चापाकल, कुआं और अन्य जलस्रोत सुख जाने तथा प्यास बुझाने के लिए पेयजल स्वच्छता विभाग की उदासीनता और बैठक में किसी भी पदाधिकारी के शिरकत नहीं करने पर क्षोभ जताया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा लिली स्टेलापूर्ति, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय ने स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा नए विद्युत जेई अभिषेक कुमार ने विद्युत लोड शेडिंग और बकायेदारों के लिए ओटीएस प्रावधान की जानकारी दी। इस बैठक में मनोनीत सदस्य बघमनवा मुखिया मंजू देवी, सिगीसिगी मुखिया किरण देवी, भंडार पंसस प्रेमलाल पासवान, केतातकला की रीना देवी, तोलरा के सत्य प्रकाश शुक्ल आदि ने अपने विचार रखे।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने गांव के ही विजय कुमार सिंह पर गाली गलौज व मार पीट करने का आरोप लगाया है। उपेंद्र कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि सोमवार की शाम सात बजे विजय कुमार सिंह दरवाजा पर आकर गाली-गलौज करने लगे। कारण पूछने पर बताया कि तुम मेरे उपर इल्जाम लगा रहे हो की पुआल में आग लगाए हैं। इतना कहते हुए उन्होंने डंडा से वार कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गए। उन्होंने जान से मारने का भी धमकी दे रहे थे। हल्ला सुनकर आस पास के लोग दौड़कर जान बचायें। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि केस पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।


## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में पूर्व से निर्मित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 02 जिसका क्षेत्रफल कुल 14160 (चौदह हजार एक सौ साठ) वर्गफीट है एवं उक्त गोदाम का किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रतिवर्गफीट की दर से कुल 70800.00 (सत्तर हजार आठ सौ) रू0 प्रतिमाह है, को समिति के व्यापक हित में उक्त गोदाम के आवंटन में पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृशि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 25.04.2023 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर मेदिनीनगर सह विशेश पदाधिकारी
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 295403 District (23-24)_D



## जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
## (जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)
## सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा

फोन न०:- 06561-222050,222051 मेल आई०डी० :- cs.garhwa@gmail.com

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**संख्या :–03 / 2023–24**

सदरअस्पताल, गढ़वा मेंअन्तःकक्ष विभाग, प्रसवविभाग एवंअन्य भर्त्तीमरीजों के लिए समय परपौश्टिक भोजन / पथ्य एवं नाश्ता आदिइाईट चार्ज के अनुसार उपलब्ध करने हेतु सामान्य मरीज के लिए 100.00 (कुल एक सौ रुपयामात्र), विशेश मरीजों यथा Burn Patients, Hypoproteinemic, Tubercolosis & Cancer Patients] के लिए 125.00 (एक सौ पच्चीस)मात्र एवंजननीशिशुसुरक्षाकार्यक्रमअन्तर्गतअस्पतालमेंभर्तीमरीजों के लिए 100.00 (कुल एक सौ रुपयामात्र) प्रतिमरीजएवं जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के लिए 100 / 150 / 200 रू0 (शाकाहारी / मांसाहारी) प्रतिदिन के दरसेआपूर्ति हेतु Expression of Interest (EOI)आमंत्रितकियाजाताहै। इस निमित्त Expression of Interest (EOI) निबंधितडाक / स्पीडपोस्टके माध्यम से दिनांक 06.05.2023 कोअपराह्न 05:00 बजेतक, सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गढ़वा के जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के पते पर स्वीकार किया जएगा। निर्धारिततिथि एवं समय के बाद Expression of Interest (EOI)स्वीकारनहीं की जाएगी ।दिनांक 08.05.2023 को 03:00 बजे अपराह्नमें Expression of Interest (EOI) का निश्पादन, सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा के सभागार में निश्पादित किया जाएगा।
Expression of Interest (EOI) से संबंधित विस्तृत सूचनायें, गढ़वा जिले के बेबसाईट https://garhwa.nic.inपर उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.295344 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D



## District Health Society, Garhwa Jharkhand)

Email id: - cs.garhwa@gmail.com e-Procurement Notice

Tender NoticeNo.:DHS/GAR/01/2023-24 Date:17/04/2023

Procurement Cell Incharge on Behalf of Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Materials, Machinery and Consumables. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.inand bid should be submitted through e-procurement system only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) and Original Authorization Certificate should be submitted separately to the concerned office.

| Sr. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate contract for Supply of Medicine Materials, Machinery and Consumables. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 20/04/2023 |
| 3 | Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders | On 24.04.2023 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/ suggestions to the Civil Surgeon Cum Cmo, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 4 | Date / time for receipt of bids on Office | 25/04/2023 To 03/05/2023 Up to by 4.00 pm |
| 5 | Last Date/ Time for Receipt of Bids | 04/05/2023 Up to at 5.00 pm |
| 6 | Bid Opening Date | 06.05.2023 by 12.30 pm |
| 7 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs.5000/- (Rs. Five Thousand Only) Non Refundable |
| 8 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.50000/- (Rs. Fifty Thousand Only) Note: Companies registered under Jharkhand MSME for said work exempted for EMD. |
| 9 | Contact No. of Procurement Cell | 9470357559, 9113344530 |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Civil Surgeon Cum CMO
Garhwa

PR 295347 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



Tender ref. No,: Dated:- __/__/2023

## District Collectorate District Supply Office Garhwa, Jharkhand

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF GARHWA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 18.04.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Garhwa, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9219516455 Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Garhwa Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Garhwa, Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 18.04.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 03.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 04.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 21/04/2023(______________) |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://garhwa.nic.in & https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://garhwa.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 295342 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D

District Supply Officer Garhwa

**NEWS इन ब्रीफ**

## सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी पर घूस लेने की शिकायत

**मेदिनीनगर।** जनता दरबार में हरिहरगंज से आये शिवपूजन कुमार मेहता ने उपायुक्त को बताया कि उनकी पत्नी गीता देवी गंगा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है। जिनकी देखरेख व प्रबंधन में जगदीशपुर की जन वितरण दुकान का संचालन किया जाता है। कतिपय कारण से दुकान को षड्यंत्र के तहत निलंबित कर दिया गया था इसके पश्चात सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उनसे संपर्क कर 70 हजार रुपए की मांग की व पैसा नहीं देने पर लाइसेंस रद्द करने की भी धमकी दी। उक्त फरियादी ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच करने एवं उचित करवाई करने हेतु अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच डीडीसी से करवाने की बात कही।

## पंचायत सेवक को प्रभार नहीं देने से विकास कार्य प्रभावित:रेणु

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड की पूर्व व प्रथम प्रमुख रह चुकी रेणु देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पिछले मार्च में सेवानिवृत्त हो चुके पंचायत सेवक श्री देवेन्द्र शुक्ला के द्वारा नये पंचायत सेवक श्री प्रभु राम को प्रभार नहीं देने की वजह से रबदा पंचायत का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित होने की बात कही। जिसका संज्ञान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नावाबाजार व जिले के अधिकारियों को लेना चाहिए। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया है कि पिछले 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो चुके पंचायत सेवक श्री देवेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रभार नहीं देने की वजह से जन्म-मृत्यु निबंधन के अलावा ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित किए जानेवाले सभी कार्य बुरी तरह बाधित हैं। ज्ञातव्य है कि रबदा पंचायत की मुखिया श्रीमती सुमन देवी द्वारा इस संदर्भ में बार- बार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नावाबाजार को अवगत कराने के बावजूद भी श्री देवेन्द्र शुक्ला बहाने बनाकर प्रभार नहीं दे रहे हैं,जो चिंता का विषय है। विज्ञप्ति के अंत में पूर्व प्रमुख ने कहा है कि आम जनता की परेशानियों को देखते हुए शीघ्र हल नहीं निकला तो मैं आन्दोलन को मजबूर हो जाऊंगी।

## सिंचाई भिखसी नाली निर्माण कराने की मांग

**मेदिनीनगर।** जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम करमा से आये कई ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि मलय डैम निर्माण के समय उनलोगों को विस्थापित कर डूबलगंज में बसाया गया था। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सिंचाई नाली निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सिंचाई हेतु पानी की समस्या ना रहे। इसके अलावे जनता दरबार में विभिन्न पेंशन संबंधित मामले आये जिन्हे ऑन स्पॉट कार्रवाई हेतु सहायक निदेशक को निर्देशित किया गया।

# चलती स्कॉर्पियो में अचानक लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका चौक स्थित गुरुतेग बहादुर मेमोरियल हॉल के समीप मंगलवार को एक चलती स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद पूरी तरह स्कोर्पियो गाड़ी जलकर खाक हो गई। स्कोर्पियो गाड़ी में आग लगने के बाद सड़क पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्कॉर्पियो में आग कैसे लगी अभी कारणों का नही चल पाया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि बढ़ती तापमान की वजह से स्कोर्पियो में आग लगी है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पानी से स्कॉर्पियो में लगी आग को बुझाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियो में आग लगने से संबंधित मामला की छानबीन में जुट गये हैं।

# फरियादियों से मिले डीसी, कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 50 से अधिक फरियादियों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। इस दौरान कई मामलों का ऑन




स्पॉट निष्पादन भी किया गया। वहीं कई मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिए। आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये।

# रेड़मा में 3 मई को परशुराम मंदिर का भूमि पूजन

### राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव एक समाजिक संगठन नहीं है ब्लकि यह पारिवारिक संगठन हैं: मुकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू में पहली परशुराम मंदिर के निर्माण के निमित 22 अप्रैल शनिवार अक्षय तृतीया के दिन स्थान उद्योग विभाग के पीछे रेड़मा में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जाना था । जो एक आकस्मिक घटना के कारण स्थगित कर दी गई। इस मंदिर निर्माण के लिए अब भूमि पूजन 3 मई को मुख्य यजमान दिलीप तिवारी मिंटू के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिलीप तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला संरक्षक रहे वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता सतीश तिवारी उर्फ



कलटू तिवारी की बीती रात कोलकाता के एक निजी हॉस्पिटल में देहांत हो गया। जिसके चलते भूमि पूजन के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इसी कार्यक्रम को अगला रूप देते हुए भव्य भूमि पूजन 3 मई दिन बुधवार को किया जाएगा। मौके पर उपस्थित कोर कमेटी के सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव एक समाजिक संगठन नहीं है ब्लकि यह पारिवारिक संगठन हैं। जिसमें अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ निष्ठा निहित है। समाज के सभी लोगों के सुख दुःख में खड़े रहने के लिए सदैव तत्पर रहती है भार्गव सेना साथ ही उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र के साथ चलने वाली यह संगठन हमेसा अपने पूर्वजो संस्कृति को पकड़ कर चलेगी। कोर कमेटी सदस्य अभिषेक तिवारी ने कहा हमे अपने पूर्वजों के बताए गए दिखाए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है । संगठन के द्वारा अपने लोगों के बीच एवं गावों का भ्रमण जारी रहेगा।इस आपातकालीन बैठक में पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अरविंद पांडे, ब्रजेश तिवारी विनीत तिवारी, राजन पांडे राहुल पाठक, संजीत पांडे नवीन पांडे, रमेश पांडे, दीपक गिरी के साथ दर्जनों परशुराम वंशज उपस्थित रहे और इस राय पर अपनी सहमति दी।

## बूटी राम को पिछले 16 माह से वृद्धा पेंशन नहीं



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल के महुआरी ग्रामवासी वृद्ध बूटी राम को पिछले 16 माह से वृद्धा पेंशन की राशि भुगतान नहीं मिलने पर मंगलवार को उपायुक्त के जनता दरबार में फरियाद लेकर पहुंचे थे । डीसी ए. दोडे ने 16 माह से पेंशन नहीं मिलने की बात जब उन्हें तो तुरंत समाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को मामले की तहकीकात करने का निर्देश दिया तब ज्ञात होगा कि बूटी राम के बिना पेंशन की राशि पिछले 16 माह से दूसरे व्यक्ति के खाते में जा रही थी डी सीने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को तुरंत सुधार कर पेंशन की राशि बूटी राम के खाते में डालने का निर्देश दिया।

# शहर में श्री लेदर्स शोरूम का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सतार सेट चौक के पास मंगलवार को श्री लेदर शोरूम का उद्घाटन किया गया। शोरूम का उद्घाटन सदर एसडीएम राजेश कुमार साह,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और दुकान के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू में पहली बार लेदर शोरूम के खुलने से लोगो में हर्ष का माहौल है। शोरूम खोलने को लेकर विधायक ने शोरूम के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता सहित पूरे परिवार को धन्यवाद दिया। वही मौके पर उपस्थित शोरूम के मालिक प्रभात कुमार गुप्ता ने कहा कि श्री लेदर शोरूम में लेदर से संबंधित सभी सामान उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर सामान खरीदने पर ग्राहकों को लकी ड्रा के माध्यम से बेहतर उपहार दिया जा रहा है। इस शोरूम में श्री लेदर्स के परंपरागत उत्पादों के अलावा हाल में लांच एसएल स्पोर्ट्स और एसएल प्रीमियम के उत्पाद भी मौजूद हैं। नए प्रोडक्ट एसएल प्रीमियम में सैंडल, जूते और वॉलेट, जबकि एसएल स्पोर्ट्स में स्पोर्ट्स वियर भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अभी ईद पर्व के मौके पर लोगों को सामान खरीदने पर बेहतर छूट के साथ-साथ लकी ड्रा ऑफर का लाभ मिलेगा। मौके पर मेयर अरुणा शंकर, दुर्गा जौहरी, मुकेश कुमार गुप्ता, भावे मैया प्रत्याशी मनोज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दीप प्रज्वलित कर डीसी, एसपी व पर्यावरणविद ने किया उदघाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पुलिस स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन का उद्घाटन पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे , पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, समाजसेवी अजय पांडेय और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री दौड़े एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने पर्यावरणविद कौशल किशोर एवं उनकी धर्मपत्नी सह बी पी एस ए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर




ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये नामचीन कवियों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपनी अंदाजों से खूब गुदगुदाया। पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण के चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है। वैसी स्थिति में हास्य कवि सम्मेलन तनावों व तन और मन के प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कवियों के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में ही हास्य रस के कई प्रसंग प्रस्तुत कर समां बांध दिया था। कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर की कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गुजरात की तर्ज पर शहर में हो रहा मरीन ड्राइव का निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कोयल नदी तट पर कोयल रिवर व्यू मरीन ड्राइव का निर्माण हो रहा है कोयल नदी के तट पर 410 मीटर लंबा मरीन ड्राइव गुजरात के साबरमती रिवरफ्रंट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा पर्यटन विभाग से निर्माण हो रहे इस रिवर फ्रंट को केरल के समुद्र तट जैसा लुक दिया जा रहा है। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट से प्रेरणा लेकर कोयल नदी तट पर इस कोयल रिवर व्यू के निर्माण से शहरवासियों में काफी खुशी है। 4.25 करोड़ रुपये की लागत से मरीन ड्राइव फेज-2 का कार्य अक्टूबर, 2023 तक पूर्ण किया जाना है। बता दें कि फेज-1 का निर्माण पहले ही 80 लाख रुपये की लागत से किया जा चुका है। अब फेज 2 का कार्य पूरा होते ही शहर का स्वरूप बदल जाएगा। कोयल रिवर व्यू मरीन ड्राइव बनने से रोजगार के साधन भी बढ़ने की संभावना है। नगर आयुक्त रवि आनंद का कहना है 'किसी भी शहर के विकास में प्राकृतिक नदियां संसाधन बतौर कारगर साबित होती हैं। इसके बन जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। 'हरिद्वार और वाराणसी में विशेष गंगा आरती की तरह मरीन ड्राइव पर भी आरती के लिए 30 मीटर का विशेष घाट तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही 13 घाट तैयार किए जा रहे हैं। इन घाटों पर बैठने के लिए बेंच-कुर्सी भी लगाई जा रहीं हैं। यह बातें मेयर अरूणा शंकर ने एक कार्यक्रम में कही।

## आज पलामू में 41 मूल याचिकाकर्ता शिक्षकों की काउंसिलिंग

**मेदिनीनगर।**आज पलामू में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 41 मूल याचिकाकर्ता शिक्षको का स्थानीय जिला स्कूल के प्लस टू विद्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।जिसमे सभी अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। पलामू में अलग अलग विषय के अभ्यर्थियों का कॉउंसलिंग किया जाना है। गौरतलब है कि मूल याचिकाकर्ता को हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने के कोर्ट के आदेश के बाद सरकार के द्वारा कुल 332 मूल याचिकाकर्ता को नियुक्ति दिया जाना है।

# प्रधानमंत्री सड़क योजना बनी जर्जर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के महुआरी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को डीसी के जनता दरबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क की जर्जर होने से आवागमन में दिक्कत होने की बात कही है। गैलरी डीसी से कहा कि पिछले 8 नवंबर से पूर्व में महुआरी से मंगलदीप के पास स्टेट हाईवे से पक्की सड़क को जोड़ा गया था जो फिलहाल जर्जर हो चुका है और अगल-बगल के 10 गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने नेता और अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही पाया है ग्रामीणों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए सड़क निर्माण कराने की मांग की है। बीटीसी न्यूज अग्रता कार्रवाई होगी संबंधित विभाग को निर्देश दिया है और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी जनता दरबार में डीजे से सड़क निर्माण की मांग करने वालों में सत्यनारायण सिंह वीरेंद्रमेहता विनोद मेहता समेत 2 दर्जन से अधिक ग्रामीण शामिल थे।



# अंग्रेजी व अर्थशास्त्र विषय की अंतिम मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत सोमवार को अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विषय का अंतिम मेधा सूची का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें अंग्रेजी विषय के लिए 224 और अर्थशास्त्र के लिए 248 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं।अंग्रेजी विषय में अनारक्षित श्रेणी के 142, एसटी के 33, एससी के 07, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 27 तथा पिछड़ा वर्ग के 15 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।अर्थशास्त्र विषय में अनारक्षित श्रेणी के 127, एसटी के 51, एससी के 09, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 37 तथा पिछड़ा वर्ग के 24 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं।आयोग ने सभी सफल अभ्यर्थियों को जिले भी आवंटित कर दिया है। आयोग के अनुसार, यह अंतिम परिणाम नहीं है। अंतिम परिणाम के प्रकाशन के साथ ही इस विषय का कट ऑफ मार्क्स भी जारी किया जाएगा।वही, संस्कृत विषय के अभ्यर्थियों के लिए जिला विकल्प का लिंक 17 से 20 तक दिया गया है।अभ्यर्थियों को तय समय के भीतर जिला विकल्प का कार्य करना है।

**कार्रवाई** | मदरसे में छापेमारी से पुलिस को मिला हथियार, लोगों में हड़कंप

# बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

### चाइल्डलाइन की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि मदरसे में 55 बच्चे पढ़ाई करते थे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी पिपराताड़ मदरसा से हथियार बरामदगी मामले में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने सोमवार (17 अप्रैल) को संज्ञान लिया है। पूरे मामले में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर चाइल्डलाइन ने मामले में जांच की है। पूरी जांच रिपोर्ट सीडब्ल्यूसी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सौंपी गई है। चाइल्डलाइन की जांच रिपोर्ट के बाद सीडब्ल्यूसी ने मामले में आगे की कारवाई की योजना तैयार की है। दरअसल, कुछ दिनों पहले पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपराटांड़ थाना क्षेत्र




के इलाके के एक मदरसे में एक व्यक्ति के पास हथियार है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में छापेमारी की थी। छापेमारी में पुलिस को हथियार मिले थे। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लेते हुए चाइल्डलाइन को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। चाइल्डलाइन की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि मदरसे में 55 बच्चे पढ़ाई करते थे। घटना के बाद से सभी बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से बंद है। सीडब्ल्यूसी के धीरेंद्र किशोर और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि चाइल्डलाइन को पूरे मामले में जांच करने को कहा गया था। जांच रिपोर्ट मिल गई है। मदरसा में पढ़ने वाले सभी बच्चों को पुनर्वास करने की भी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।सभी बच्चों को अगल बगल के सरकारी स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मदरसे में एक ही व्यक्ति बच्चों को पढ़ाता था। उसके जेल जाने के बाद मदरसा पूरी तरह से बंद है और बच्चों की पढ़ाई बाधित है। जांच टीम ने मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों से भी बातचीत की है और एक रिपोर्ट तैयार की है।

# सदर अस्पताल में दलाली व चोरी की घटनायें बंद हों : शैलू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार सैलू ने कहा कि प्रमंडलीय सदर अस्पताल मेदिनीनगर में दलाली, पॉकेटमारी चोरी का धंधा चरम सीमा पर है। दलाली,चोरी, पॉकेटमारी की धंधा की वजह से दूरदराज से आए गरीब व लाचार मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में इलाज के लिए प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की भीड़ उमड़ती है। परंतु वहां लचर सुरक्षा व्यवस्था की वजह से आए दिन मरीजों के मोबाइल,पैसे की चोरी हो रही है। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक से अस्पताल में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाने का आग्रह किया है। ताकि आए दिन गरीब मरीज अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि आए दिन सदर अस्पताल से सुनने को मिल रहा है कि पॉकेटमार लोगो के पैकेट और झोला काट कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिसकी वजह से यहां पर इलाज कराने आए मरीज और मरीज के परिजन काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार की ही एक घटना है। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लादी निवासी लव कुमार की गर्भवती पत्नी ममता देवी सोमवार की सुबह 10:00 बजे अपने इलाज के लिए टिकट काउंटर पर लाइन लगी हुई थीं। इसी बीच पाकिटमारो द्वारा उनका झोला काटकर उसमें से



आधार कार्ड और 5000 रुपए की चोरी कर कर ली गई थी। पैसा चोरी होने के बाद महिला फूट-फूटकर अस्पताल के बाहर रो रहे थी। यह काफी शर्मनाक घटना है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था कायम नहीं की गयी तो लोग आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# गर्मी बढ़ी तो बिजली की आंख मिचौनी शुरू हुई

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
झुलसाती गर्मी के बीच दिन में बढ़ते तापमान के साथ बिजली की आंख मिचौनी शुरू हो गई है। प्रखंड क्षेत्रों में बिजली की व्यवस्था बिगड़नी शुरू हो गई है। गर्मी आने से पहले जहां बिजली 24 घंटे में 20 से 22 घंटा मिल रही थी, वहीं अब गर्मी का आगाज होते ही उसकी अवधि घटकर 12 से 15 घंटा हो गई है। ऐसे में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीण दयानंद प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, राजू प्रसाद विवेकानंद, संतन प्रसाद, गुड्डू साहू इत्यादि लोगों ने बताया कि प्रदेश को अलग होने के बाद पहली बार पिछले 1 वर्षों से हम लोगों को 20 से 22 घंटे निर्बाध बिजली मिलनी शुरू हुई थी, जो गर्मी के आगाज से पूर्व तक नियमित रही। उसके बाद जैसे-जैसे गर्मी बढ़ना शुरू हुई वैसे-वैसे बिजली की आंख मिचौनी भी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि दिन में तो संतोषप्रद बिजली मिल रही है लेकिन रात में ज्यादा समय तक कटौती कर दी जा रही है। इससे हम लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है।

# हाथी का दांत साबित हो रहा है जलमीनार, लोग पानी को तरसे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
प्रखंड के नवादा पंचायत के अशोक विहार टोला में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित जल मीनार पिछले 1 साल से निर्मित किया गया है लेकिन अभी तक चालू नहीं हुआ है। इससे टोले के लोगों को पानी की समस्या से निजात के लिए लगा जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है।



ग्रामीण उपेंद्र यादव मंगलेश तिवारी उमेश तिवारी अशोक विश्वकर्मा विष्णु यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टोले में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए पिछले वर्ष ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जल मीनार का निर्माण कराया गया था लेकिन जल मीनार निर्माण की बात से लेकर अभी तक उक्त जल मीनार से टोले के लोगों को पानी नसीब नहीं हो सका है। जल मीनार अभी तक चालू नहीं हो सका है। इसके लिए कौन जिम्मेवार है? विभाग की लापरवाही या ठेकेदार की उदासीनता यह तो समझ से परे हैं। अशोक विहार जबरिया में हर घर में पानी की समस्या बनी हुई है। लेकिन जब जल मीनार का कार्य हो रहा था तो लगा कि पानी की समस्या अब खत्म हो जाएगी। यहां तक कि गर्मी के दिनों में पानी पीने के लिए भी हाहाकार मच जाता है। टोले में करीब 50 घर की आबादी है। पानी की भारी किल्लत बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में पीने के लिए पानी दूसरी जगह से लाने के लिए भटकना पड़ता है। इस संबंध में नवादा पंचायत के मुखिया आशा देवी से बात की तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से घोर लापरवाही बरती जा रही है और पैसा निकासी कर ठेकेदार द्वारा बंदरबांट की जा रही है और धरातल पर अच्छा काम भी नहीं हो पा रहा है। कई बार ठेकेदार से संपर्क किया लेकिन अभी तक सुधार नहीं हुआ।

## मायर टोला में जलमीनार खराब, पेयजल की समस्या

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत में इन दिनों पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आदिवासी बहुल मायर टोला में बुधन सिंह व महेंद्र सिंह के घर के पास लगा जल मीनार पिछले 4 माह से खराब है।जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए पानी दुसरे टोला से लाना पड़ रहा है।ग्रामीणों द्वारा यह आरोप लगाया गया की पंचायत के मुखिया को खराब पड़े जल मीनार मरम्मत कराने के लिए दर्जनों बार कहा गया है।इसके बाद भी मुखिया के द्वारा जल मीनार बनवाने का सिर्फ बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है। ग्रामीण दुर्गा देवी,सविता देवी,रीता देवी, विनोद सिंह, शिव सिंह, इंद्रावती देवी, उपेंद्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग आदिवासी टोले में है इसलिए हम सभी को आदिवासी समझकर मुखिया मुंगा साह नजर अंदाज कर रहे हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### मोबाइल गुम को लेकर हुई मारपीट, 2 घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पडुआ गांव निवासी मानदेव राम का पुत्र श्री राम कुमार और उसका सगा भाई अर्जुन राम मारपीट की घटना में घायल हो गया है। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दिलीप कुमार का मोबाइल फोन गुम हो गया था। सोनम उस मोबाइल फोन को लिया था। इसी बात को लेकर जब श्री राम कुमार ने उसे पूछने गया तो लल्लू राम, विवेक राम सहित तीन अन्य लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। दोनों को इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### राधा कृष्ण मंदिर स्थल पर होगा चैता कार्यक्रम का आयोजन

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय के राधा कृष्ण मंदिर स्थल पर मंगलवार देर शाम को ग्रामीणों की बैठक हुई। उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चैता कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्णय लिया ।वहीं उक्त कार्यक्रम को सफल संचालन को लेकर 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें मिथिलेश प्रसाद को अध्यक्ष, नंदू यादव को सचिव और मोती साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। इससे पहले ग्रामीणों की बैठक में कई तरह के कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। लेकिन चैता कार्यक्रम कराने पर ही लोगों की सहमति बनी। उसी कार्यक्रम पर ही उनके द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर अजय तूफानी, विवेकानंद, दिनेश राम, विजय साहू, दीनानाथ पांडे, दिलबर कुमार, महेश्वर राम, प्रमोद कुमार, अजय ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मौके पर अजय तूफानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राधक?ष्ण मंदिर भविष्य में शादी विवाह कार्यक्रम के लिए एक बेहतर स्थल होगा। मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मंदिर परिसर में बैठने उठने के साथ-साथ खेलकूद करने के लिए भी पर्याप्त जगह है । मंदिर में बहुत तेरे भक्त लोग प्रत्येक दिन पूजन कार्य को लेकर पहुंचते हैं।

## शाम होते ही बालू के उठाव में जुट जाते हैं आधा दर्जन ट्रैक्टर

# सोन नदी से बालू लूट की छूट

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**
ओपी क्षेत्र के श्रीनगर स्थित सोन नदी से अवैध तरीके से बेखौफ बालू लूट की छूट है। यह कारनामा पिछले कई दिनों से धड़ल्ले से बेरोकटोक जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से साम होते ही आधा दर्जन ट्रैक्टर सोन नदी से बालू का उठाव कर रहे हैं।

स्थानीयता की दबंगता दिखाते हुए कभी कभी दिन में भी सरेआम सोन नदी से बालू की चोरी की जा रही है। अवैध बालू उठाव की सूचना के बाद जब हमारे प्रतिनिधि ने उसकी पड़ताल की तो श्रीनगर सीडी के सामने सोन नदी में करीब दो सौ फीट की परिधि में करीब आठ से दस फिट गड्ढा कर बालू उठाव किया गया है। यह गड्ढा स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन सकता है। सूखे बालू के धंसने से बच्चों के दबने की आशंका के अलावा बरसात के दिनों में गड्ढे में पानी भरने से खतरा उत्पन्न हो सकता है। पिछले कई दिनों से सोन नदी से बालू का उठाव कर दरीदह गांव स्थित एलएनटी कंपनी में ऊंचे दाम पर बालू बेचा जा रहा है।



इसकी पुष्टि एलएनटी में काम करने वाले एक नाइट गार्ड ने किया। नाम नहीं छापने की शर्त पर नाइट गार्ड ने बताया कि रोज रात में पास की नदी से बालू की चोरी कर कंपनी में सप्लाई की जाती है। गौरतलब हो कि सोन नदी से पाइप लाइन के माध्यम से जिले भर में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी सप्लाई का काम किया जा रहा है। एलएनटी कंपनी में फिलवक्त जय इंटरप्राइजेज के माध्यम से लोहे के बड़े पाइप में बालू सीमेंट मिक्स कर पाइप के अंदर व बाहरी सतह पर परत चढ़ाया जा रहा है। इसमें पिछले कई दिनों से भरी मात्रा में बालू का उपयोग किया जा रहा है। उसके बाद उस पाइप को जमीन के अंदर शिफ्ट किया जाता है। पाइप लाइन की काम में भारी मात्रा में बालू की प्रतिदिन खपत होती है। अब सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी कंपनी को चोरी की बालू से काम करने की क्या मजबूरी है। अवैध बालू उपयोग करने से कंपनी की साख बार बट्टा लगने के अलावा सरकार को भारी राजस्व का लगातार नुकसान हो रहा है। इस खेल में स्थानीय लोगों के अलावा कंपनी के लोगों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिले में अवैध उत्खनन के लिए गठित टीम के अलावा स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला खनन विभाग को भी अभी तक इतनी बड़ी चोरी की कोई खबर नहीं है। बालू कारोबारी की दबंगता और बालू के एवज में मन माफिक रुपया वसूलना भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं रात भर ट्रैकर चलने से श्रीनगर गांव के लोगों की नींद हराम हुआ है। उस मामले में जय इंटरप्राइजेज के कर्मी सचिन कुमार ने बताया कि पाचाडुमर बंदोबस्ती की बालू घाट से बालू आता है। सोन नदी की बालू नहीं लेता। उधर, पाचाडुमर बालू घाट के कर्मी संजय पांडे ने कहा कि 30 मार्च से ही बालू घाट बंद है। पाचाडुमर से बालू दरीदह स्थित पाइप लाइन के काम में नहीं जा रहा। इस संबंध में कांडी सीओ अजय कुमार दास ने बताया कि छापेमारी कर अवैध बालू उठाव पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

## श्री बंशीधर नगर ट्रॉमा सेंटर में निशुल्क सेवा देंगे सेवानिवृत्त सीएस

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला का एकमात्र ट्रॉमा सेंटर अस्पताल डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है.डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए अवकास प्राप्त चिकित्सा अधीक्षक कन्हैया प्रसाद सिंह खुद को अस्पताल से जोड़ने के प्रयास में है.कन्हैया प्रसाद सिंह ने निशुल्क सेवा देने पर सहमति दी है। गढ़वा के आवकास प्राप्त चिकित्सा पधाधिकारी कन्हैया प्रसाद सिंह अब श्री बंशीधर नगर स्तिथ ट्रॉमा सेंटर में निशुल्क सेवा देंगे। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज जैसे आर्थराइटिस, लकवा, गठिया, पीठ दर्द, जोड़ो का दर्द, कमर दर्द इत्यादि जैसी बीमारियों का निशुल्क इलाज करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में अल्ट्रासाउंड व विभिन्न तरह की जांच भी ट्रॉमा सेंटर में निशुल्क होने लगेंगी, जिससे असहाय रोगियों को किसी प्रकार का कष्ट नहीं झेलना पड़ेगा।



# मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
खरौंधी थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ निवासी नीतीश कुमार 20 वर्ष, अभिषेक कुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायलों के परिजन ने बताया कि यह लोग अपने घर से भवनाथपुर परीक्षा देने आ रहे थे। उसी बीच भवनाथपुर से पहले एक कुत्ता उनके बाइक के सामने आ गया। जिससे वे अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में दोनों घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

# वृद्धा की भूमि मामले में सीमांकन की मांग

## जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी ने अनुमंडल पदाधिकारी से पत्र लिखा

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने भवनाथपुर चेक नाका के पास वृद्ध महिला शिवकलिया कुंवार का मकान गिराने के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखकर चेक नाका के पास वन परिसर भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है। बता दें कि जिप सदस्य अंचल निरीक्षक इंतखाब आलम द्वारा स्थानीय जांच में सभी पंचायत प्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष स्थल निरीक्षण में शामिल हुई थी।

स्थल निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा यह बताया गया कि वृद्ध महिला के पति वन विभाग में दैनिक मजदूरी पर कार्य करते थे। उन्हें वन विभाग द्वारा भवनाथपुर वन परिसर क्षेत्र अंतर्गत प्लॉट संख्या 03 में रकबा 02 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराकर मकान बनवाया गया था। वृद्ध महिला उस समय से इसी भूमि में बने मकान में रहकर अपने नाती - नातिन के साथ गुजर बसर करती आ रही थी। इसी भूमि पर भूमाफिया द्वारा न्यायालय में वृद्ध महिला की अज्ञानता एवं गरीबी के कारण अपना पक्ष नहीं रखने से एकपक्षीय आदेश के आलोक में 14 अप्रैल 2023 को मकान को ध्वस्त कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा जांच के क्रम में बताया गया कि भूमाफिया द्वारा वृद्ध महिला का मकान तो गिरा दिया गया परंतु वन विभाग में बना वृद्ध महिला का आवासीय मकान एवं बहुत पुराना चालू सड़क को लेकर आक्रोशित ग्रामीण भूमाफिया को इस स्थल से खदेड़ कर भगाने में सफल रहे एवं विवादित भूमि पर दखल कब्जा नहीं होने दिया गया।

वन विभाग द्वारा वन परिसर की भूमि को सीमांकन कराने के लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सीमांकन कराने की मांग किए जाने की बात बताते हुए ग्रामीणों द्वारा पुनः जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी से वन विभाग की भूमि सीमांकन कराने की मांग की है।

# चिनिया थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाई

**संवाद सूत्र चिनियां (गढ़वा)**
चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव में सुरेंद्र लोहरा के 23 वर्षीय पत्नी रीता देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह मृतक महिला घर से निकली थी मजदूरी करने को लेकर लेकिन शाम होने तक घर नहीं लौटी। मंगलवार को गांव के लोगों ने जंगल में देखा महुआ के पेड़ में गांव की महिला अपनी ही साड़ी से गर्दन में बंधकर झूलती हुई मिली। घटना घर से 500 मीटर दूरी पर घटी है।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों ने पहुंचकर इसकी जानकारी चिनिया पुलिस को दी। पुलिस ने दल बल के साथ पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। बताते चलें कि चिनिया निवासी करमू लोहरा के 23 वर्षीय पुत्री रीता देवी ने 1 सप्ताह पहले अपने माता-पिता के साथ अपने मामा के यहां खुरी गांव महुआ चुनने के लिए गई हुई थी। रीता देवी की शादी चिनिया थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव में 4 वर्ष पूर्व रामचंद्र लोहरा के पुत्र सुरेंद्र लोहरा से हुई थी। उसका पति बाहर प्लांट में काम करने गया हुआ है। महिला का एक 2 वर्ष का बच्चा भी है। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया आत्महत्या लग रहा है। महिला खुद अपनी साड़ी से गर्दन में बंधकर फांसी लगाकर पेड़ से लटक गई है।

## मारपीट की घटना में एक युवक घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी राम विजय राम का पुत्र सोनू कुमार मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में सोनू कुमार ने आरोप लगाया है कि सोमवार की शाम वह अपने घर से गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया गांव अपने मामा सुरेश राम के यहां आया हुआ था। इसके बाद गांव मे ही एक पुल के पास शौच करने चला गया। वापस लौटने के बाद अपनी स्कूटी मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने पिता से बात कर रहा था। इसी दौरान राकेश चौधरी रमजान अंसारी सहित तीन अज्ञात लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

# सरकारी विद्यालय में कक्षा में पढ़ाई के दौरान बेहोश हुई छात्रा

**गढ़वा।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय सिंघीताली की सात क्लास की छात्रा रविता कुमारी पिता मुकेश भुईंया क्लास में पढ़ाई करने के दौरान अचानक से बेहोश हो गई। बाद में शिक्षकों ने छात्रा पर पानी की छींटा मारा तो उसे होश आ गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने बिना देर किये इसकी सूचना छात्रा के अभिभावक को दी। छात्रा की मां आकर उसे होश आने के बाद तथा अच्छा महसूस करने पर घर ले गई।


## उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।

लोहरदगा जिलान्तर्गत Category- II के श्रेणी A एवं श्रेणी B बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नम्बर | रकवा (हे0 में) | Est. Reserves Qty as per approved DSR (CM) | e- Tender Reference No :- | बेवसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गितिलगढ –खरता | कैरो | 1925 (P) 973, 59 | 4.67 | 70050 | MINES/GITILGARH-KHARTA/MDO/01/2023 | 19.04.2023 | 26.04.2023 11.00 बजे पूर्वाह्न तक | 27.04.2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा। |
| 2 | दोबा | कुडू | 1358(P), 1 (P) | 3.10 | 46500 | MINES/DOBA/MDO/02/2023 | | | | | |
| 3 | कोलसिमरी –ढोबा | कुडू | 2442(P) 387(P) | 4.65 | 69750 | MINES/KOLSIMRI-DOBA/MDO/03/2023 | | | | | |
| 4 | लावागाई –नदीनगढा | कुडू लोहरदगा | 1881(P) 1(1) | 3.61 | 89250 | MINES/LAWAGAIN-NADINAGRA/MDO/04/2023 | | | | | |
| 5 | हिरही–बाघा | लोहरदगा | 2644(P) 1(P) | 3.45 | 51750 | MINES/HIRHI-BAGHA/MDO/05/2023 | | | | | |
| 6 | हरमू–भक्सो | लोहरदगा | 1606(P) 2462(P) | 7.29 | 109350 | MINES/HARMU-BHAKSO/MDO/06/2023 | | | | | |
| 7 | सेन्हा–मेढो | सेन्हा | 5539(P) 1(P) | 7.09 | 106350 | MINES/SENHA-MEDHO/MDO/07/2023 | | | | | |
| 8 | जोगना–मेढो | सेन्हा | 1283(P) 1372(P) | 3.59 | 53850 | MINES/JOGNA-MEDHO/MDO/08/2023 | | | | | |
| 9 | जोगना –उगरा | सेन्हा | 1280(P) 1(P) | 8.80 | 132000 | MINES/JOGNA-UGRA/MDO/09/2023 | | | | | |
| 10 | उगरा –भडगांव | सेन्हा | 789(P) 1616(P) | 3.50 | 52500 | MINES/UGRA-BHARGAON/MDO/10/2023 | | | | | |
| 11 | कोराम्बे –कण्डरा | सेन्हा | 117(P) 1309(P) | 5.15 | 77250 | MINES/KORAMBE-KANDRA/MDO/11/2023 | | | | | |
| 12 | बरगांव–कैमो | लोहरदगा | 1 1100 | 3.03 | 36360 | MINES/BARGAON-KAIMO/MDO/12/2023 | | | | | |
| 13 | कैमो–भक्सो | लोहरदगा | 2114(P) 1(P) | 4.32 | 51840 | MINES/KAIMO-BHAKSO/MDO/13/2023 | | | | | |
| 14 | जूरिया–तिगरा | लोहरदगा | 3038(P) 1(P) | 17.02 | 255300 | MINES/JURIYA-TIGRA/MDO/14/2023 | | | | | |
| 15 | डांडू मेढो | सेन्हा | 2348 1377 | 16.79 | 251850 | MINES/DANRU-MEDHO/MDO/15/2023 | | | | | |
| 16 | एकागुडी मेढो | सेन्हा | 1480 881 | 13.31 | 199650 | MINES/EKAGURI-MEDHO/MDO/16/2023 | | | | | |
| 17 | कण्डरा कोराम्बे | सेन्हा | 1309(P) 1114(P) | 11.78 | 176700 | MINES/KANDRA-KORAMBE/MDO/17/2023 | | | | | |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई– निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
लोहरदगा

PR 295435 Lohardaga(23-24)#D


## राजनीति कार्यकर्ता संगठन की मजबूती पर ध्यान दें : तोमर

# श्रवन बने बसपा के जिला उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिले के ठाकुर महल में 15 अप्रैल को झारखंड बसपा प्रभारी एम एल तोमर के निर्देशानुसार गढ़वा जिला कमेटी का गठन किया गया। पिछले 30 मार्च को बहुजन समाज पार्टी की गढ़वा जिला कमेटी को अनुशासनहीनता के आरोप में भंग कर दिया गया था। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए नाम सामने आए। इसमें श्रवन कुमार कुशवाहा को निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष चुन लिया गया। अन्य पदों पर ज्यादा नाम होने के कारण चुनाव की अगली तारीख 7 मई 2023 कर दी गई है। बैठक में एम एल तोमर ने निर्देश देते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दें।



# बडकरीया नदी में बना पुल हुआ जर्जर, घट सकती है बड़ी दुर्घटना

## चतरा-हजारीबाग जिले को जोड़ता है पुल, भारी वाहनों का परिचालन बंद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**



जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत बडकरीया नदी सोकी में बने पुल की स्थिति जर्जर हो जाने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। नदी में बना पुल चतरा व हजारीबाग जिले को जोड़ता है। पुल जर्जर होने से भारी वाहनों का परिचालन बंद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2009-10 में हुआ था। लेकिन इतनी जल्दी पुल का जर्जर होना गुणवत्ता पूर्ण निर्माण को आईना दिखा रहा है। यहां तक कि पुल का पिलर जर्जर हो जाने के कारण पुल टेढ़ा होने के साथ झुकता जा रहा है। इससे ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को पुल से पार करने में भय लग रहा है। समय रहते अगर पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी दुर्घटना घट सकती है व जानमाल का नुकसान हो सकता है।

### ईद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना परिसर में मंगलवार को ईद उल फितर त्यौहार को शांति पूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह व संचालन अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक ने की। बैठक में ईद पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही त्यौहार के दौरान अफवाह फैलानेवाले व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही गई। बैठक में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रमुख अनीता देवी, सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता, जैरा बाखला, उपप्रमुख प्रीतम यादव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार दांगी आदि उपस्थित रहे।

## पीडीएस संचालकों संग डीएसओ ने की बैठक, लगाई फटकार

# खाद्यान्न वितरण को लेकर दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** प्रखंड सभागार में मंगलवार को गिद्धौर, कन्हाचट्टी व पत्थलगड़ा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिरजी ने समीक्षा बैठक की। इसमें प्रखंड वार खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए डीएसओ ने खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने वाले डीलरों को जमकर फटकार लगाई। इस क्रम में उन्होंने माह के 20 तारीख तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण करने व राशन कार्डधारियों को कम खाद्यान्न नहीं देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार निर्धारित समय तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण नहीं करते हैं तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। वहीं बैठक में उपस्थित गिद्धौर प्रमुख अनीता यादव ने दुकानदारों द्वारा खाद्यान्न वितरण में कार्डधारियों को कम अनाज व अनियमितता का मुद्दा उठाया। जिस पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों को खाद्यान्न वितरण में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले दुकानदारों के विरुद्ध स्पष्टीकरण मांगा गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, डीलर प्रमिला कुमारी, अवध दांगी, संतोष सिंह के अलावे तीनों प्रखंड के डीलर उपस्थित थे।



**NEWS इन ब्रीफ**

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, विधायक ने पहुंचवाया अस्पताल

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर सिकनी के पास एक एंबुलेंस व एक ट्रक में भिड़ंत हो गयी। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये हैं। चंदवा से लातेहार लौट रहे स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने घायलों को चंदवा अस्पताल पहुंचवाया। विधायक श्री राम के साथ चले रहे युवा नेता अंकित कुमार ने बताया कि विधायक चंदवा के हक्का ग्राम से लौट रहे थे। उन्होंने हक्का ग्राम में गत दिनों हैवानियत की शिकार हुई पीड़िता के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि हत्यारों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलायी जायेगी। पांडेय ने बताया कि चंदवा से लौटने के क्रम में जब उन्होन दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस व ट्रक को देखा तो अपना वाहन रोक कर घायलों को चंदवा भिजवाया।

### एनडीपीएस का फरार आरोपी उप्र से काबू

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना कांड के फरार एनडीपीएस आरोपी उत्तर प्रदेश के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ओबरी निवासी रामाश्रय वर्मा के पुत्र कन्हाय उर्फ कृष्ण कन्हाय वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इसकी गिरफ्तारी अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उत्तरप्रदेश अभियुक्त के गांव से किया गया। बताया गया कि अभियुक्त के विरुद्ध गिद्धौर थाना में वर्ष 2017 में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है और तब से आरोपी फरार चल रहा था। दो अन्य अभियुक्त इसके पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

### उर्स शरीफ का एहतमाम को लेकर तैयारी जोरों पर

**महुआडांड़।** नगर प्रतापपुर स्थित अनजान शाह दाता के मजार पर 26 अप्रैल को होने वाले सलाना उर्स शरीफ का एहतमाम को लेकर तैयारी जोरों पर है। मजार की रंगाई, पुताई जोरों पर है मजार परिसर की साफ सफाई की जा रही है। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुस्तकीम ने बताया कि करोना के कारण पिछले दो साल धूमधाम से नहीं मनाया गया, वहीं इस साल उर्स शरीफ धूमधाम से मनाया जायेगा।

## 11 अप्रैल को कुएं से वृद्ध का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ था

# कोरबा हत्याकांड में शामिल चारों अभियुक्त गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के मुंडू ग्राम में बीते 11 अप्रैल को वृद्ध रामप्रसाद कोरबा उर्फ गोरा पुजार उम्र 62 वर्ष का शव बरामद होने के बाद इस हत्या प्रकरण में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मंगलवार को छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहारा, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को थाना क्षेत्र के मुंडू ग्राम के बरवाटांड कुएं से क्षत विक्षत शव बरामद हुआ था। शव की पहचान लादी ग्राम निवासी रामप्रसाद कोरबा के रूप में हुआ था। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि हत्या का साक्ष्य छुपाने के लिए वृद्ध को मारपीट कर हत्या कर कुएं में दबा दिया गया था।

इस बाबत मृतक की पुतोहु फुलवा देवी उम्र 25 वर्ष पति मनबृक्ष कोरबा ने अपने ससुर राम वृक्ष कोरबा की हत्या किए जाने को लेकर एक मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करने को लेकर एक टीम गठन किया था। इसमें सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, छिपादोहर थाना के रंजीत राय एवं काशी माली के नेतृत्व में टीम गठन किया गया था। पुलिस टीम ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त 4 लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इसमें माधेसर लोहरा, उसके दो पुत्र विनोद लोहरा, लाल मोहर लोहरा, तीनों ग्राम लादी के रहने वाले व दीपक लोहरा पिता फुदेसर लोहरा ग्राम सेरेनदाग के रहने वाला को पकड़ा है। सभी अभियुक्त ने हत्या में अपना अपराध स्वीकार किया है। हत्या के कारणों में तंत्र मंत्र विद्या व पूर्व के जमीन विवाद मुख्य कारण बताया गया है। इसके अलावा अभियुक्तों ने बताया कि विनोद लोहरा का सात वर्षीय पुत्र चंदन लोहारा का कुआ में डूबने से हुई मौत के लिए रामप्रसाद कोरबा ही जिम्मेदार था। उसी ने तंत्र मंत्र विद्या से उसे पागल कर दिया था। पकड़े गए अभियुक्तों के बयान पर हत्या में प्रयुक्त डंडा तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया. पकड़े गए सभी सभी अभियुक्तों को लातेहार जेल भेज दिया गया।



### अस्पताल से मरीज की छुट्टी कराकर लौट रही एंबुलेंस ट्रक से टकराई

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर ब्रहमनी गांव के पास मारुति एंबुलेंस को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में लिया। एंबुलेंस के ट्रक के चपेट में आने से उसमें सवार कृष्णा राम पिता गुजर राम,प्रमिला कुमारी पिता कृष्णा राम दोनो बकोरिया पलामू एवं सुमित कुमार सिंह पिता स्वर्गीय छोटू सिंह एम्बुलेंस ड्राइवर घायल हो गए। घायलों के द्वारा बताया गया कि वे अपने मरीज रौशन कुमार को रिम्स से छुट्टी करवाकर अपने घ बकौरिया लौट रहे थे। इसी दौरान ब्रहमणी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने अपने चपेट मे ले लिया। दुर्घटना में एंबुलेंस सवार घायल हो गए जिन्हे ग्रामीणों की मदद से आटो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस चालक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों का इलाज अस्पताल में ही चल रहा था।



# पीड़ित परिवार से मिले माले-भाकपा प्रतिनिधि

## छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड की हुटाप पंचायत के हक्का गांव में बीते दिनों नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या किये जाने के बाद मंगलवार को भाकपा नेता प्रमोद साहु के नेतृत्व में एक टीम हक्का गांव पहुंची।

टीम में माले नेत्री एवं अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के सहायक राज्य सचिव नंदिता भट्टाचार्य पूर्व जिप सदस्य प्रत्याशी सपना देवी, किसान नेता प्रमोद साहू मोहम्मद अलाउद्दीन, माले नेता गोपाल प्रसाद शामिल थे जांच टीम ने पीड़ित परिवार के घर जाकर रूपा कुमारी के माता पिता मिले और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। टीम ने बच्ची के विद्यालय में भी जाकर जांच पड़ताल की और पूरी रिपोर्ट प्रेस के सामने रखी। नंदिता भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यता इस घटना के बाद झारखंड में बढ़ते महिला हिंसा और खासकर आदिवासी दलित महिलाओं के ऊपर बढ़ते यौन अपराध के साथ ही हत्याओं के कई मामले सामने आए हैं जो एक चिंता की बात है। इस तरह की घटना से सिर्फ महिलाओं और लड़कियों का मनोबल ही नहीं टूटता बल्कि आने वाले समय में लड़कियों की आजादी पर भी प्रश्न चिन्ह लगने की स्थिति पैदा कर रही है।

### विधायक ने पीड़ित परिवार को दिलाया न्याय का भरोसा

वहीं लातेहार विधायक बैधनाथ राम मंगलवार को प्रखंड के हक्का पहुंचे। राम मृतका के घर पहुंच कर परिजनों से मिले और संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राम ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जो भी अपराधी इस प्रकार के कार्य में शामिल होंगे उन्हें किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद की बात कही।

# बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा पंचायत एवं करमा पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं की जांच मंगलवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने की। इस दौरान मंझगावा पंचायत मुखिया मंजित सिंह करमा पंचायत मुखिया रामनाथ यादव बीपीओ राजीव रंजन सिंह मुख्य रुप से उपस्थित थे। जांच के दौरान बीडीओ ने मेढबंदी, टीसीबी एवं ढोभा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। बीडीओ ने रोजगार सेवक को योजना स्थल पर मजदूरों को पानी व अन्य जरुरत की सामग्री व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा एनएमएमएस के माध्यम से हाजरी बनाने व आधार से मजदूरों की मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। वहीं मंझगावा पंचायत रोजगार सेवक यदूनंदन राम के उपस्थित नहीं रहने के कारण बीडीओ ने स्पष्टीकरण की मांग की। मौके पर बीएफटी सुबोध सिंह उमेश कुमार रोजगार सेवक रुपेश कुमार सिंह उपस्थित थे।



### बूथ सशक्तिकरण को लेकर मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**बरवाडीह।** भाजपा मंडल कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंगलवार को मंडल कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह और जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने शिरकत की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख द्वारा मंडल कमेटी अंतर्गत आने वाले सभी बूथों को सशक्त बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ,प्रमुख सुशीला देवी ,उप प्रमुख बिरेंद्र जयवासल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, दीपक तिवारी, नंनदेव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 4 माह से नहीं मिला राशन, गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** सदर प्रखंड के पतरातू ग्राम के दर्जनों लाभुक मंगलवार को समाहरणालय पहुंचे। लाभुकों ने बताया कि गांव के सरस्वती महिला समूह के द्वारा जन वितरण प्रणाली की दुकान चलायी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चार माह से लाभुकों को राशन नहीं मिल रहा है। कई महिला लाभुकों ने बताया कि जब भी समूह से राशन की मांग की जाती है तो उनकी ओर से टाल मटोल किया जाता है। कहा जाता है कि अभी तक राशन का आवंटन नहीं आया है। वहीं इस मामले को लेकर जब लोगों ने दूसरे राशन डीलर से पूछताछ की तो पता चला कि राशन का आवंटन व उठाव नियमित हो रहा है। इसके बाद महिलाओं ने इसकी जानकारी समूह के सदस्यों को दी। इसके बाद वे लोग आग बबूला हो गये और धमकी देने लगे। इसके बाद लाभुक समाहरणालय पहुंचे।

**अनुमंडल पदाधिकारी ने जांच का दिया आश्वासन:** समाहरणालय में लाभुकों के पहुंचने की खबर मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। एसडीओ ने बताया कि लाभुकों ने आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में जांच करायी जायेगी। जांच में दोषी पाये जाने पर समूह पर कार्रवाई की जायेगी।




### डीसी की अध्यक्षता में हुई शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से नव चयनित शिक्षकों के पदस्थापन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा कुल 8 शिक्षकों के पदस्थापन के मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की आवयश्कता अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पदस्थापित किया गया। वहीं उपायुक्त ने स्कूली बच्चों पर बढ़ते गर्मी के प्रभाव पर चिंता जताते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों के टाइम टेबल को प्रतिकूल बनाने हेतु विशेष कदम उठाने की बात कही।

**खेलकूद** | लातेहार के आदर्श विशाल बने मैन ऑफ द मैच

# लातेहार ने गुमला को 54 रन से हराया

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** अंतर जिला अंडर 16 के चल रहे टूनार्मेंट के तीसरे मैच में लातेहार ने गुमला को 54 रन से पराजित किया। जहां लातेहार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 वे ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 193 रन ही बना पाई। इसमें आदर्श विशाल ने 38 गेंद पर 46, रौशन कुमार 41 गेंद 50 तथा उज्वल कुमार सिंह ने 34 गेंद पर 38 रन का योगदान दिया। गुमला की ओर से राहुल प्रसाद 3 तथा एकलव्य उरांव ने 4 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला ने 36वें ओवर में आदर्श विशाल तथा अमर उरांव की घातक गेंदबाजी आगे घुटने टेकते हुए 139 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई। गुमला की ओर से मंथन 50 गेंद पर 28, आयुष राज 45 गेंद पर 29 तथा हर्ष राज नाबाद 23 रन का योगदान दिया। लातेहार की ओर से आदर्श विशाल 6.1 ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट तथा अमर उरांव ने 9 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच लातेहार के आदर्श विशाल को मैच पर्यवेक्षक मो. सब्बीर द्वारा पुरस्कार दिया गया। मैच पर्यवेक्षक मो. सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे, जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, लाल आशीष नाथ सहदेव, दिलीप कुमार प्रसाद, अश्विनी सिंह, संजय गुप्ता, श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।




### वेबसाइट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**बरवाडीह।** डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज मेदिनीनगर में रांची की सॉफ्टवेयर कंपनी क्रिएटिव सॉफ्ट की ओर से वेबसाइट डेवलपमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद कुमार गुप्ता एवं कुणाल कुमार ने कंप्यूटर साइंस ब्रांच के स्टूडेंट्स को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में वेब डेवलपमेंट सेक्टर में करियर बनाने को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस ब्रांच के साथ-साथ मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के स्टूडेंट्स ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज मेदनीनगर के प्राचार्य डॉक्टर संजीव श्रीवास्तव, कंप्यूटर साइंस ब्रांच के विभाग प्रमुख डॉ विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।



# कार्यों में तेजी लाएं अफसर: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है।

बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित कार्यों की बिदुवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी व पिरामल टीम उपस्थित थे।



NEWS इन ब्रीफ

## मधुर मेडिकेयर में सैंकड़ों मरीजों की मुफ्त जांच



**लोहरदगा।** मधुर मेडिकेयर पतरा टोली के द्वारा शिविर आयोजित कर कुल 105 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। जांच शिविर में डॉक्टर विवेक मधुर हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नेहा ज्योति जेनरल सर्जन स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर एस के गुप्ता द्वारा इलाज किया गया। इसके अतरिक्त ब्लड शुगर, हड्डी का बी एम डी एम मशीन द्वारा रांची से आए विशेषज्ञ चिकित्सक ने जांच की। सभी तरह के मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त में दवा दी गई। शिविर को सफल बनाने में सावित्री मधुर, मुमताज अहमद, साहेब खलीफा, सुरेंद्र, प्रेमा, लीला, अचरज, सुशीला, ईशा, गुलाब, राहुल, अंगद, सूरज सुनीता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## थाना प्रभारी ने ब्यूटी पार्लर व सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया



**कैरो।** थाना मुख्यालय स्तिथ मोड़ पर मंगलवार को कैरो थाना प्रभारी हरिऔध करमाली ने अरिशफा ब्यूटी पार्लर व सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं ब्यूटी पार्लर के साथ सिलाई सेंटर से आसपास रहने वाली लड़कियों व महिलावाओं को सिलाई सिखाकर उन्हें स्ववलंबी बनाकर बेरोजगारी की समस्या से कुछ हद तक दूर किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं जो किसी अभाव के कारण शिक्षा पूर्ण नहीं कर पाते हैं वे सिलाई का काम कर काफी हद तक स्वयं को मजबूत कर सकती हैं।

## ठगी पीड़ित व अभिकर्ता निवेशकों की हुई बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा बाजारटांड में सुबोध महतो की अध्यक्षता में ठगी पीड़ित एवं अभिकर्ता निवेशकों की बैठक रखी गई। इसमें विभिन्न चिट फण्ड कंपनी के ठगी पीड़ित परिवार शामिल हुए। बैठक में कहा कि वड्स एक्ट 2019 अनियमित जमा पाबन्दी कानून 2019 के तहत हिंदुस्तान के पूरे राज्य के सभी जिलों में शील मोहर के साथ पावती दिया जा रहा है लेकिन सिमडेगा जिले में सिर्फ सही करके जा रहा है। पर ऐसे में कागज जमा करने पर पीड़ित लोगों को किसी प्रकार का कोई भी राशि वापस नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिमडेगा के उपायुक्त से कई बार मुलाकात करने की कोशिश की गई, लेकिन मुलाकात नहीं हो पा रही इस कारण हम परेशान हैं।

# कांग्रेस की इफ्तार पार्टी में दिया गया सामाजिक समरसता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

चालू पवित्र रमजान माह के मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में विशाल व भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें रोजेदारों के साथ आम व खास समेत गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इफ्तार पार्टी के माध्यम से समाज में सामाजिक समरसता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने सामूहिक नमाज अदा कर अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में स्थानीय विधायक सह झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, हिंडालको के अधिकारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ,डॉ अजय सहदेव, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशित, जायसवाल, वारिस कुरैशी, नेसार अहमद, जगदीप भगत, विशाल डुंगडुंग समेत बड़ी संख्या में रोजेदार कांग्रेसजन मौजूद थे।



# 1 घंटे तक ओपीडी में नदारद रहे डॉक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिले में एकमात्र बड़े हॉस्पिटल के रूप में सदर अस्पताल सिमडेगा जाना जाता है जहां पर लंबे समय से डॉक्टरों की कमी से अस्पताल जूझ रहा है। इसके बावजूद सरकार की ओर से किसी प्रकार की कोई भी ध्यान नहीं है। इसके कारण डॉक्टरों की समस्या आये दिन बनी रहती है मंगलवार को भी सुबह 9:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक ओपीडी शांतिपूर्ण तरीके से चली लेकिन 10:00 के बाद ओपीडी में बैठे डॉक्टर की ड्यूटी ठेठईटांगर में आयोजित हाइड्रोसील ऑपरेशन के लिए भेज दिया गया।

इसके बाद डॉक्टर वहां के लिए रवाना हो गये जिसके कारण सदर अस्पताल का ओपीडी प्रभावित हो गया और मरीज काफी परेशान होकर इधर-उधर भटकने पर मजबूर हो गए। मामले की जानकारी जब सिविल सर्जन को हुई तो उन्होंने स्वयं आकर मरीजों का इलाज करते हुए नजर आए।साथ मे जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी साह भी मरीजों का इलाज करते हुए देखें गए। बाद में उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार ने आकर ओपीडी संभाला जिसके बाद सुचारू रूप से ओपीडी चलती रही। इस मामले में सिविल सर्जन ने कहा कि बार-बार सरकार से डॉक्टरों की मांग की जाती है लेकिन सरकार की ओर से अब तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है जिसके कारण सदर अस्पताल में परेशानी बनी रहती है।



## सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक ने मासिक क्राइम गोष्ठी में अफसरों को दी हिदायत

# त्योहार पर विशेष निगरानी रखें

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

पुलिस अधीक्षक सौरभ ने मंगलवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी लोक अभियोजक अमित श्रीवास्तव के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को न्यायालय द्वारा सुनाए गए सजा एवं साक्षी अभाव पर जमानत हुए लोगों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए केस डायरी को सही तरीके से मेंटेन करने एवं अपराधी ना बचे इस सभी चीजों को लेकर आवश्यक जानकारियां दी। इसके बाद एसपी ने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारियों से थाना वार अप्रैल महीने में दिए गए टास्क एवं अब तक हुए कार्यों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की एवं उन्होंने थाना प्रभारियों को बेहतर पुलिसिंग करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो सब इंस्पेक्टर मैथ्यू एक्का एवं वीरेंद्र शर्मा को बेहतर पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया।

इसके अलावा नेशनल क्राइम ब्यूरो की ओर से सिमडेगा के रोशन कुमार सब इंस्पेक्टर को प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसके लिए एसपी ने उन्हें भी सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने बताया कि आगामी ईद पर्व को लेकर जिले में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। नमाज अदा करने वाले क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी रखी जाएगी ताकि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न हो सके। इसके अलावा जिले में अपराधिक गतिविधियों को अंकुश लगाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य किए जाएंगे। वर्तमान में हुए जो भी घटनाएं हैं उनकी समीक्षा करते हुए कार्य किए जाएंगे ताकि सिमडेगा को उग्रवाद मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि जो भी अपराधिक तत्वों के लोग हैं उनके ऊपर नजर रखते हुए किस प्रकार अंकुश लगाया जाए इस पर भी समीक्षा की जाएगी। साथ ही जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उसे भी अपील की जाएगी। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई भी सूचना मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को करें। जिले में विकास कार्य चल रहे हैं। ऐसे जगहों पर संवेदकों से किसी प्रकार का कोई भी फोन या धमकी मिलती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस लगातार समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षा मुहैया कराएगी ताकि कार्य शांतिपूर्ण तरीके से हो और किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने थाना प्रभारियों को कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी दिशा निर्देश दिए।

**ईद पर्व को लेकर सिमडेगा थाना में शांति समिति की बैठक आज :** सिमडेगा थाना परिसर में बुधवार को होने वाली शांति समिति की बैठक की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने बताया है कि सिमडेगा में शांतिपूर्ण माहौल में ईद का पर्व संपन्न हो इसको ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों, सभी जनप्रतिनिधियों एवं सभी समुदाय के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य लोगों को बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

**कैरो थाना में शांति समिति की बैठक हुई : कैरो / लोहरदगा :** थाना परिसर कैरो में मंगलवार को ईदुलफितर त्योहार को लेकर अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, थाना प्रभार प्रभारी हरिऔध करमाली व पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर मिलजुलकर आपसी प्रेम भाईचारे के साथ शांति पूर्वक त्योहार मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र के लोगो को बधाई देते हुए मिलजुलकर त्योहार मनाने की बात कही।



## युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

# प्रेमी की मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में क्षेत्र के ढोड़ा टोली बस स्टैंड निवासी कलावती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कलावती देवी के विरुद्ध महिला थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वहीं गिरफ्तार महिला का पुत्र राजकुमार साहू महिला थाना कांड संख्या 28/ 22 में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत जेल की हवा खा रहा है। कलावती देवी की गिरफ्तारी शहर में चर्चा का विषय है। कलावती देवी का पुत्र राजकुमार साहू(28) का सदर थाना क्षेत्र के जोरी आनंदपुर गांव निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लंबे समय तक यौन शोषण के बाद युवती ने विवाह के लिए राजकुमार साहू पर दबाव बनाया। इस पर प्रेमी राजकुमार साहू विवाह करने से मुकर गया। युवती ने विवाह के लिए राजकुमार साहू के परिजन से संपर्क किया। प्रेमी के परिजन भी विवाह करने से मुकर गए। युवती द्वारा प्रेमी राजकुमार साहू से गहरा प्रेम करने का दावा किया गया। इस पर राजकुमार साहू की माता कलावती देवी ने प्यार को साबित करने के लिए युवती को कुएं में डूब कर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि, कुएं में डूब कर अपना प्यार साबित करो तभी वह अपने पुत्र से विवाह कराएगी। इस पर युवती ने निकट के कुएं में छलांग लगा दी। हो हंगामा के बीच पहुंचे बस्ती वालों ने तत्काल उसे कुएं से बाहर निकाल कर युवती की जान बचा ली। बावजूद युवती से राजकुमार साहू का विवाह कराने से परिजनों ने मना कर दिया।

इस मामले को लेकर पीड़िता ने महिला थाना कांड संख्या 28 / 22 दर्ज कराई। महिला थाना की पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमी राजकुमार साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## धर्मदेव बने कुडू विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक

**कुडू।** प्रखंड संसाधन केंद्र कुडू से जारी कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 74 के द्वारा पारा शिक्षक धर्मदेव प्रसाद को राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू का प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयमंगल लोहार ने धर्मदेव प्रसाद को उक्त विद्यालय कुडू के प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य संचालन करने की जिम्मेवारी सौंपते हुए इसकी प्रतिलिपी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी सूचनार्थ भेजी है।

# अंचलाधिकारी ने हाथी पीड़ितों से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखंड के समसेरा रामटोली गांव में जंगली हाथियों से पीड़ित परिवारों से अंचल अधिकारी बलिराम माँझी ने मंगलवार को मुलाकात की। इस मौके पर बताया गया कि लरंगु मांझी के घर को जंगली हाथियों ने पूरी तरह से उजाड़ दिया है जो वर्तमान में रहने लायक भी नहीं है। अंचल अधिकारी बलिराम माझी ने घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। बताया गया कि पूर्व में लरंगु माँझी के घर को दो बार जंगली हाथियों ने उजाड़ दिया था, किन्तु उनका आधार कार्ड नहीं होने के कारण वह सरकारी लाभ से वंचित हो रहा है। अंचल अधिकारी ने कहा कि सबसे पहले आवश्यक सभी कागजात तैयार किया जाएगा। इसके बाद प्रावधान के अनुसार सरकारी लाभ दिया जा सकेगा इस मौके पर वार्ड सदस्य विपिन किशोर खेस ने कहा कि लरंगु माझी को रहने के लिए आवास की अति आवश्यकता है इन्हें आवास के साथ मुवावजा मिलना चाहिए।



## बोलबा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**बोलबा।** प्रखंड के आलिंगुड कटहल टोली गाँव में भाई-भाई के बीच मार-पीट में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे बोलबा अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार आलिंगुड कटहल टोली गाँव में प्रदीप सिंह एवं उनके भाई अजित सिंह एवं राजन सिंह के बीच राशन के चावल एवं रुपये की लेन-देन को लेकर आपसी झगड़ा हुआ। झगड़ा बढ़ता गया और दो भाईयों ने मिलकर प्रदीप सिंह को मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया इस संबंध में बोलबा थाना को सूचना दे दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवा कांग्रेस ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला यूवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। जिला प्रभारी रोहित उरांव ने कहा कि यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया, जो कि भारतीय युवा कांग्रेस का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसके तहत आम एवं सामान्य पृष्टभूमि वाले प्रतिभाशाली युवाओं को राजनैतिक मंच मुहैया कराया जाता है। इस मंच के जरिए युवाओं को युवा कांग्रेस का प्रवक्ता बनने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में सिमडेगा जिला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवाओं को यह मंच दिया जाएगा। मौके पर झारखंड, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव वारिस रजा ने भी कांग्रेस के नीति सिद्धांत से जुड़कर गांव, समाज और देश की प्रखर आवाज बनने हेतु आमंत्रित किया। उनके साथ युवा कांग्रेस सिमडेगा के सोशल मीडिया संयोजक, चंदन कुमार सिंह ने इस संबंध में अपनी बातें रखीं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुमला जिला महासचिव जय सिंह, गौरव भारद्वाज, राहुल तिर्की, सूरज कुमार, रोहित सिंह, लखन मांझी महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## आचार्य कार्यशाला का किया गया आयोजन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में प्राचार्य द्वारा अध्यापन कौशल को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में पर्सनालिटी डेवलपमेंट और ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिक्षण देने के महत्व को बताया गया। तृतीय सत्र में डायरी की उपयोगिता पर चर्चा की गई। चतुर्थ सत्र संगणक विशेषज्ञ कुणाल प्रसाद साहू द्वारा लिया गया। कार्यशाला में प्रीति गुप्ता, नीतू, रश्मि साहू, रेणु, यशोदा, चेतना प्रिया, कविता, स्नेहा शर्मा, ऋद्धि मिश्रा आदि ने भाग लिया।

## आस्था | यज्ञ स्थल की परिक्रमा करने के लिए उमड़ रही भीड़

# महायज्ञ में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड के भौरों गांव में सात दिवसीय श्री पंचकुंडत्मक शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा के पांचवें दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्मित मंदिर में आचार्यों के वैदिक मंत्रोचार के बीच ग्रामीणों द्वारा की गई। भौरों गांव में 15 वर्ष पूर्व शिव मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। तब से भौरों गांव के लोगों के बीच शिव मंदिर निर्माण एवं शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करने की सपना बना हुआ था। लंबे समय के बाद भौरों गांव के लोगों का यह स्वप्न पूरा हुआ। मंदिर निर्माण की पूर्ण होने पर शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे उत्साह पूर्ण वातावरण में यज्ञ के आयोजन कर शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर यज्ञ को लेकर आसपास के क्षेत्र में भक्ति पूर्ण वातावरण बना हुआ है। यज्ञ स्थल पर रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

दिनभर यज्ञ स्थल की परिक्रमा एवं पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। संध्या समय विद्वानों का धर्म कथा प्रवचन सुनने के लिए लोगों का भीड़ बना हुआ है। रात्रि 8 बजे से रासलीला का आयोजन यज्ञ स्थल पर किया जा रहा है। इस अवसर पर भौरों में लोगों का श्रद्धा भक्ति उमड़ रही है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शिवलिंग की नगर भवन स्थानीय लोगों द्वारा जोश व उल्लास के साथ किया गया। नगर भ्रमण में सभी लोग शामिल हुए।

मौके पर यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन भंडारा आयोजित किया जा रहा है। उनके साथ युवा कांग्रेस सिमडेगा के सोशल मीडिया संयोजक, चन्दन कुमार सिंह ने भी गाँव के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को कांग्रेस, से जुड़ने और उसके नीति सिद्धांत को साथ लेकर गांव समाज का सेवा करने हेतु अपील किया।



## कैरियर परामर्श मार्गदर्शन केंद्र सिमडेगा में ताला तोड़कर चोरी

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद समीप बने कैरियर परामर्श मार्गदर्शन केंद्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वहां रखे सामानों की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह लगी। कार्यालय के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई इस मामले में परामर्श केंद्र के संदीप कुमार ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि की कैरियर परामर्श सह मार्गदर्शन केंद्र सिमडेगा में बीती रात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कार्यालय में ताला तोड़कर सामानों की चोरी कर ली है। इसमें पता चला है कि कार्यालय का सामान बिखरा हुआ है और वह ताला टूटा हुआ है बताया गया कि इसमें मॉनिटर, सीपीयू ,कीबोर्ड माउस सहित कई कागजात गायब है जिसकी कीमत करीब 49000 बताई गई है।

# आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष का आरोप सरकार का जनता से सरोकार नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आजसू पार्टी सिमडेगा के ठाकुर टोली स्थित जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सिमडेगा में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य की जो हालत है वह किसी से छिपा हुआ नहीं, जिस तरह से सरकार जनता को गुमराह करके सत्ता में आई है कहीं ना कहीं जनादेश को बहुत बड़ा झटका लगा। आज सभी जगहों पर भ्रष्टाचार ही नजर आती है जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। वर्तमान समय में सरकार आम जनता से किसी प्रकार का सरोकार ना रखते हुए सिर्फ जेब भरने में लगी हुई है और वर्तमान राजनीतिक हालात एवं जनमानस के अंदर व्याप्त निराशा को ध्यान में रखते हुए आजसू पार्टी द्वारा 23 अप्रैल को राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च नाची में आयोजित करेगी। इसमें सिमडेगा से भी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके अलावा 25 अप्रैल को शहीद गंगा नारायण सिंह जयंती का आयोजन सिमडेगा जिला कार्यालय में किया जाएगा। वहीं 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति महासभा का साहिबगंज भोगनाडीह में सम्मेलन होगा जिसमें जिला टीम शामिल होगी। 30 अप्रैल को अनुसूचित जाति महासभा का राज्य स्तरीय सम्मेलन चतरा में होगा। 7 मई को सिमडेगा में जिला सम्मेलन छात्र संगठन का किया जाएगा। 6, 7 एवं 8 अक्टूबर को केंद्रीय महाधिवेशन रांची में होगा। बैठक में जिला सचिव विकास बड़ाइक जिला, उपाध्यक्ष डेनिस बड़ा, जिला छात्रसंघ अध्यक्ष संतोष कुमार बड़ाइक, सिमडेगा प्रखंड सचिव देवेंद्र साहू, छात्रसंघ मीडिया प्रभारी विशाल बड़ाइक, सोनू साहू उपस्थित थे।



### टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर एमओयू हुआ साइन

# लखनऊ-हरदोई में 1000 एकड़ में बनेगा पार्क

## यूपी के कामगारों में जो हुनर है वह कहीं और नहीं : गोयल



**एजेंसी। लखनऊ**
केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश के कामगारों के हुनर में जो शक्ति है, वह कहीं और नहीं है। पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान(पीएम मित्र) योजना के तहत मंगलवार को यहां लोकभवन में वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य एवं कपड़ा केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ एवं हरदोई जिले में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए एमओयू साइन हुआ है। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कामगार स्किल्ड हैं। उनकी स्किल में जो शक्ति है, वह किसी और राज्य में नहीं है। उत्तर प्रदेश अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक होने से माहौल बदला है। उत्तर प्रदेश में तेज गति से एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। कॉरिडोर स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 घंटे प्रदेश के विकास कार्य को बढ़ाने में लगे हुए हैं। जो एयरवेज, हाईवेज, एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश में हैं, वह अद्भुत हैं। आपने सुना होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन चीजों पर जोर देते स्पीड, स्केल और स्किल यानी की गुणवत्ता के आधार पर कार्य, देश और उत्तर प्रदेश में अब हो रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का सपना देख रहा है। उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मैंने उप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को देखा था। बहुत सारे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मैंने देखे हैं, लेकिन जो उत्साह उत्तर प्रदेश में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देखने को मिला, वह कहीं और नहीं देखने को पाया। यहां निवेशक भी उत्साहित थे। यह सिलसिला प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री रहते हुए गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात के रूप में शुरू किया था। वहां देश-विदेश के निवेशकों को जुटाया गया था। गुजरात से शुरू हुआ सिलसिला आज अन्य प्रदेशों में अपनाया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संयुक्त प्रयास से जो विकास उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है, वह अपने आप में अभूतपूर्व है।

# शेयर बाजार में आई गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी मंगलवार (18 अप्रैल) को लगातार दूसरे दिन भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 183 अंक की गिरावट के साथ 59,727 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 46 अंक फिसलकर 17,660 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयरों में तेजी और 15 में गिरावट देखने को मिली। इससे पहले सोमवार को भी शेयर बाजार में गिरावट रही थी। आज के ट्रेड में क्ळ, फार्मा, मेटल्स, हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में तेजी रही। एनर्जी, एफएमसीजी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस जैसे सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में अच्छी तेजी देखने को मिली है। आज अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 9 में गिरावट और सिर्फ 1 में तेजी देखने को मिली है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80% की गिरावट रही। अंबुजा सीमेंट का शेयर 2.18% लुढ़का। वहीं अडाणी टोटल गैस के शेयर में 0.22% की तेजी रही। एवालॉन टेक्नोलॉजीज के शेयरों की लिस्टिंग हो गई है। एवलॉन टेक्नोलॉजीज का शेयर 431 रुपए पर लिस्ट हुआ है। इसका इश्यू प्राइस 415-436 रुपए प्रति शेयर था। यह आइपीओ 2.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। सोमवार को लगातार 10 दिनों की खरीदारी के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कैश मार्केट में 533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# वित्त वर्ष में भारतीय टेलीकॉम के लिए पोस्टपेड ग्राहकों की बढ़ेगी हिस्सेदारी

**एजेंसी। चेन्नई**
मोबाइल फोन उद्योग को वित्त वर्ष 2023 में पोस्टपेड ग्राहकों की संख्या लगभग 12 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टैरिफ के पुनर्मूल्यांकन,असीमित 5जी डेटा, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) कंटेंट की व्यापक रेंज और पोस्टपेड और प्रीपेड औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता (एआरपीयू) के बीच अंतर कम हो रहा है। सीआरआईएसआईएल रेटिंग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सीआरआईएसआईएल ने कहा कि कुल वायरलेस मोबाइल ग्राहकों में पोस्टपेड ग्राहकों की हिस्सेदारी इस वित्तीय वर्ष में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, दूरसंचार कंपनियों (टेल्कोस) द्वारा पोस्टपेड टैरिफ के हालिया पुनर्मूल्यांकन से सहायता प्राप्त होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि असीमित 5जी डेटा और पोस्टपेड और प्रीपेड मासिक औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता (एआरपीयू) के बीच अंतर को कम करने के साथ-साथ नए टैरिफ के तहत चुनिंदा योजनाओं द्वारा पेश की जाने वाली ओवर-द-टॉप (ओटीटी) कंटेंट की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रमुख समर्थक होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023 में सेक्टर का पोस्टपेड एआरपीयू घटकर लगभग 245 रुपये रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2021 में लगभग 275 रुपये था। इस बीच, प्रीपेड एआरपीयू लगभग 130 रुपये से बढ़कर लगभग 170 रुपये हो गया, जिससे वित्त वर्ष 2021-2023 के दौरान पोस्टपेड और प्रीपेड एआरपीयू के बीच का अंतर लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया। वित्त वर्ष 2017-2021 में सपाट रहने के बाद, पिछले दो वित्तीय वर्षों में पोस्टपेड ग्राहकों की हिस्सेदारी में लगभग 300 आधार अंकों की वृद्धि हुई है।



# टाटा अल्ट्रोज सीएनजी कार का लॉन्च आज




**एजेंसी। नई दिल्ली**
टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज का सीएनजी वर्जन लॉन्च करने की घोषणा कर दी है। कंपनी ने अल्ट्रोज सीएनजी का पहला टीजर जारी किया है। इसमें कार को 19 अप्रैल को लॉन्च करने की जानकारी दी है। टाटा अल्ट्रोज सीएनजी की सबसे खास बात ये है कि ये देश की पहली कार होगी, जो ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी के साथ आएगी। इस टेक्नोलॉजी में 60-लीटर की क्षमता वाला एक ट्विन-सिलेंडर टैंक सेटअप (30-30 लीटर के दो सिलेंडर) मिलेगा। इससे कार के बूट स्पेस में कोई कमी नहीं होगी। हालांकि कंपनी की ओर से अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अल्ट्रोज के पेट्रोल वर्जन में 345 लीटर का बूट स्पेस मिलता है। कंपनी ने कार को ऑटो एक्सपो 2023 में शोकेस किया था। टाटा ने फरवरी 2022 में टियागो सीएनजी और टिगोर सीएनजी लॉन्च कर इस सेगमेंट में एंट्री की थी। कार में 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन दिया गया है जो 84बीएचपी की पावर और 113ठे का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं सीएनजी मोड पर ये इंजन 76बीएचपी और 97एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया जाएगा, जबकि रेगुलर पेट्रोल वेरिएंट के साथ 5-स्पीड एएमटी गियरबॉक्स का ऑप्शन भी मिलता है। अल्ट्रोज के सीएनजी वर्जन में टियागो आई सीएनजी के बराबर ही 26-27 किमी/किलोग्राम की माइलेज का दावा किया जा सकता है। कार के फीचर की बात करें तो इसमें पेट्रोल वर्जन के समान ही एपल कार प्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी, ऑटोमेटिक एसी, रिवर्स पार्किंग कैमरा, 7-इंच टीएफटी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप के साथ 7-इंच हर्मन इंफोटेनमेंट सिस्टम मिल सकता है।

# रेजरपे ने सलाहकार बोर्ड का किया गठन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
फुल-स्टैक भुगतान और बैंकिंग प्लेटफॉर्म रेजरपे ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने कॉपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड का गठन किया है, इसमें आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर एन.एस. विश्वनाथन अध्यक्ष बने। कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक अरिजीत बसु, पूर्व दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन, और पूर्व सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय सलाहकार बोर्ड के के.पी. कृष्णन को सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। रेजरपे के




सीईओ और सह-संस्थापक हर्षिल माथुर ने कहा,अब हमारे विकास के अगले चरण में व्यवसायों के लिए भारत के अग्रणी एंड-टू-एंड मनी मूवमेंट प्लेटफॉर्म के रूप में, हम ग्राहक-अनुभव और शासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए आगे की व्यवस्था करने के लिए एक मजबूत इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, यह उचित है कि हमारी जैसी कंपनियां भविष्य के लिए तैयार हैं और हमेशा बदलते फिनटेक वातावरण के अनुकूल होने के लिए चुस्त हैं। रेजरपे वर्तमान में देश भर में 10 मिलियन से अधिक व्यवसायों को सेवा प्रदान कर रहा है। नवगठित सलाहकार बोर्ड लंबी अवधि की रणनीति विकसित करने, चुनौतियों का अनुमान लगाने और शमन उपायों का सुझाव देने में रेजरपे की सहायता करेगा।

## डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश मॉइश्चर सील फॉर्मूले के साथ लॉन्च

**रांची।** जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड डेटॉल ने 99.99 प्रतिशत जर्म प्रोटेक्शन के साथ मॉइश्चर सील लाभ प्रदान करने के लिए अपने ऑरिजनल लिक्विड हैंडवॉश के फॉर्मूले को फिर से तैयार किया है। अतिरिक्त तत्वों के साथ तैयार किया गया, नया डर्मटॉलॉजिकली टेस्टेड डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश प्रत्येक उपयोग के बाद हाथों को नरमी और कोमलता का अहसास कराता है। धोने के बाद अपने पीछे हल्की सुगंध छोड़ जाता है। नए डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश के 200 एमएल पंप पैक की कीमत 79 रुपये और 675 एमएल के रिफिल पैक की कीमत 99 रुपये है।

# मारुति सुजुकी का लाइट कमर्शियल व्हीकल लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने अपग्रेडेड लाइट कमर्शियल व्हीकल सुपर कैरी मिनी ट्रक को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम के साथ मिनी ट्रक की सेफ्टी को बेहतर किया है। इसकी शुरूआती कीमत 5.15 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। मिनी ट्रक पेट्रोल और सीएनजी वैरिएंट में अवेलेबल है। नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ कंपनी एक नया उठऋ कैब चेसिस वैरिएंट भी लेकर आई है। मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गैसोलीन डेक और गैसोलीन कैब चेसिस वैरिएंट में भी उपलब्ध है। इसमें 1.2 लीटर का 4 सिलेंडर एडवांस्ड के-सीरीज डुअल जेट, डुअल श्ॅळ इंजन दिया गया है, जो 6,000 १स्र् पर 59.4‘ह की मैक्सिमम पावर और 2900१स्र् पर 104.4ठे मैक्सिमम टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। मिनी-ट्रक फ्रंट डिस्क जैसे सेफ्टी फीचर्स से लैस है और बेहतर गियर शिफ्ट के साथ बड़े स्टीयरिंग व्हील के साथ आता है।

## विदेश

# ताइवान 400 अमेरिकी एंटी शिप मिसाइल खरीदेगा

**एजेंसी। वॉशिंगटन**
ताइवान अमेरिका से 400 एंटी-शिप हारपून मिसाइल खरीदेगा। जमीन से मार करने वाली इन मिसाइल का इस्तेमाल वो चीन का मुकाबला करने के लिए करेगा। अमेरिका ने 7 अप्रैल को 400 एंटी-शिप मिसाइलों के लिए 1.17 बिलियन डॉलर (96 हजार करोड़ रुपए) के कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। हालांकि, इस दौरान पेंटागन ने ये नहीं बताया था कि कॉन्ट्रैक्ट किस देश के साथ साइन किया गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इन मिसाइलों का खरीददार ताइवान ही है। कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा के साथ पेंटागन ने बताया कि मिसाइलों का प्रोडक्शन 2029 तक पूरा हो जाएगा। इससे पहले ताइवान शिप से लॉन्च होने वाली हारपून मिसाइलें भी खरीद चुका है। इन्हें अमेरिका की बोइंग कंपनी ने बनाया था। ब्लूमबर्ग ने वर-ताइवान बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष रूपर्ट हैमंड-चैम्बर्स का हवाला देते हुए बताया कि एंटी-शिप मिसाइल के लिए भी बोइंग के साथ डील की गई है। वहीं इस कॉन्ट्रैक्ट से पहले कंपनी को हारपून कोस्टल डिफेंस सिस्टम से जुड़े लॉन्च इक्विपमेंट बनाने का भी 498 मिलियन डॉलर (4 हजार करोड़) का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। इसमें मोबाइल ट्रांसपोर्टर, रडार और ट्रेनिंग उपकरण शामिल हैं। पेंटागन ने इस मामले में कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि अमेरिका ताइवान को उसकी रक्षा के लिए जरूरी डिफेंस सर्विसेज देता रहेगा। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुन ली-फांग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मंत्रालय ने पहले ही इस खरीद को लेकर जानकारी दी थी। हमें पूरा भरोसा है कि डील तय कार्यक्रम के मुताबिक पूरी होगी। ताइवान 2020 में भी अमेरिका से हारपून मिसाइल खरीदने की इच्छा जाहिर कर चुका है। चीन ने 8 अप्रैल को ताइवान के फुजियान प्रांत के पिंगटन आईलैंड के पास 4 इलाकों में मिलिट्री ड्रिल शुरू की थी।

# ईद की छुट्टियों के दौरान मुझ पर हो सकता है एक और घातक हमला : इमरान खान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने खुलासा किया है कि उनके पास आगामी ईद की छुट्टियों के दौरान जमां पार्क, लाहौर में अपने आवास पर हत्या के एक और संभावित प्रयास के बारे में ठोस जानकारी है। उन्होंने दावा किया कि लाहौर से इस्लामाबाद तक सरकार विरोधी लंबे मार्च के दौरान पिछले साल वजीराबाद हमले के बाद से हत्या का यह दूसरा प्रयास होगा। खान ने ये दावे लाहौर हाई कोर्ट (एलएचसी) में दायर अपनी याचिका पर सुनवाई के दौरान किए, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज लगभग 121 प्राथमिकियों के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं करने और उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश मांगे गए थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख ने आरोप लगाया कि वजीराबाद में 'सुनियोजित' हमले के समान, 'वे'



एक और हत्या के प्रयास की योजना बना रहे हैं। खान द्वारा इस्तेमाल किया गया शब्द 'उनके' वह है जो वह सरकार, सुरक्षा और सैन्य प्रतिष्ठान के लिए है, जिस पर वह पहले अपनी सरकार को हटाने और फिर उसे खत्म करने के लिए उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते रहे हैं। पूर्व पीएम ने लाहौर हाई कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने और संबंधित अधिकारियों को उन्हें गिरफ्तार करने से परहेज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया ताकि वह 'ब्लडशेड' से बचा जा सके, जिसे 'उनके' द्वारा नियोजित किया गया है। खान ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के तहत मौजूदा गठबंधन सरकार की योजना उन्हें कैद करने की नहीं है, बल्कि उन्हें खत्म करने की है। उन्होंने कहा, अगर मेरे जमां पार्क आवास पर पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने फिर से हमला किया तो स्थिति बिगड़ जाएगी। जो लोग मुझे मारना चाहते हैं, वे सरकार में बैठे हैं और खून खराबा चाहते हैं। खान के वकील सलमान सफदर ने अदालत को बताया कि जब भारत और पाकिस्तान मुहर्रम के दौरान युद्धविराम की घोषणा कर सकते हैं, तो 'वे पुलिस अधिकारियों को ईद की छुट्टियों के दौरान इमरान खान को गिरफ्तार करने से क्यों नहीं रोक सकते?' वकील ने कहा, इमरान खान और शाहबाज गिल के दोनों मामलों में, पुलिस अधिकारियों को कोई भी कठोर उपाय करने से रोका गया था, लेकिन अधिकारियों ने अदालत के किसी भी आदेश का पालन करने की जहमत नहीं उठाई।

### कैलिफोर्निया के गुरुद्वारे में हुई गोलीबारी मामले में

# एके-47 व मशीन गन के हथियार के साथ 17 धराये

**एजेंसी। वाशिंगटन**
कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो काउंटी के एक गुरुद्वारे में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 20 से अधिक स्थानों पर छापेमारी भी की है। पुलिस ने अङ-47, हथकड़ी और कम से कम एक मशीन गन जैसे हथियार जब्त किए हैं।बता दें कि 16 अप्रैल को उत्तरी कैलिफोर्निया में 20 स्थानों पर तलाशी वारंट जारी कर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इन 17 आरोपियों में ज्यादातर स्थानीय सिख समुदाय के सदस्य थे। सटर काउंटी जिला अटार्नी जेनिफर डुप्रे ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो माफिया सदस्य हैं जो भारत में 'कई हत्याओं पर वांछित' हैं।कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सदस्य प्रतिद्वंद्वी आपराधिक सिंडिकेट का हिस्सा हैं। ये सभी सटर, सैक्रामेंटो, सैन जोकिन, सोलानो, योलो और मेरेड काउंटियों में पांच हत्याओं सहित कई हिंसक अपराधों और गोलीबारी के लिए जिम्मेदार हैं। इन समूहों के सदस्य कथित तौर पर 27 अगस्त, 2022 को स्टॉकटन सिख मंदिर में हुई सामूहिक गोलीबारी और 23 मार्च, 2023 को सैक्रामेंटो सिख मंदिर में हुई गोलीबारी में शामिल थे। सिख मंदिर में गोलीबारी की घटना पिछले महीने मार्च में दोपहर के लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर हुई थी। ये शूटिंग गुरुद्वारा सैक्रामेंटो सिख सोसायटी मंदिर में हुई थी। सैक्रामेंटो काउंटी शेरिफ के कार्यालय के प्रवक्ता अमर गांधी ने कहा कि ये शूटिंग हेट क्राइम से संबंधित नहीं है और ये घटना दो लोगों के बीच गोलीबारी है, जो एक दूसरे को जानते हैं।

## घटना

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भूस्खलन

# 20 ट्रक जमींदोज, दो की मौत, आठ घायल

**एजेंसी। पेशावर**
पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तोरखम सीमा क्षेत्र में भारी भूस्खलन में कम से कम दो अफगान नागरिकों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। इसके अलावा कई लोगों के लापता होने की खबर है। बचाव सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पेशावर, एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तोरखम सीमा क्षेत्र में भारी भूस्खलन में कम से कम दो अफगान नागरिकों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। इसके अलावा कई लोगों के लापता होने की खबर है। बचाव सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा के खैबर दर्रे से होकर जाने वाली मुख्य सड़क पर मंगलवार तड़के तेज आंधी के बाद भूस्खलन हुआ, जिससे माल ले जा रहे ट्रक दब गए। रेस्क्यू 1122 के सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि यह घटना अफगानिस्तान के पास सीमा क्षेत्र में तड़के लगभग 3:50 बजे हुई। भीषण भूस्खलन में कम से कम दो अफगान नागरिकों की मौत हो गई। आठ अन्य घायल हो गए और करीब 20 ट्रक जमीन में दब गए हैं। खैबर जिले के उपायुक्त अब्दुल नासिर खान के हवाले से कहा गया है कि भूस्खलन में दो अफगान नागरिक मारे गए हैं और अधिकारी शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा कम से कम आठ लोग घायल हो गए हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। अन्य अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन का मलबा काफी ज्यादा है और भारी मशीनरी के साथ हमारा बचाव अभियान जारी है। बता दें कि जिस जगह भूस्खलन हुआ है, वे सड़क पाकिस्तान को लैंड-लॉक्ड अफगानिस्तान से जोड़ती है। जो दक्षिण एशियाई देशों और मध्य एशिया के बीच व्यापार के लिए एक प्रमुख सड़क मार्ग है। इस बीच, अधिकारियों ने यह भी



कहा कि भूस्खलन के तुरंत बाद आग लग गई थी, क्योंकि चालक सहरी के लिए गैस चूल्हे पर खाना बना रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग पर अब काबू पा लिया गया है।

# नेपाल के माउंट अन्नपूर्णा में भारतीय पर्वतारोही लापता

**एजेंसी। काठमांडू**
सोमवार दोपहर नेपाल में 10वें सबसे ऊंचे पर्वत- माउंट अन्नपूर्णा पर चढ़ने का प्रयास करते हुए एक भारतीय पर्वतारोही लापता हो गए हैं। अभियान आयोजक के एक अधिकारी ने कहा कि 34 वर्षीय एक भारतीय पर्वतारोही सोमवार को नेपाल में माउंट अन्नपूर्णा से लापता हैं। भारत के राजस्थान के किशनगढ़ के अनुराग मालू (34) के रूप में पहचाने गए लापता पर्वतारोही का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान सोमवार दोपहर से जारी है। शेरपा ने कहा, लापता पर्वतारोही का पता लगाने के लिए हवाई खोज की जा रही है। उनकी स्थिति अभी भी अज्ञात है।



उन्होंने कहा कि कैंप 4 में पहुंचने के बाद अनुराग ने अपनी चढ़ाई छोड़ दी। अनुराग संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जागरूकता पैदा करने और कार्रवाई करने के लिए 8000 मीटर से ऊपर की सभी 14 चोटियों और सात शिखर पर चढ़ने के मिशन पर हैं।

ज्ञान की बात

जब कालदेव ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश की अमोघ शक्तियों का आह्वान कर बजरंग बली पर प्रहार किया तो देवी पार्वती, लक्ष्मी और सरस्वती चुप नहीं बैठी। उन्होंने भी अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर अमोघ शक्ति को भी तेजहीन कर दिया। उनमें मातृत्व की शक्ति जो थी।

– ठाकुरजी



# फिर गर्मी व बिजली..

***झारखंड*** में तापमान बढ़ने लगा है। इसके कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पारा और चढ़ेगा। लू और गर्म हवा के चलने से आम लोग हलकान हैं। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। अप्रैल में ही जब यह आलम है तो मई में क्या होगा? ऐसे में ये दो माह शादी विवाह के लिए अनुकूल माना जाता है। शादी के घरों में अभी से हाथ पांव फूलने लगे हैं। बहरहाल गर्मी और बढ़ने के पूरे आसार दिखने लगे हैं। राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। पलामू का तापमान 43 डिग्री पहुंच गया है। जाहिर है आने वाले दिनों में गर्मी और परेशानी का सबब बनेगी। ऐसे में फिलहाल राहत की संभावना नहीं है। हांलाकि मौसम विभाग ने बुधवार से कुछ हिस्सों में पानी की संभावना जतायी है। ऐसे में पलामू देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में माना जाता है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी बिजली की है। जो अभी से ही यहां दिखने लगा है। पलामू प्रमंडल में खपत के अनुसार बिजली आधी मिल रही है। कई इलाकों को 8 से 10 घंटे तक लोड शेडिंग किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी आ रही है। बिजली नहीं रहने के कारण कई इलाके में पानी की सप्लाई भी बाधित हुई है। जिले में खपत के अनुसार बिजली नहीं मिलने के कारण लोगों में अभी से ही आक्रोश देखा जा रहा है। पलामू में अकेले 55 मेगावाट के करीब बिजली की खपत है, लेकिन पलामू को फिलहाल 30 से 40 मेगावाट ही बिजली मिल पा रही है। गढ़वा जिला में 30 मेगावाट के करीब बिजली की खपत है, लेकिन 20 मेगावाट की करीब बिजली मिल रही है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि यह परेशानी हर साल होती है। लेकिन इससे निपटने के लिए अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। यही कारण है कि यह समस्या यथावत है। गर्मी की दस्तक देते ही प्रत्येक वर्ष बिजली की समस्या शुरू हो जाती है। इस समस्या पर कोई भी कुछ भी बोलने से परहेज करता है। उसके पीछे का सच यह है कि बिजली सप्लाई की कमी है। मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद कई इलाकों में लोडशेडिंग किया जाता है। वहीं, आवश्यकता अनुसार बिजली की उपलब्धतता नहीं हो पा रही है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भी समय-समय पर लोड शेडिंग की जा रही है। हालांकि झारखण्ड बिजली वितरण निगम की मानें तो इसके लिये पहले से निर्देश जारी कर दिया गया है। जिसमें कहा गया है, कि बिजली की आपूर्ति सामान्य बनाये रखना है। वहीं, बगैर निर्देश के लोड शेडिंग नहीं की जाये। वहीं, सेंट्रल पुल से लगभग 750 मेगावाट बिजली दी जाती है। एनर्जी एक्सचेंज प्रति दिन 100 यूनिट खरीदता है। वहीं, राज्य के सात जिलों में डीवीसी की ओर से बिजली आपूर्ति की जाती है। पलामू सहित राज्य के ग्रामीण इलाकों में बिजली संकट अधिक है। जहां, चार से पांच घंटे बिजली कटौती की जा रही है। हालांकि शहरी इलाकों मे बिजली संकट कम है। झारखण्ड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बगैर जागरूकता लाये खपत को कम नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इस विकराल समस्या से निजात के लिए एक बड़े कदम की जरूरत है। आइये इस दिशा में आगे हम-सब आगे बढ़ें।

**शादी के घरों में अभी से हाथ पांव फूलने लगे हैं। बहरहाल गर्मी और बढ़ने के पूरे आसार दिखने लगे हैं। राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। पलामू का तापमान 43 डिग्री पहुंच गया है।**

# तोता नहीं, गरूड़ बन गई है सीबीआई





सियाराम पांडेय शांत

***किसी*** भी संस्था की षष्टिपूर्ति मायने रखती है। भारत ही एक ऐसा देश है, जहां साठ साल के व्यक्ति को जवान माना जाता है। 'साठा पर पाठा' कहने की परंपरा रही है। संस्थाओं पर भी कमोवेश यही बात लागू होती है। किसी संस्था के साठ साल पूरे करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की स्थापना के हाल ही में साठ साल पूरे हो गये हैं। उसकी स्थापना 01 अप्रैल, 1963 को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से एक संकल्प के जरिये की गई थी। भ्रष्टाचार के उन्मूलन और सत्यनिष्ठा की स्थापना के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 पारित हुआ था। सन 1962 में लाल बहादुर शास्त्री ने प्रशासन में भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं से निपटने और सुझाव देने के लिए संथानम कमेटी बनाई थी। कमेटी की संस्तुतियों पर अमल करते हुए भारत सरकार ने एक अप्रैल 1963 को प्रस्ताव द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई की स्थापना की थी। 1963 से लेकर अब तक सीबीआई लोगों की सेवा कर रही है। श्रीनगर से तिरुअनंतपुरम और गांधीनगर से ईटानगर तक देश के 36 शहरों में इसके अपने कार्यालय हैं। सीबीआई ने वांछित भगोड़ों की भारत वापसी के लिए ऑपरेशन त्रिशूल , ड्रग्स संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए आपरेशन गरुड़ , साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आपरेशन चक्र , बाल यौन शोषण को रोकने के लिए आपरेशन मेघ चक्र लॉन्च कर रखा है। देश के प्रथम सीबीआई निदेशक डी.पी.कोहली ने अपने अधिकारियों से कहा था कि जनता आपसे कार्यकुशलता और सत्य निष्ठा में उच्चतम स्तर की अपेक्षा करती है। इस विश्वास को बनाये रखना है। कहना न होगा कि सीबीआई आज भी उन अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करती है। चाहे एलएन मिश्रा हत्याकांड, राजीव गांधी हत्याकांड, मुंबई बम विस्फोट मामला रहा हो या फिर पुरुलिया में हथियार गिराने का मामला, उनका रहस्योद्घाटन सीबीआई ने जिस खूबी और पारदर्शिता से किया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। पश्चिम बंगाल के शारदा चिट फंड घोटाले, कोयला घोटाले, आईसी-813 हाइजैकिंग केस, बिहार के सृजन घोटाले, प्रियदर्शनी मट्टू मर्डर केस, बिहार के चारा घोटाले , कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले, टेलीकॉम घोटाले, हर्षद मेहता केस, स्टांप पेपर घोटाले, सत्यम घोटाले, कैट स्कैम केस, को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग स्कैम, शोपियां दुष्कर्म और हत्या मामला, बेंगलुरु हत्याकांड, असम सीरियल ब्लास्ट मामले, कोठखाई दुष्कर्म हत्या केस , यश बैंक-डीएचएफएल लोन धोखाधड़ी केस, एनएसई को-लोकेशन स्कैम की जांच और उसे अंजाम तक पहुंचाने की अनेक उपलब्धियां उसके नाम हैं। वह अपराधियों और राजनीतिज्ञों दोनों के आंखों की किरकिरी बनी रहती है लेकिन जनता का भरोसा जीतने में वह कभी पीछे नहीं रही। यह और बात है कि उस पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने के भी आरोप लगे। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्ववाली संप्रग सरकार में तो देश की शीर्ष अदालत ने उसे सरकारी तोता तक कह दिया था

**भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं से निपटने व सुझाव देने के लिए संथानम कमेटी बनाई थी। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 1963 को प्रस्ताव द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई की स्थापना की थी।**

## इन दिनों

लेकिन इसके बावजूद सीबीआई ने अपने दायित्वों से समझौता नहीं किया। जब जहां, जैसा मौका मिला, उसने अपनी जांच प्रक्रिया को न केवल गति दी बल्कि अपराधियों को जेल के सलाखों के पीछे भेजने में भी बड़ी भूमिका का निर्वाह किया। जिस कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकार पर सीबीआई को सोने के पिंजरे में बंद करके रखने का आरोप था, वही कांग्रेस और फिलहाल उसके समर्थन में खड़े भाजपा विरोधी दल भी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की भूमिका को आए दिन कठघरे में खड़ा करते रहते हैं। इसकी अपनी बड़ी वजह भी है। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीआई से कहा कि भ्रष्ट व्यक्तियों को छोड़ा न जाए। मार्च 2016 में मंत्री जितेंद्र सिंह ने संसद को बताया था कि वर्ष 2013 में भ्रष्टाचार के लिए 1136 लोग दोषी करार दिये गये जबकि 2014 में 993, 2015 में 878, 2016 में 71 लोग दोषी करार दिये गये। इस लिहाज से देखें तो संप्रग सरकार में दोष सिद्धि की दर अधिक रही। बकौल सिब्बल, लोग झूठ बोल सकते हैं लेकिन तथ्य नहीं। भ्रष्टाचारी को कौन बचा रहा है? अब यह उनकी सुविधा का संतुलन है लेकिन जितेंद्र सिंह ने जब यह आंकड़ा पेश किया तो उनका मंतव्य था कि राजग सरकार में भ्रष्टाचार में कमी आई है। अब यह अपना-अपना नजरिया है कि हम चीजों को अपनी सुविधा के लिहाज से देखते हैं। सच तो यह है कि विपक्ष के कई नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है। ज्यादातर जांच बहुत समय से चल रही है। शिवसेना, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राजद, झारखंड मुक्ति मोर्चा , टीआरएस, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसे दलों के बहुत से नेता सीबीआई जांच के दायरे में हैं। जैसे-जैसे विपक्षी दलों के नेता जांच के शिकंजे में फंस रहे हैं, वैसे-वैसे मोदी सरकार पर सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग के आरोप भी लग रहे हैं। ऐसा लगता है कि 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर अगर विपक्षी दलों में एकता बनेगी तो इसके मूल में सीबीआई-ईडी की उन पर चल रही कार्रवाई ही प्रमुख होगी। यह और बात है कि विपक्ष मोदी सरकार के अब तक के नौ वर्षों के कार्यकाल में कोई ऐसा ठोस मुद्दा नहीं तलाश पाया है जिसे धार देकर वह चुनावी वैतरणी पार कर सके। सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले, लोकतंत्र पर खतरे जैसे आभासी मुद्दे उछाल कर विपक्ष केंद्र की नरेंद्र सरकार को चुनौती देना चाहता है। विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोपों को सियासी मुद्दा बनाकर जिस तरह सरकार को चुनौती देने में जुटा है, तो मोदी सरकार भी भ्रष्टाचार की ही पिच पर 2024 का सियासी मैच खेलने का मन बना चुकी है। सीबीआई के हीरक जयंती समारोह में एक भी भ्रष्ट व्यक्ति को न बख्शने की सीबीआई को नसीहत देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष को सीधा संदेश दे दिया है। साथ ही, भ्रष्टाचार को न केवल लोकतंत्र और न्याय की राह में सबसे बड़ा रोड़ा करार दिया है बल्कि यह भी कहा है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्रमुख जिम्मेदारी भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने की है। यह सुस्पष्ट करने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई कि मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार से लड़ने की राजनीतिक इच्छाशक्ति कम नहीं है।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान वेंकटेश्वर की कथा

***लेकिन*** भगवान ब्रह्मा विष्णु के नाम का जाप करने में इतने तल्लीन थे कि उन्होंने ऋषि भृगु को नोटिस नहीं किया। इस व्यवहार से क्रोधित होकर ऋषि भृगु ने ब्रह्मा को शाप दिया कि कोई भी उनकी धरती पर पूजा नहीं करेगा। तब ऋषि भगवान शिव के पास गये। उस समय शिव देवी पार्वती से बात करने में तल्लीन थे और ऋषि को नोटिस करने में विफल रहे। तो, ऋषि ने भगवान को शाप दिया कि वह केवल पत्थर (लिंग) के रूप में पूजे जाएंगे। उस ऋषि के बाद भृगु भगवान विष्णु के पास गए, जिन्होंने उन्हें भी नहीं देखा। इससे क्रोधित होकर ऋषि ने भगवान विष्णु को अपने सीने से लगा लिया। ऐसा माना जाता है कि देवी महालक्ष्मी भगवान विष्णु की छाती में निवास करती हैं। ऋषि को शांत करने के प्रयास में, भगवान विष्णु ने ऋषि के पैर पकड़ लिए और उन्हें धीरे से दबाने लगे। ऐसा करते समय, प्रभु ने अपने पैर से ऋषि की अतिरिक्त आंख को निचोड़ लिया जिससे ऋषि का अहंकार समाप्त हो गया। ऋषि ने अपनी गलती के लिए माफी मांगी। हालांकि, देवी महालक्ष्मी ऋषि से माफी मांगने के अपने कार्य पर भगवान विष्णु से बहुत निराश थीं। वह बहुत क्रोधित हुई, वैकुंठ को छोड़ा और पृथ्वी पर उतरी। भगवान विष्णु भी देवी की तलाश करने के लिए पृथ्वी पर आए और वेंकट पहाड़ी के पास एक इमली के पेड़ के नीचे एक चींटी पहाड़ी में शरण ली। भगवान ने भोजन और नींद त्याग दी और देवी के वापस लौटने के लिए ध्यान करने लगे। भगवान विष्णु की पीड़ा देखकर भगवान ब्रह्मा और शिव ने गाय और बछड़े का रूप धारण कर लिया। चोल देश के राजा ने उन्हें खरीदा और उन्हें वेंकट पहाड़ी के खेतों में चरने भेजा। चींटी पहाड़ी पर भगवान विष्णु की खोज करने पर, गाय ने उन्हें दूध पिलाया।

(क्रमशः)

# केंद्र की अच्छी पहल है भ्रष्टाचार मुक्त भारत



सुरेश हिन्दूस्थानी

***देश*** को अच्छा वातावरण देने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली की चाह हर किसी को है, क्योंकि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक घर कर चुकी हैं। यह भी एक बड़ा सच है कि जो भ्रष्टाचार का शिकार होता है, वह अनीति के मार्ग पर कदम बढ़ाने का दुस्साहसिक कार्य ही करता है। सैद्धांतिक तथ्य यह है कि जितना भ्रष्टाचार करने वाला दोषी है, उतना ही भ्रष्टाचार का शिकार होने वाला भी दोषी है, इसलिए दोनों का ही जीवन कुसंस्कार की बलि चढ़ जाता है। कहा जाता है कि जो परिश्रम करके खाता है, उसके जीवन में संतोष होता है, लेकिन जो भ्रष्टाचार करके खाता है, उसको कई लोगों के हृदय से उफनती हुई गालियों को झेलना होता है यानी उसको बद्दुआ ही मिलती है। कांग्रेस के शासनकाल में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के काले कारनामे उजागर हुए, उससे तो ऐसा ही लगता था कि अब देश से भ्रष्टाचार रूपी बुराई का अंत नहीं हो सकता। यह सामान्य अवधारणा स्थापित हो चुकी थी। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तब से केंद्र सरकार पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इसका कारण स्पष्ट है कि केंद्र सरकार की इस मामले में स्पष्ट नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रथम कार्यकाल में ही यह कहकर भ्रष्टाचार मिटाने की संकल्प लिया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। कहा जाता है कि जब शासनकर्ताओं की नीयत साफ होती है तो नीचे भी संदेश अच्छा ही जाता है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक कार्यक्रम में एक बार फिर से इस आशय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि देश में कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। यानी केंद्र सरकार आज भी भ्रष्टाचार मिटाने के लिए संकल्पित है। वर्तमान में केंद्र सरकार के स्तर से भ्रष्टाचार मिटाने की ठोस पहल की जा रही है। इतना ही नहीं आज केंद्र सरकार ने देश में घर कर चुकी इस आम धारणा को बदला है कि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जा सकती। लेकिन क्या भ्रष्टाचार मुक्त भारत केवल केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों से ही संभव हो सकेगा। ऐसा नहीं हो सकता। इसके लिए देश की राज्य सरकारों को भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग करना चाहिए। इसके लिए सरकार को जांच एजेंसियों का सहयोग लेना चाहिए। यह बात सही है कि देश में केंद्रीय जांच ब्यूरो एक ऐसी संस्था है, जिस पर हर कोई विश्वास करता है। देश में किसी भी घटना में न्याय की उम्मीद नहीं दिखने पर लोग सीबीआई जांच की मांग भी इसलिए ही करते हैं, क्योंकि सीबीआई जांच के मामले में एक विश्वसनीय संस्था है। पिछले कुछ सालों में ब्यूरो ने ऐसे लोगों पर हाथ डालने का साहस दिखाया है, जिस पर हाथ डालने की किसी ने हिम्मत नहीं की। ऐसे लोगों द्वारा देश के धन पर एक प्रकार से डाका ही डाला था। सरकारी खजाने की लूट करने वाले इन भ्रष्टाचारियों पर अगर सीबीआई ने कार्रवाई की है, तो इसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने वाला ठोस कदम ही माना जाना चाहिए, लेकिन देश में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार से ब्यूरो की

**कांग्रेस के शासनकाल में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के काले कारनामे उजागर हुए, उससे तो ऐसा ही लगता था कि अब देश से भ्रष्टाचार रूपी बुराई का अंत नहीं हो सकता। यह सामान्य अवधारणा स्थापित हो चुकी थी।**

## भ्रष्टाचार के खिलाफ

जांच को आधार बनाकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया, वह उनकी मानसिकता को उजागर करने के लिए काफी है। सवाल यह है कि अगर इन लोगों ने भ्रष्टाचार के रूप में कमाई नहीं की है तो इनको डर क्यों लग रहा है? डरता वही है, जो गलत होता है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर दोष सिद्ध होने के बाद भी उनकी ओर से सीबीआई पर आरोप लगाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके हैं।

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

punya prasun bajpai
@ppbajpai

पद पर रहते हुए सच बोलना क्या बेईमानी है..
पद छोड़ने के बाद सच बताना क्या ईमानदारी है..

## फेसबुक वॉल से

Kaushal Kishore Shukla
1 d

वक्त के साथ एक बड़ी प्राब्लम यह है कि वह लगातार, अनवरत बदलता रहता है!

# वैश्विक खुशहाली सूचकांक में कई बुनियादी गलतियां



प्रहलाद सबनानी

***क्या*** केवल यूरोपीय देशों के नागरिक ही प्रसन्न रहते हैं, जबकि एशिया से चीन विश्व की दूसरी, जापान विश्व की तीसरी एवं भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थात, विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में तीन एशिया के देश हैं, परंतु फिर भी एशिया के नागरिक प्रसन्न नहीं हैं? अभी हाल ही में वर्ष 2023 के लिए वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन (ग्लोबल हप्पीनेस रिपोर्ट 2023) जारी किया गया है। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को 150 से अधिक देशों का विभिन बिंदुओं पर सर्वे करने के उपरांत, संयुक्त राष्ट्र दीर्घकालिक विकास समाधान तंत्र द्वारा प्रकाशित किया जाता है। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को अंतिम रूप देने के पूर्व, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहयोग, भ्रष्टाचार का स्तर, समाज में नागरिकों के बीच आपसी सदस्यता एवं निर्णय लेने की स्वतंत्रता जैसे बिंदुओं पर विभिन्न देशों का आकलन किया जाता है। फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन एवं नॉर्वे जैसे छोटे छोटे देश जिनकी जनसंख्या तुलनात्मक रूप से बहुत कम रहती है, इस सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं। उक्त सर्वे के अनुसार सबसे अधिक प्रसन्न देश, फिनलैंड में केवल 55 लाख नागरिक निवास करते हैं, डेनमार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं एवं आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख नागरिक ही निवास करते हैं। इसके विपरीत भारत के अकेले मुम्बई, दिल्ली, कोलकता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद जैसे शहरों की जनसंख्या इन देशों की उक्त वर्णित जनसंख्या से कई गुना अधिक है। वैसे विश्व के विभिन्न देशों के नागरिकों की प्रसन्नता को एक जैसे 6 अथवा 7 बिंदुओं पर सर्वे करते हुए नहीं आंका जा सकता है। क्योंकि, प्रत्येक देश के नागरिकों में खुशी अथवा गम की अवस्था अलग-अलग कारकों एवं कारणों के चलते भिन्न-भिन्न होती है। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। परंतु, आश्चर्य तो इस बात पर है कि लगातार आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक समस्याओं से जूझ रहा पाकिस्तान इस सूची में 103वें स्थान पर है। इस आकलन के अनुसार, क्या पाकिस्तान के नागरिक, भारत के नागरिकों की अपेक्षा अधिक प्रसन्न हैं? इसी प्रकार, इस सूची में चीन को 64वां, नेपाल को 78वां, बांग्लादेश को 118वां एवं श्रीलंका को 112वां स्थान दिया गया है। जबकि, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं नेपाल भी लगातार आर्थिक समस्याओं से जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में शीर्ष 20 देशों में एशिया का कोई भी देश शामिल नहीं है। अर्थात, केवल यूरोपीय देशों के नागरिक ही प्रसन्न रहते हैं, जबकि एशिया से चीन विश्व की दूसरी, जापान विश्व की तीसरी एवं भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थात, विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में तीन एशिया के देश हैं, परंतु फिर भी एशिया के नागरिक प्रसन्न नहीं हैं? उक्त वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को अंतिम रूप दिये जाते समय सम्भवतः कुछ बुनियादी गलतियां हुई होंगी, ऐसा आभास होता है। क्योंकि, उक्त सर्वे के साथ ही इसी

**उक्त सर्वे के अनुसार सबसे अधिक प्रसन्न देश, फिनलैंड में केवल 55 लाख नागरिक निवास करते हैं, डेनमार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं व आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख नागरिक ही निवास करते हैं।**

## अर्थ जगत

संदर्भ में तीन अन्य सर्वे भी जारी हुए हैं, जिनके परिणामों में भारतीय नागरिकों को बहुत प्रसन्न बताया गया है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा भी अभी हाल ही में विभिन्न देशों में नागरिकों की प्रसन्नता को आंकने के संदर्भ में एक सर्वे किया गया है। यह सर्वे मुख्य रूप से वित्तीय क्षेत्र में प्रसन्नता, कार्य स्थल पर पहुंचने एवं उत्पादकता से सम्बंधित प्रसन्नता, मानसिक प्रसन्नता, जीवन एवं कार्य के बीच संतुलन, ऊर्जा की उपलब्धता, आदि जैसे बिंदुओं पर आधारित है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन में इन पदों पर निकली बंपर भर्ती

नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ा मौका आया है। झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन की नॉन टीचिंग स्पेशलिस्ट डॉक्टर पदों पर भर्ती निकली है। इन पदों पर आवेदन की लास्ट डेट 2 मई 2023 है। नौकरी की तलाश कर रहे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। बता दें कि झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन की नॉन टीचिंग स्पेशलिस्ट डॉक्टर पदों भर्ती निकाली है। ऐसे में जो भी उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं। वह ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन ने कई पदों पर नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के जरिए 771 नॉन टीचिंग स्पेशलिस्ट डॉक्टर पदों को भरा जाएगा। ऐसे में जो भी कैंडिडेट इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं वह ऑफिशियल वेबसाइट jpsc.gov.in पर विजिट कर अपना एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं। आपको बता दें कि इन पदों पर 31 मार्च से आवेदन शुरू हो गए हैं। इन पदों पर आवेदन करने की लास्ट डेट 2 मई 2023 है।




### वैकेंसी की डिटेल

इस भर्ती के माध्यम से नॉन टीचिंग स्पेशलिस्ट डॉक्टर के कुल 771 पदों को भरा जाएगा।

### महत्वपूर्ण तारीख

ऑनलाइन आवेदन की डेट- 31 मार्च 2023
आवेदन की लास्ट डेट- 2 मई 2023

### क्वालिफिकेशन

जो भी कैंडिडेट इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं। उनके पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित एमडी, एमएस आदि की डिग्री होनी चाहिए। इस भर्ती के लिए योग्यता के विषय में अधिक जानकारी लेने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।

### आयु सीमा

इन पदों पर आवेदन करने वाले कैंडिडेट की न्यूनतम आयु सीमा 25 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होनी चाहिए। वहीं आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

### फीस

जनरल, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के कैंडिडेट को 600 रुपए एप्लीकेशन फीस देना होगा। वहीं एससी और एसटी कैटेगरी के कैंडिडेट को 150 रुपए एप्लीकेशन फीस देनी होगी।

# एक दुनिया वह भी...



एक दुनिया धरती के ऊपर है तो एक दुनिया पानी के भीतर भी है। जैसी अपनी दुनिया है ठीक उनकी दुनिया है। अपनी दुनिया में लोग एक-दूसरे को पानी पिलाने के चक्कर में रहते हैं। उनकी दुनिया में ऐसी मारा-मारी नहीं है। जो खुद पानी में डूबे हो उन्हें भला पानी पिलाने का क्या मतलब। उसी तालाब में एक बड़ी मछली है। लिग बदलने की सुविधा होती तो मछली की जगह मछला कहना बेहतर होता। बड़ी मछली दिन-ब-दिन और बड़ी होती जा रही है। छोटी मछलियाँ दिन-ब-दिन घटती जा रही हैं। बड़ी मछलियों के पेट में अजीब सी मराड़ मची है, लेकिन पचाने की शक्ति में उसका कोई सानी नहीं है। हिसाब से देखा जाए तो जो पचा सकता है, उसे खाने का पूरा हक है। बड़े छोटों को खा सकते हैं, क्योंकि वे बड़े हैं। छोटे बड़ों को नहीं खा सकते, क्योंकि वे छोटे हैं। वैसे भी कुत्ता दुम हिलाता है न कि दुम कुत्ते को। अगर दुम कुत्तों को हिलाने लगें तो भला कुत्ते अपनी दुम क्यों बक्शने लगे? भूख लगने पर सांप अपने संपोलों तक को नहीं छोड़ते फिर भी यह तो कुत्ते की दुम है। दुनिया भर के लोग जिसे महामारी कह रहे हैं, उसे ही ये बड़ी मछलियाँ महावसर की तरह भुनाती हैं। एक बार के लिए गिद्ध शवों को खाना छोड़ सकते हैं, किंतु ये बड़ी मछलियाँ कोरोना महामारी से मरने वालों के नाम पर धंधा करना नहीं छोड़ सकतीं। छोटी-छोटी मछलियाँ जैसे-तैसे अपनी जिंदगियाँ बचते-बचाते गुजर-बसर करते हैं और ये बड़ी मछलियाँ एक झटके में उन्हें डकार जाती हैं। ये छोटी-छोटी मछलियाँ बड़ी मेहनत करके अपने दाना-पानी का इंतजाम करती हैं। उसी मेहनत को ये बड़ी मछलियाँ टॉनिक की तरह पी जाती हैं। मेहनत, लगन, आत्मनिर्भरता आदि शब्द सुनने में इतने मधुर लगते हैं कि छोटी मछलियाँ इन्हें सुन-सुन कर ऐसी बड़ी होती हैं जैसे कसाई के यहाँ मिमियाती नन्हीं बकरियाँ। कहते हैं एक गंदी मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है। जबकि एक बड़ी मछली पूरे तालाब को खा जाती है। छोटी मछलियाँ जिंदगी भर जिंदगी बचाने के चक्कर में जिंदगी खो बैठती हैं, जबकि बड़ी मछलियाँ उन्हीं जिंदगियों को लीलकर अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों की जिंदगियाँ बनाती हैं। जिंदगी लीलने के खेल में छोटी मछलियों को हमेशा जात-पात, धर्म, भाषा तो कभी महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार और बेरोजगार में उलझा दिया जाता है। चाहकर भी वे बाहर नहीं निकल सकतीं। इसी में वे अपना दम तोड़ देती हैं। बड़ी मछलियों पर मारने का आरोप भी नहीं लगता। इन मछलियों को सेलफोन से बांधकर पुस्तकों की दुनिया से कहीं दूर छोड़ दिया जाता है। सोशल मीडिया का दाना जैसे-जैसे इनकी भूख को नचाता है वे वैसे-वैसे नाचती हैं। मछली कहलाने वाली अपने ही जात की मछली के हाथों छलती ही जाती हैं। यह सब बातें मैं रिलायंस फ्रेश मार्केट के सामने बैठे बेरोजगार गरीब को सुना रहा था। वह मुझसे उल्टे पूछ बैठा झ भैया यह सब मुझे क्यों सुना रहे हो? मेरे पास छोटी-बड़ी मछलियों का खेला समझने का टाइम नहीं है। आप यहाँ से जाइए मुझे मेरे हाल पर छोड़ दीजिए।

**– डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# मादा टिड्डों के शिकार बनने का खतरा ज्यादा होता है

चमगादड़ों का नर टिड्डों की तुलना में मादा कैटिडिड्स टिड्डों का अधिक शिकार करने से जुड़ी जानकारी अप्रत्याशित थी, क्योंकि; नर टिड्डे, जो मादा को आकर्षित करने के लिए उन्हें बुलाकर विशिष्ट दिखने का प्रयास करते हैं, के विपरीत कैटिडिड मादा आमतौर पर चुप रहती है। इन्सानों की तरह जंतु भी भोजन, आश्रय और जोड़ीदार खोजने के लिए इधर-उधर घूमते हैं। हालांकि, वन्यक्षेत्र में बेखौफ होकर घूमने-फिरने का जोखिम अधिक होता है, क्योंकि वहां शिकारी जीवों का खतरा हर समय बना रहता है।


एक नये अध्ययन में, बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के सेंटर फॉर इकोलॉजिकल साइंसेज (सीईएस) में प्रोफेसर रोहिणी बालकृष्णन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने यह समझने का प्रयास किया है कि टिड्डों (katydids) का उनके शिकारी 'लेसर फॉल्स वैम्पायर चमगादड़' द्वारा शिकार कैसे किया जाता है।

टिड्डों की गतिविधियों की निगरानी के लिए इन कीटों पर रेडियो ट्रैकिंग टैग लगाए गए और उनकी हलचल को ट्रैक किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि नर टिड्डों की तुलना में मादा टिड्डों के शिकारियों के चंगुल में फँसने का खतरा अधिक होता है, क्योंकि वे लगातार उड़ान भरने वाले होते हैं और लंबी यात्रा करते हैं।

लेसर फॉल्स वैम्पायर चमगादड़ दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के मूल निवासी हैं, जो अपने शिकार को खाने के लिए अपने बसेरे में लेकर आते हैं। चमगादड़ के आहार के एक बड़े हिस्से में कैटीडिड्स जैसे कीड़े शामिल होते हैं। पूर्व अध्ययनों में, बालाकृष्णन और अन्य शोधकर्ताओं ने पाया कि नर टिड्डों की तुलना में मादा टिड्डों के पंखों के अवशेष बहुत अधिक थे, जिससे यह पता चलता है कि चमगादड़ मादा कैटिडिड्स का शिकार करना अधिक पसंद करते हैं।

सीईएस में पोस्ट डॉक्टोरल शोधार्थी और इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता हरीश प्रकाश बताते हैं कि यह भारत में अपनी तरह का पहला कीट रेडियो ट्रैकिंग अध्ययन है। वह बताते हैं कि शिकारी और शिकार के परस्पर संपर्क पर केंद्रित प्रमुख शोध प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए फील्ड ऑब्जर्वेशन के साथ-साथ इस अध्ययन के दौरान नियंत्रित वातावरण में प्रयोग किए गए हैं।

चमगादड़ों का नर टिड्डों की तुलना में मादा कैटिडिड्स टिड्डों का अधिक शिकार करने से जुड़ी जानकारी अप्रत्याशित थी, क्योंकि; नर टिड्डे, जो मादा को आकर्षित करने के लिए उन्हें बुलाकर विशिष्ट दिखने का प्रयास करते हैं, के विपरीत कैटिडिड मादा आमतौर पर चुप रहती है। इसने शोधकर्ताओं को यह पता लगाने के लिए प्रेरित किया कि ऐसा क्या है, जिससे चमगादड़ कैटिडिड मादाओं का शिकार करने के लिए अधिक आकर्षित होते हैं?



एक संभावना यह है कि चमगादड़ मादाओं को अधिक आसानी से पहचान सकते हैं, क्योंकि वे आमतौर पर नर से बड़ी होती हैं। दूसरा, मादा कैटिडिड्स नर की तुलना में अधिक पौष्टिक हो सकती हैं, और इसीलिए चमगादड़ों द्वारा पसंद की जाती हैं। इन संभावनाओं का परीक्षण करने के लिए, शोधकर्ताओं ने टिड्डों के एक समूह पर ध्यान केंद्रित किया, जिसे 'व्हिस्लर' कहा जाता है, जिसमें नर टिड्डों की तुलना में मादा का आकार और वजन लगभग दोगुना होता है। शोधकर्ताओं ने एक बड़े आउटडोर पिंजरे में स्वतंत्र रूप से उड़ने वाली व्हिस्लर मादाओं के साथ-साथ नर टिड्डों को चमगादड़ों के समक्ष प्रस्तुत किया। आश्चर्यजनक रूप से, चमगादड़ समान आवृत्ति के साथ नर और मादा दोनों के पास पहुंचे। वास्तव में, इस प्रायोगिक सेटअप में, नर कीटों की तुलना में मादा अधिक बार शिकारी चमगादड़ का शिकार बनने से बच निकलीं। इसलिए, शोधकर्ताओं का कहना है कि मादा टिड्डों के आकार या फिर पोषक मूल्य को उनके शिकार बनने के जोखिम को बढ़ाने वाला कारक माना जाना सही नहीं होगा।

फिर शोधकर्ताओं ने तीसरी संभावना पर की पड़ताल की, जिसमें मादा कीटों के बाहर अधिक उड़ने की पड़ताल की बात निहित थी। शोधकर्ताओं ने छोटे रेडियो ट्रांसमीटरों को नर और मादा कैटिडिड्स की पीठ पर चिपका दिया और उन्हें पेड़ों पर उड़ते हुए ट्रैक किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि मादा कीट नर कीटों की तुलना में 1.5 गुना अधिक और 1.8 गुना ज्यादा आगे बढ़ती हैं। इसने उन्हें यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित किया कि अधिक बार उड़ान भरने और पेड़ों के बीच लंबी दूरी की यात्रा करने से मादाओं को नर की तुलना में चमगादड़ों द्वारा शिकार किए जाने का अधिक खतरा हो सकता है।

सीईएस में पीएचडी शोधार्थी और इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता कस्तूरी साहा इन कीटों के लगातार लंबी उड़ानों के संभावित कारण के बारे में कहते हैं - इसके पीछे मादा कीटों का अपने जोड़ीदार की खोज के साथ-साथ अंडे देने के लिए उपयुक्त जगहों की तलाश एक कारण हो सकता है। शिकारी और शिकार के परस्पर संपर्क के बारे में अभी भी कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। उदाहरण के लिए, साहा बताते हैं कि गैर-प्रजनन वाले मौसम में चमगादड़ अधिक मादा कैटिडिड्स का शिकार करते हैं। यह एक और रहस्य है, जिसे हम सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अध्ययन शोध पत्रिका बिहेवियरल इकोलॉजी ऐंड सोशियोबायोलॉजी में प्रकाशित किया गया है।

# 10वीं-12वीं के बाद करें ये टॉप वेब डेवलपमेंट कोर्स

आजकल 10वीं-12वीं के छात्रों के लिए कई तरह के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स होते हैं। ऐसे में छात्र इन कोर्स को कर अपनी स्किल को डेवलप कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी वेब डिजाइनिंग का कोर्स करना चाहते हैं तो हम आपको यहां पर ऐसे ही कुछ कोर्स के बारे में बताने जा रहे हैं। आजकल के दौर में 10वीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स कई तरह के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स में रुचि दिखाते हैं। ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स में छात्र मुख्य तौर पर उस कोर्स का चुनाव करते हैं, जिनसे उनकी स्किल में और इंप्रूवमेंट हो सके। जिससे कि उनका रिज्यूम स्ट्रांग हो सके। छात्र भी आजकल बढ़ते कॉम्पटीशन के दौर में ज्यादा से ज्यादा सर्टिफिकेट कोर्स करने की इच्छा रखते हैं। इससे न सिर्फ छात्रों को उस क्षेत्र में ज्ञान मिलता है। बल्कि वह कई अन्य क्षेत्रों का भी नॉलेज पाते हैं। जिसका फायदा उनको करियर में होता है।

### ये स्टूडेंट्स कर सकते हैं कोर्स

इस समय में बढ़ती डिमांड की बात करें तो सबसे अधिक वेब डिजाइनिंग के कोर्स को छात्रों द्वारा पसंद किया जा रहा है। वेब डिजाइनिंग में शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। हालांकि कई कोर्स छात्र फ्री में कर सकते हैं। वहीं कुछ कोर्स ऐसे भी हैं, जिसके लिए छात्रों को फीस का भुगतान करना पड़ता है। करियर के लिहाज से वेब डेवलपमेंट एक बेस्ट करियर ऑप्शन है। इस कोर्स को 10वीं-12वीं के अलावा बैचलर के छात्र भी कर सकते हैं।

### कोर्स की अवधि

ऑनलाइन में वेब डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि कुछ घंटो से लेकर कुछ महीनों तक का हो सकता है। हालांकि ये कोर्स कुछ संस्थानों द्वारा कुछ घंटों की अवधि के लिए ऑफर किया जाता है। वहीं कुछ संस्थानों द्वारा इस कोर्स की अवधि 6 महीने तक जा सकती है। बता दें कि अगर आप भी इन कोर्सों को करना चाहते हैं तो यह कोर्स बिलकुल फ्री हैं। बस आपको संस्थान का सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए स्टूडेंट्स को फीस का भुगतान करना पड़ता है।




### वेब डेवलपमेंट

वेब डेवलपमेंट कोर्स के माध्यम से स्टूडेंट्स को वेब के विकास और उसके निर्माण के बारे में सिखाया जाता है। साथ ही इस कोर्स में वेबसाइट के रखरखाव को भी शामिल किया गया है। इस कोर्स में वेबसाइट को स्क्रैच से बनाया जाता है। छात्रों को वेब डेवलपमेंट कोर्स में एचटीएमएल, ब्राउजर, फ्रेमवर्क, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, सीएसएस, डाटाबेस, सर्वर, फ्रंटएंड, बैकएंड और लाइब्रेरी आदि विषयों को भी शामिल किया गया है।

### टॉप ऑनलाइन वेब डेवलपमेंट सर्टिफिकेट

वेब डेवलपर बेसिक्स
संस्थान का नाम - उडेमी
कोर्स की फीस - फ्री

सर्टिफाइड वेब डेवलपर फ्रॉम स्क्रैच
संस्थान का नाम - एडुओनिक्स
कोर्स की फस - फ्री

### इंट्रोडक्शन टू कंप्यूटर साइंस और प्रोग्रामिंग

संस्थान का नाम - मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
कोर्स की फीस - फ्री

**वेब डिजाइनिंग फॉर एवरीवन: बेसिक्स ऑफ वेब डेवलपमेंट**
संस्थान का नाम - कौसेर्रा
कोर्स की अवधि - फ्री

**इंट्रोडक्शन टू एचटीएमएल/सीएसएस: मेकिंग वेबपेज एंट इंट्रो टू एसक्यूएल : क्वेरी - मैनेजिंग डाटा**
संस्थान का नाम - खान अकेडमी
कोर्स की फीर - फ्री

### फुल-स्टैक सॉफ्टवेयर इंजीनियर

संस्थान का नाम - कोडेक अकादमी
कोर्स की फीस - फ्री

**फुल-स्टैक वेब डेवलपमेंट**
संस्थान का नाम - मसाई स्कूल
कोर्स की अवधि - 3 सप्ताह
कोर्स की फीस - फ्री

**वेब डेवलपर्स के लिए वेब डिजाइन: सुंदर वेबसाइटें बनाएँ**
संस्थान का नाम - वीं८
कोर्स की अवधि - 2.5 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

**बिकम ए फुल स्टैक वेब डेवलपर**
संस्थान का नाम - लिंक्डइन लर्निंग
कोर्स की फीस - उपलब्ध नहीं है

**रिएक्ट जेएस ट्यूटोरियल**
संस्थान का नाम - माइ ग्रेट लर्निंग
कोर्स की अवधि - 2 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

### एंगुलर के साथ फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट

संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की अवधि - 3 से 4 महीने
कोर्स की फीस - फ्री

**फ्रंट एंड डेवलपमेंट- सीएसएस**
संस्थान का नाम - माइ ग्रेट लर्निंग
कोर्स की अवधि - 2 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

**ऑनलाइन वेब डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स और फीस**
द कंपलिट 2023 वेबस डेवपमेंट बूटकैंप
संस्थान का नाम - Udemy
कोर्स की फीस - 455

### अल्टीमेट वेब डेवलपर एंड वेब डिजाइनिंग कोर्स

संस्थान का नाम - Udemy
कोर्स की फीस - 455

**रनिंग ए वेब डेवपमेंट बिजनेस: द कंपलिट गाइड**
संस्थान का नाम - Udemy
कोर्स की फीस - 455

**10 मेगा रिस्पॉन्सिव वेबसाइट विद एचटीएमएल, सीएसएस, जावा स्क्रिप्ट**
संस्थान का नाम - Udemy
कोर्स की फीस - 455

**प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन फ्रंट-एंड वेब डेवलपर**
संस्थान का नाम - edX
कोर्स की फीस 68,286

**बिगिनर फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट: HTML, उरर, रिएक्ट और नोड**
संस्थान का नाम - Udemy
कोर्स की फीस - 3,499

**वेब डेवलपर सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग**
संस्थान का नाम - एडुरेका
कोर्स की फीस - 17,995

❖ **अनन्या मिश्रा**

# मेघालय में मिली मेंढक की नई प्रजाति

शोधकर्ता बताते हैं कि मेंढक का रूप-रंग, गुफा के अनूठे पारिस्थितिक तंत्र के अनुरूप विशिष्ट प्रकृति का है। कैस्केड अमोलॉप्स मेंढकों की अन्य ज्ञात प्रजातियों से अमोलॉप्स सिजू की विशिष्ट पहचान का पता लगाने के लिए मेंढक के ऊतक नमूनों का आणविक अध्ययन किया गया है। जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई) के शोधकर्ताओं ने मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में स्थित सिजू गुफा के भीतर गहराई से मेंढक की एक नई प्रजाति की खोज की है। सिजू गुफा चार किलोमीटर लंबी चूना पत्थर की प्राकृतिक गुफा है। मेंढक की नई प्रजाति को यहाँ जनवरी 2020 में लगभग 60-100 मीटर की गहराई से खोजा गया था।

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई), पूर्वोत्तर क्षेत्रीय केंद्र, शिलांग के शोधकर्ता भास्कर सैकिया बताते हैं- इस अध्ययन में मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में सिजू गुफा के भीतर गहरे क्षेत्रों से कैस्केड रेनिड मेंढक की एक नई प्रजाति का पता चला है। यह अध्ययन पुणे स्थित जेडएसआई के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर किया गया है। मेंढक की नई प्रजाति का नाम प्राप्ति-स्थान सिजू गुफा के आधार पर अमोलॉप्स सिजू रखा गया है। इस नई प्रजाति का विवरण शोध पत्रिका जर्नल ऑफ एनिमल डायवर्सिटी में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ता बताते हैं कि मेंढक का रूप-रंग, गुफा के अनूठे पारिस्थितिक तंत्र के अनुरूप विशिष्ट प्रकृति का है। कैस्केड अमोलॉप्स मेंढकों की अन्य ज्ञात प्रजातियों से अमोलॉप्स सिजू की विशिष्ट पहचान का पता लगाने के लिए मेंढक के ऊतक नमूनों का आणविक अध्ययन किया गया है। इसके लिए, जेडएसआई, पूर्वोत्तर क्षेत्रीय केंद्र की टीम ने जेडएसआई, पुणे में अपने सहयोगियों की मदद ली, जिसकी एक स्थापित आणविक प्रयोगशाला है। गुफा पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतर आर्द्रता और तापमान के कारण मेंढक गुफाओं के छिपे हुए स्थानों में रहने के लिए जाने जाते हैं।

जेडएसआई के शोधकर्ताओं की टीम द्वारा सिजू गुफा का लम्बी अवधि तक सर्वेक्षण किया गया है। उनका उद्देश्य गुफा की जंतु विविधता का दस्तावेजीकरण करना था, जिसकी वैज्ञानिक रूप से खोजबीन इससे पहले 1922 में की गई थी। 03 जनवरी, 2020 को शोधकर्ताओं ने गुफा के अंदर से अमोलॉप्स वंश के रेनिड मेंढकों के चार नमूनों का संग्रह किया। गुफा के प्रवेश द्वार के कुछ ही मीटर के दायरे में मेंढकों का मिलना सामान्य बात है।

हालांकि, सिजू में, शोधकर्ताओं ने प्रवेश द्वार से लगभग 100 मीटर की दूरी पर नमूनों का संग्रह किया। ऐसा करके शोधकर्ता रोमांचित थे, क्योंकि गुफा के अधिक भीतर किसी नई प्रजाति की संभावना अधिक थी।

सैकिया बताते हैं, 'गुफा में मेंढकों के नमूने हल्की रोशनी वाले (प्रवेश द्वार से 60-100 मीटर) क्षेत्रों और गुफा के अंधेरे क्षेत्रों (प्रवेश द्वार से 100 मीटर से अधिक) से एकत्र किए गए थे। लेकिन, कोई ट्रोग्लोबिटिक (गुफा-अनुकूलित) संशोधन नहीं देखा गया है, जिससे यह संकेत मिलता हो कि मेंढक की यह प्रजाति गुफा की स्थायी निवासी नहीं है।'

शोधकर्ताओं कहना है कि यह दूसरी बार है जब देश में किसी गुफा के अंदर मेंढक की प्रजाति खोजी गई है। इससे पहले 2014 में तमिलनाडु की एक गुफा से माइक्रोक्सालिडे परिवार के मिक्रिक्सालस स्पेलुंका नामक मेंढकों की प्रजाति मिली थी। मिक्रिक्सालस स्पेलुंका भारत के पश्चिमी घाट में पाये जाते हैं। इनका प्राकृतिक आवास उपोष्ण कटिबंधीय या उष्ण कटिबंधीय नम तराई के जंगल और नदियां होते हैं।

सैकिया कहते हैं, 'यह दिलचस्प है कि जब 1922 में जेडएसआई ने गुफा का पहला जैव-स्पेलेलॉजिकल अन्वेषण किया, तभी से सिजू गुफा में मेंढकों की आबादी (गुफा के प्रवेश द्वार से 400 मीटर तक) की उपस्थिति की रिपोर्ट्स मिलती है। संसाधनों की कमी वाली अंधेरी गुफा में एक सदी से मेंढकों की आबादी की रिपोर्ट पर पर्यावरणविद या जीवविज्ञानी गौर कर सकते हैं।' इस अध्ययन के शोधकर्ताओं में भास्कर सैकिया के अलावा बिक्रमजीत सिन्हा, ए. शबनम, और के.पी. दिनेश शामिल हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में बेहतर बने रहेंगे। मित्रों से भेंट होगी। कला कौशल को बल मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**वृष राशि** : आज का दिन कुछ सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। आकस्मिक खर्च बढ़ने से आप तनाव महसूस करेंगे, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब होंगे, नौकरी में तरक्की और व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने की संभावना है।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काफी प्रसन्न रहेंगे और भव्यता व सभ्यता पर जोर रहेगा। खर्च और निवेश बढ़ा हुआ रहेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। गुस्से पर काबू रखें, अन्यथा परिवार वालों के साथ विवाद हो सकता है। कड़वी बातों को नजरअंदाज करने की कोशिश करें।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आर्थिक कोशिशें बेहतर बनीं रहेंगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ रहेगा। धनप्राप्ति के योग बनेंगे। जो भी करेंगे उसमें बेहतर रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कानूनी कार्यों में सफलता मिल सकती है। नई परियोजना को अमल में ला सकते हैं।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे, जिससे खुद पर भरोसा बढ़ेगा। साझा प्रयासों में अधिक सफलता के संकेत हैं।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य स्थल पर काफी मेहनत करेंगे, जिसका लाभ आगे चलकर मिलेगा। मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें। घर परिवार में हर्ष आनंद बना रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज के दिन काफी अच्छा महसूस करेंगे। मानसिक रूप से खुशी की अनुभूति होगी। नई जगहों पर भ्रमण पर जाएंगे। मित्रों का साथ उत्साहित रखेगा।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। घर में सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति की संभावना है। शुभ कार्यों में रुचि बनी रहेगी। परिजनों के साथ आनंदमय समय बिताएंगे।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन



**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति निवास में ट्यूलिप गार्डन के उद्घाटन की शोभा बढ़ाई, जो शिमला के पास मशोबरा के सुरम्य परिवेश में स्थित 173 साल पुरानी विरासत संपत्ति है। राष्ट्रपति निवास, जिसे पहले प्रेसिडेंशियल रिटीट के रूप में जाना जाता था, 23 अप्रैल से जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जब आगंतुक स्ट्रॉन्ग गोल्ड, डेनमार्क, वेलेमार्क, जंबोपिंक और लैपटॉप जैसे विभिन्न प्रकार के ट्यूलिप की एक झलक पाने में सक्षम होंगे। मुर्मू ने राष्ट्रपति निवास परिसर का भ्रमण किया और पौधों की अन्य किस्मों के बारे में पूछताछ की। राष्ट्रपति के साथ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी थे। राष्ट्रपति निवास में नेचर ट्रेल्स और बाग भी 23 अप्रैल से आगंतुकों के लिए खुले रहेंगे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर शख्स ने दी बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेक के दौरान एक शख्स अक्रामक हो गया और उसने एयरलाइन कर्मचारियों को बताया कि उसके बैग में बम है। यह घटना 11 अप्रैल को हुई, जब शिव के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा के लिए गो फर्स्ट फ्लाइट (जी8-157) लेनी थी। एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के अनुसार, जब उसे सेकेंडरी लेडर प्वाइंट पर जांच के लिए अपना बैग खोलने के लिए कहा गया, तो वह अक्रामक हो गया और उसने बताया कि उसके बैग के अंदर बम है।

### मोमबत्ती फैक्ट्री में लगी आग, 4 की मौत

**धुले।** महाराष्ट्र के निजामपुर इलाके में मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लगने से तीन महिलाओं और एक नाबालिग लड़की की झुलसकर मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए, अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। यह त्रासदी दोपहर उस समय हुई जब पीड़ित फैक्ट्री में काम कर रहे थे।

### अतीक-अशरफ की मौत के बाद यूपी के सीएम का बड़ा बयान

# उत्तर प्रदेश में अब कोई माफिया किसी को धमका नहीं सकता

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है।

सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस



दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरू हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं।

योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4-5 महानगरों में होती थी। यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था। लेकिन एक कालखंड ऐसा भी आया जिसमें यूपी की इस पहचान को पूरी तरह समाप्त सा कर दिया था। हैंडलूम और पावरलूम को उचित प्रोत्साहन ना मिलने के कारण वह भी दम तोड़ने लगे थे। विगत 9 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति की है उसका लाभ लगभग 6 वर्ष के अंदर यूपी को सर्वाधिक मिला है।

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रगति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क को लेकर हस्ताक्षरित हुआ यह एमओयू का कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच पहला कार्यक्रम है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के बीच जिन निवेशकों ने यहां रुचि दिखाई है उन्होंने देखा होगा की एयरपोर्ट से मात्रा आधे घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। फोर लेन की कनेक्टिविटी यहां पहले से है, जहां कनेक्टिविटी नहीं है वहां हम जल्द उपलब्ध कराएंगे।

शिक्षक घोटाला

## तृणमूल के गिरफ्तार विधायक के परिजनों को कार्रवाई पर शिकायत नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा सोमवार को गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीबन कृष्ण साहा का कोई हमदर्द नहीं दिख रहा है। साहा के परिवार के सभी तीन सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें सीबीआई कार्रवाई से कोई शिकायत नहीं है। मीडियाकर्मियों ने दावा किया था कि जीबन के पिता बिश्वनाथ साहा ने उनकी गिरफ्तारी पर राहत की सांस ली है। विश्वनाथ साहा ने मीडियाकर्मियों से कहा, उनका बेटा अक्सर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। वह बेकार और खतरनाक व्यक्ति है। उसने अपने प्रभाव का उपयोग करके मेरे पड़ोसियों के माध्यम से मुझ पर दबाव बनाकर बीरभूम में सैंथिया में घर बेचने के लिए मजबूर किया। उसने रिश्वत के बदले किसी को मेरा सरकारी अनुबंध दिलाने की व्यवस्था की थी। मुझे उसकी गिरफ्तारी पर कोई आश्चर्य नहीं हुआ।

फिर डरा रहा कोरोना

# बंगाल में पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी के पार

**एजेंसी। कोलकाता**



पूरे देश के साथ पश्चिम बंगाल में भी कोरोना की तेज रफ्तार स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा रहा है। राजस्व विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि राजधानी कोलकाता समेत राज्य के कई जिलों में पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से अधिक हो गई है, जिसके कारण चिंता बढ़ रही है। एक बार फिर राज्य में मास्क और सैनेचाइजर के साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य करने के बारे में विचार किया जा रहा है।

राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक राजधानी कोलकाता में सप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 12 फीसदी है, जबकि पहाड़ी क्षेत्र कलिंगपोंग और दार्जिलिंग में 12.5 फीसदी और 10.1 फीसदी है। सोमवार को राज्य सचिवालय में जब बैठक हुई थी, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इसे लेकर चिंता जाहिर की थी और मुख्य सचिव को हालात से निपटने के लिए तैयारियां करने का निर्देश दिया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटे में 90 लोगों के संक्रमित होने के आंकड़े पेश किए गए हैं।

पिछले छह महीनों में यह सबसे अधिक है। वहीं राज्य में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 641 हो गई है। हालांकि राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना संक्रमित लोगों का आंकड़ा जारी नहीं किया जा रहा।

# राजस्थान के मंत्री समेत अन्य पर मामला दर्ज

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के मंत्री महेश जोशी और सात अन्य के खिलाफ एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार देर रात मृतक राम प्रसाद मीणा (43) के भाई महावीर मीणा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मंत्री ने उन्हें अपनी जमीन पर घर नहीं बनाने दिया। अपनी शिकायत में, महावीर मीणा ने कहा कि उनके भाई राम प्रसाद मीणा ने उन्हें बताया था कि मंदिर के निदेशक और हवामहल विधायक और कैबिनेट मंत्री महेश जोशी उन पर जमीन खाली करने का दबाव बना रहे थे और उत्पीड़न कर रहे थे। ये लोग मेरे परिवार पर जातिसूचक गालियां देते थे और हमें मंदिर के पास नहीं रहने के लिए कहते थे। हमने 2017 में नगर निगम से इस जमीन का पट्टा लिया था। मृतक के परिजनों ने 24 घंटे से शव को घर पर ही रखा है। उन्होंने उस कमरे को बंद कर दिया है, जिसमें राम प्रसाद ने आत्महत्या की थी और आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। राम प्रसाद ने मरने से पहले एक वीडियो भी बनाया था, इसमें वह कहते सुने जा सकते हैं कि जमीन के तमाम कागजात होने के बावजूद उन्हें घर नहीं बनाने दिया जा रहा है।

# जदयू ने जातीय जनगणना पर राहुल के रुख का समर्थन किया

**एजेंसी। पटना**

बिहार में जब एनडीए की सरकार थी तब राज्य में जाति आधारित जनगणना कराने का निर्णय लिया गया था। राज्य में दूसरे चरण की जातीय जनगणना का कार्य चल भी रहा है। इस बीच, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने भी राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराने की बात रखी है। राहुल की मांग का जदयू ने भी समर्थन किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने जाति आधारित जनगणना का समर्थन किया है, जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक सही कदम है और इसका स्वागत है। जनता दल (यूनाइटेड) और हमारे नेता नीतीश कुमार की तरफ से इसकी मांग वर्षों से होती रही है। इसबार भी गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर ऐसी मांग की। जनता दल (यूनाइटेड) के 11 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल गृहमंत्री से मिलकर जातिगत जनगणना करवाने की मांग की, लेकिन वे नहीं माने।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय गणना कराने का निर्णय लिया, जिसमें भाजपा जानबूझ कर देर करती रही, लेकिन मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्णय के सामने भाजपा को झुकना पड़ा और गणना हो रही है। प्रधानमंत्री बिहार की कई जनहितकारी योजनाओं को अपने राष्ट्रीय योजनाओं में शामिल किया है।

# भारत में बढ़ रहे हैं महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता के मामले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता लाखों लोगों पर असर डालती है और उनके परिवारों एवं समुदायों को प्रभावित करती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार निसंतान दंपतियों में से 37 प्रतिशत मामलों में महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता इसका कारण है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के मुताबिक भारत में महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता के मामले बढ़ रहे हैं और लगभग 15 प्रतिशत दंपति इससे प्रभावित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है जो महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता का कारण बन रहा है। आयुर्वेद उनकी इस अक्षमता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आयुष मंत्रालय के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) महिलाओं में संतानोत्पत्ति की अक्षमता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'सृजना' का आयोजन दिल्ली में किया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े कई स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी इस विषय पर नवीनतम जानकारी साझा करने के लिए यहां आमंत्रित किया गया है। इस समस्या को दूर करने के लिए एआईआईए इस राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से क्लिनिकल रिसर्च और जानकारियां साझा कर रहा है, जिसके बाद पैनल चर्चा की जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है।

प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार, पूर्व कुलपति, डीएसआरआरएयू जोधपुर, राजस्थान, पूर्व डीजी आयुष प्रोफेसर (डॉ.) पूजा भारद्वाज, प्रोफेसर तनुजा नेसारी, डायरेक्टर एआईआईए, डीन और आईआईए के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों की मौजूदगी में यह शुरूआत की जा रही है।

संगोष्ठी

### अयोध्या रेडियो की वैश्विक सेवा का शुभारंभ, बोले प्रो. द्विवेदी

# अयोध्या को मिलेगी वैश्विक पहचान

### 'अयोध्या की संस्कृति के बारे में आज जानना चाहता है पूरा विश्व'

**नवीन मेल नेटवर्क। अयोध्या**

हम अपनी संस्कृति, ज्ञान और शोध को रेडियो के माध्यम से आम लोगों तक रोचक ढंग से पहुंचा सकते हैं। अयोध्या आज वैश्विक फलक पर है, पूरा विश्व इसके बारे में जानना चाहता है। जहां भी भारतवंशी हैं, उनकी अयोध्या को लेकर जिज्ञासा है। हम रेडियो के माध्यम से अयोध्या की वैश्विक पहुंच को नए स्तर पर पहुंचा सकते हैं। यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने




अयोध्या रेडियो की वैश्विक सेवा ayodhyaradio.com के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजेंद्र सिंह, श्रीरामजन्मभूमि के ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र, फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश पाठक एवं दैनिक जागरण के पत्रकारिता एवं प्रबंधन संस्थान, कानपुर के निदेशक प्रो. उपेंद्र पांडेय भी उपस्थित रहे।

**'वर्ल्ड वाइड रेडियो :** चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर प्रेस क्लब, अयोध्या में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है, जिसकी पहुंच किसी भी भौगोलिक परिस्थिति में दूर दराज तक होती है। यह एक ऐसा माध्यम है, जो ना तो अपने उपयोगकर्ता से साक्षरता की मांग करता है, और ना ही भाषा ज्ञान की। इसलिए इसकी व्यापकता है।

आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार रेडियो का संचालन सुलभ और सहज है। इंटरनेट ने इसकी पहुंच को और आसान कर दिया है। इसमें संभावनाएं अपार हैं और केवल कंटेंट की चुनौती है। रेडियो में हम यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि कंटेंट रुचिकर और ज्ञानवर्द्धक, दोनों होना चाहिए।

## FILMY हलचल

### बिना शादी के मां बनेगी इलियाना डिक्रूज

**इलियाना** डिक्रूज बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका फैन बेस बहुत बड़ा है। अपने काम के अलावा वह अपनी पर्सनल लाइफ के लिए भी जानी जाती हैं। अब उनकी एक पोस्ट ने सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बात का ऐलान किया है कि वह मां बनने वाली हैं। कुछ दिनों पहले अफवाह थी कि इलियाना, कैटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन को डेट कर रही हैं। करण ने 'कॉफी विद करण सीजन 7' में इस पर कमेंट किया था। लेकिन इलियाना ने अब तक उनसे शादी नहीं की है। इसके बाद जब इलियाना ने अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया तो उनके फैंस हैरान रह गए। इलियाना ने हाल ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली फोटो में बच्चे के कपड़े नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी फोटो में 'मामा' शब्द के साथ एक चेन नजर आ रही है।



### माधुरी के साथ टिम कुक की खास डेट




**आईफोन** बनाने वाली कंपनी एपल के सीईओ टिम कुक फिलहाल भारत में हैं। वह भारत में पहले एप्पल स्टोर का उद्घाटन करने आए हैं। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने उद्योगपति मुकेश अंबानी से उनके मुंबई स्थित एंटीलिया आवास पर मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई के मशहूर स्ट्रीट फूड वड़ा पाव की भी जमकर तारीफ की है। बॉलीवुड की हॉट गर्ल माधुरी दीक्षित के साथ वडापाव खाते टिम कुक की फोटो वायरल हो गई है। टिम कुक ने इस फोटो को शेयर कर ट्विटर पर माधुरी का शुक्रिया अदा किया है। टिम ने कहा, मेरा पहला वड़ा पाव से परिचय कराने के लिए माधुरी दीक्षित का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह बहुत स्वादिष्ट था। माधुरी ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो शेयर की और लिखा, "मुंबई का स्वागत करने के लिए वड़ा पाव खाने से बेहतर कोई तरीका नहीं है! इसके साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें आकाश अंबानी और ईशा अंबानी टिम कुक के साथ एंटीलिया गेट के पास नजर आ रहे हैं।

### चलता रहेगा 'द कपिल शर्मा शो'

**'द कपिल शर्मा शो'** ने कई एक्टर्स को नई पहचान दी। शो में हल्के-फुल्के जोक्स दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। आज भी इस शो के दर्शकों की तादाद बहुत ज्यादा है, लेकिन अब पिछले कुछ समय से ऐसी बातें चल रही हैं कि यह शो जल्द ही कुछ समय के लिए दर्शकों से विदाई लेगा। इन चचाओं को लेकर कपिल शर्मा ने आखिरकार चुप्पी तोड़ी है। इस शो का आखिरी एपिसोड जून के महीने में प्रसारित होगा। इसके बाद अनिश्चितकाल के लिए कार्यक्रम बंद कर दिया जाएगा। कॉमेडी बनाना कठिन काम है। इसलिए कार्यक्रम के कलाकारों को थोड़ा आराम दिया जाएगा जिससे वे नए जोश के साथ दोबारा काम कर सकते हैं।




### 'पवित्र रिश्ते' की शूटिंग समाप्त, तस्वीरें वायरल

**भोजपुरी** फिल्म इंडस्ट्री में यूनिक एक्शन स्टार की पहचान रखने वाले अभिनेता यश कुमार और खूबसूरत अभिनेत्री तनुश्री की अपकमिंग फिल्म 'पवित्र रिश्ते' की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म अब पोस्ट प्रोडक्शन के लिए तैयार है। फिल्म को जल्द रिलीज किए जाने की योजना भी है। इससे पहले फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में यश कुमार की तनुश्री और रक्षा गुप्ता के साथ केमिस्ट्री वाली तस्वीर खूब पसंद आ रही है। हर बार की तरह यह फिल्म भी पारिवारिक और सामाजिक है। ऋद्धि फिल्म्स के एसोसिएशन से एक्कुअल मूवीज और मदज मूवीज निर्मित फिल्म ह्यपवित्र रिश्तेह्न को लेकर यश कुमार ने कहा कि लंबे समय बाद हम एक बेहतरीन पारिवारिक फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसकी शूटिंग हमने पूरी कर ली है और हम इसे बड़े पैमाने पर लेकर आ रहे हैं।



### वनवासी कल्याण केंद्र रांची ने खूंटी के कर्रा में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

# 250 से ज्यादा मरीजों को दी गई दवाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वनवासी कल्याण केंद्र रांची महानगर समिति ने खूंटी के कर्रा प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मानपुर में 2924 वां हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। इस कैंप में 7 डॉक्टरों की टीम ने गांव के करीब 250 मरीजों की जांच की और उन्हें मुफ्त में दवा भी उपलब्ध कराया। कैंप में 30 मरीजों के शुगर की भी जांच की गई, जिसमें 20 लोगों में शुगर पाया गया। उन्हें दवा भी दी गई। महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा जनजाति समाज के लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पिछले 25 वर्षों से निरंतर प्रत्येक माह सुदूर गांवों में जांच शिविर लगाया जा रहा है। ताकि जनजाति समुदाय के लोग स्वस्थ रह सकें। इन डॉक्टरों ने की मरीजों की जांच हेल्थ चेकअप कैंप में रांची से गए 7 डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। जिसमें डॉ। ज्योत्सना सिन्हा, डॉ। अर्पणा शरण, डॉ। पुष्पाल प्रसून, डॉ। निखिल रंजन, डॉ। शिवशंकर लाल, डॉ। चन्द्रशेखर वैश्य, डॉ। ओमप्रकाश अग्रवाल शामिल हैं। इससे पहले शिविर का उद्घाटन भगवान राम, बिरसा मुंडा एवं भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप जलाकर किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य सेवा के अलावा 50 साड़ी तथा 10 धोती गांव के वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच बांटा गया। इस शिविर के लिए आर्थिक सहयोग स्व। राधेश्यामजी गुप्ता के पुण्य स्मृति में उनके पुत्र संजय गुप्ता एवं श्रेया गुप्ता (कोलकाता) ने दिया। इस शिविर में रांची महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ, ओम प्रकाश अग्रवाल, निरंजन सर्राफ, बेनी प्रसाद अग्रवाल, किशोरी लाल चौधरी, रमेश अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी जयंत झा, पुरुषोत्तम लोहिया, ललित निमानी, ओम प्रकाश विदसार, नवीन लाल, डॉ। हरिहरन, ओपी प्रणव, विजय केशरी, योगेश मिश्रा, घनश्याम शर्मा, रामचंद्र शर्मा, गौरा देवी, प्रदीप साहु, टेम्बा उरांव, संगीता दत्ता, किरण बांडो, संजय कुमार, देवकी मुंडा तथा स्थानीय कार्यकर्ता में मधु तिर्की, जनेश्वरी उरांव, बिरसा उरांव, करमा उरांव, भीमसेन तिर्की, कृष्णा महतो का विशेष योगदान रहा।

# बिजली की आंखमिचौली से लोग परेशान, नींद उड़ी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इस भीषण गर्मी में रांची की एक लाख से अधिक आबादी बिना बिजली के 18 घंटे बिलबिलाती रही। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोड शेडिंग के तहत बिजली देने का दावा करने के बावजूद 18 घंटे में 18 मिनट भी बिजली नहीं रही। पावर कट से न केवल बिजली संकट उत्पन्न हो गया है, बल्कि पानी की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ रहा है। न्यू कैपिटल डिविजन के इंजीनियर दिन से ही बिजली सामान्य होने का दावा करते रहे। मगर सामान्य नहीं हो पायी। देर शाम बिजली सामान्य होने का दावा किया जा रहा है। राजभवन सबस्टेशन अंतगर्त रातू रोड फीडर, आर्यपुरी, इंद्रपुरी, रेडियो स्टेशन इलाका, मेट्रो गली, न्यू मधुकम फीडर, सर्किट हाउस फीडर, पहाड़ी फीडर पूरी तरह से प्रभावित रही है। इससे आपूर्ति होने वाले क्षेत्र रातू रोड, कांके रोड, गांधी नगर, पहाड़ी मंदिर एरिया, सर्किट हाउस एरिया, मधुकम, न्यू मधुकम, जयप्रकाश नगर, कुम्हार टोली, केशव नगर, गोपाल मंदिर रोड, खादगढ़ा व आसपास के इलाके में 18 घंटे से बिजली नहीं है। बीती रात 12 बजे के करीब कांके-राजभवन 33 केवी लाइन अंडरग्राउंड लाइन ब्रेक डाउन हो गया। इसे रात में ठीक नहीं किया जा सका। सुबह होने के बाद पेट्रोलिंग शुरू हुई। इसके बाद फॉल्ट की जगह को चिन्हित किया जा सका। फिर मरम्मत का काम शुरू हुआ, जो मंगलवार तक जारी थी। इसके अतिरिक्त मंगलवार को शहर के अन्य क्षेत्र हरमू, अशोक नगर, कडरू, पुन्दाग, पिस्का मोड़, केतारी बगान, मेन रोड, कोकर, बहू बाजार सहित कई क्षेत्रों में बिजली का आना-जाना जारी रहा।

### डीएसपीएमयू में हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार, शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता

# महिलाओं के मासिक धर्म को लेकर अवेयरनेस की जरुरत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में मंगलवार को हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार हुआ। डीएसपीएमयू, एनएसएस और एमएसएफ रांची की ओर से आयोजित सेमिनार में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी शामिल हुए। सेमिनार में मुक्ति मिशन की रश्मि शाहा ने महिलाओं के मासिक धर्म के बारे में बताया। कहा कि हमारा समाज मासिक धर्म के बारे में प्रचार प्रसार नहीं कर रहा है। मासिक धर्म से महिलाओं में होने वाली परेशानियों के बारे में खुल कर अवेयरनेस की जरूरत है। इसे लेकर कई प्रकार की अफवाह भी फैलायी गई है। इन अफवाहों की सच्चाई को समझना होगा। जब मैंने महिलाओं में मासिक धर्म के बारे में प्रचार करने का काम शुरू किया था, तब मेरे साथ केवल 20 महिलाएं थीं। आज हमारे साथ बहुत सारे लोग हैं। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज का विषय बहुत ही गंभीर है। इस बात को हमें समझने की जरूरत है। आज यहां बैठे जितने लोग हैं, चाहे आप हो या मैं हूं, मासिक धर्म के करण ही इस दुनिया में आए हैं। जब हमारी माताओं- बहनों का मासिक धर्म रुक जाता है, तब हमारा जन्म होता है। हम पुरुष प्रधान लोगों का बाहर कोई जोर नहीं चलता। पर जब हम घर में जाते हैं तो घर की महिलाओं से ऊंची आवाज में बात करते हैं। वहीं जब घर के पास जब कोई पुलिस वाला आ जाता है, तो घर की महिलाएं ही उसके सामने डट कर खड़ी होती है। एक महत्वपूर्ण बात है कि मासिक धर्म से ही सर्वाइकल कैंसर का लक्षण आता है, हमें इस पर ध्यान रखने की जरूरत है। कभी इस प्रकार का कोई लक्षण समझ में आए, तो तुरंत जांच करवाएं। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हमें अपनी बहन- बेटी से इस विषय के बारे में खुल कर बात करने की जरूरत है।

### कॉलेज की छात्राओं ने मशरूम उत्पादन की ली जानकारी

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के बॉटनी विभाग की ओर से बीएससी सेमेस्टर-4 व सेमेस्टर-6 की छात्राओं को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस दौरान छात्राओं को प्लांडू स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर के कृषि प्रणाली के पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र ले जाया गया। वहां 77 छात्राओं को केंद्र के निदेशक डॉ वीरेंद्र कुमार यादव व डॉ जयपाल सिंह चौधरी ने केंद्र के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। नई तकनीकी पद्धति से विकसित की गई उन्नत किस्म की फसलों की जानकारी के साथ नई आधुनिक सिंचाई पद्धति व मशरूम उत्पादन विधि की बारीकियों को समझाया गया। विस्तृत क्षेत्र में फैले हुए आधुनिक तरीके से उपजाए विभिन्न प्रकार के फलों, सब्जियों के पौधों को देखकर छात्राएं उत्साहित थीं।

# रिम्स में पानी की किल्लत, मरीज खरीदकर पी रहे हैं पानी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड से सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में पीने के पानी की घोर कमी है। इस भीषण गर्मी में मरीजों को बाहर से पीने का पानी खरीदना पड़ता है। हालत यह है कि पांच रुपए की पर्ची पर रिम्स में मरीज को चिकित्सीय सलाह तो मिल जाता है, लेकिन उसी मरीज को प्यास बुझाने के लिए 50 से 100 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। दरअसल, रिम्स के पुराने बिल्डिंग में मरीजों को पीने का पानी मिल सके, इसके लिए वाटर कूलर तो जरूर लगा दिया गया। लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में वाटर कूलर शोभा बनकर रह गया है। इधर, ओल्ड इमरजेंसी (बरियातू टीओपी) के पास पांच रुपए प्रति लीटर की दर से पानी बेचा जाता है। वहीं रिम्स के पार्किंग स्थल के पास भी पांच रुपए लीटर पानी बेचा जा रहा है, जहां लोग पानी खरीदने के लिए लाइन में लगे रहते हैं। इस चिलचिलाती धूप में मरीजों को वार्ड से बाहर पानी खरीदने के लिए आना पड़ता है, तब जाकर प्यास बुझती है। यहां ओपीडी के पास तीन वाटर कूलर जरूर नजर आया, लेकिन इनमें से दो मशीनें बंद थीं। जबकि तीसरी मशीन के दो नल से पानी नहीं आता है। एक नल से बूंद-बूंद पानी निकल रहा था। 1 लीटर पानी भरने के लिए कम से कम 10 मिनट इंतजार करना पड़ता है। वहीं ओपीडी में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या सैकड़ों में होती है और उन्हें चिकित्सीय सलाह लेने में करीब 2 से 3 घंटे का वक्त लगता है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में मरीजों को प्यास बुझाने के लिए बाजार से पीने का पानी खरीदने की मजबूरी हो जाती है।

# संविदा के आधार पर सैप में 771 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में भूतपूर्व सैनिकों के लिए संविदा के आधार पर स्पेशल आक्जिलरी पुलिस (सैप) के लिये 771 पदों पर नियुक्ति करने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने इन नियुक्तियों के आवेदन मांगने का विज्ञापन निकाल दिया है। सरकार ने विधि व्यवस्था और नक्सल विरोधी अभियान को गति देने के लिये विभिन्न पदों पर 771 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जानी है। इनमें सात सूबेदार मेजर, आठ सूबेदार (सामान्य), 46 नायब सूबेदार (सामान्य), 17 नायब सूबेदार (तकनीकी), एक सूबेदार (वितंतु), 26 नायब सूबेदार (वितंतु), दो नायब सूबेदार (आशुलिपिक), दो लिपिक, 130 हवलदार सामान्य, सात हवलदार चालक, 492 सिपाही सामान्य, रसोइया के नौ पद और 24 सिपाही चालक शामिल हैं। दरअसल, वर्ष 2008 में पुलिस आउट पोस्ट, टीओपी में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने आदि के उद्देश्य से सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों से अनुबंध के आधार पर स्पेशल आक्जिलरी पुलिस के दोनों बटालियन सैप एक वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप दो वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर का गठन किया गया था। इस बटालियन में सिर्फ झारखंड राज्य के ही निवासी ही आवेदन कर सकते हैं, सैनिक उपलब्ध नहीं होने पर दूसरे राज्य के पूर्व सैनिकों की भर्ती की जायेगी। सिपाही से हवलदार के लिये 35-55 वर्ष जबकि पदाधिकारी का उम्र 58-62 वर्ष के बीच उम्र सीमा होगी। उम्मीदवार की नियुक्ति के लिये 15 और 16 मई को साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गई है।

### रांची विश्वविद्यालय में दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर छात्रों का हंगामा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में स्नातक कर चुके विद्यार्थियों ने मंगलवार को दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर विवि मुख्यालय में हंगामा किया। अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने विश्वविद्यालय कैंपस में जमकर नारेबाजी की। इनका कहना था कि कुलपति उनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। हंगामे के बीच कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों को समझाया। एक घंटे में परीक्षा लेने का नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद छात्र शांत हुए। हालांकि नोटिस जारी होने के इंतजार में विद्यार्थी देर तक वहीं जमे रहे। रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों को सब्सिडियरी के तौर पर एक ही पेपर दिया गया था। इन दोनों सत्रों में पास करनेवाले जिन विद्यार्थियों ने बीएड की पढ़ाई की है।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने बन्द को दिया समर्थन

# छात्रों के ऊपर से मुकदमा तुरंत वापस करवाएं मुख्यमंत्री : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखण्ड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कोर कमेटी सदस्यों से विचार विमर्श करने के बाद झारखंड बंद का समर्थन करने की घोषणा की। खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने व 60-40 की नीति को रद्द करने को लेकर 19 अप्रैल को छात्रों के द्वारा झारखण्ड बंद का मूलवासी सदान मोर्चा ने नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। प्रसाद ने कहा कि सरकार 60-40 के नाम पर नियोजन नीति को ना उलझाए। प्रसाद ने कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति व स्थानीय नीति को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा लंबे समय से आंदोलन करते रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अपनी स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बना लेती है, तब तक झारखंड में होने वाले नियुक्ति का आधार संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि संयुक्त बिहार में बने नियम कानून से झारखंड में बहुत सारे काम हो रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से नियोजन नीति के मामले में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के हित में होता है वह काम झारखंड के अधिकारी करना नहीं चाहते हैं। प्रसाद ने यह भी कहा कि हमारे राजनेताओं की इच्छा शक्ति की कमी के कारण आज झारखंडी विरोधी मानसिकता के लोग हावी हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा हम कोई बाहरी भीतरी की बात नहीं करते हैं जो लोग अपने मूल राज्य छोड़कर सिर्फ झारखंड के होकर रह गए हैं उन्हें स्थानीय नीति का लाभ कैसे मिले इस पर सरकार को जरूर देखना चाहिए। लेकिन स्थानीय नीति का लाभ कुछ लोग अपने मूल राज्य में भी लेना चाहते हैं और झारखंड में भी लेना चाहते हैं, असली समस्या यह है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया वे नियोजन नीति को लेकर समाजिक संगठनों के साथ तुरंत बैठक करें। प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार जन भावना का आदर करे। प्रसाद ने यह भी कहा कि झारखंड के झारखण्डियों के शहादत से बना है इसका मान सरकार को रखना चाहिए। प्रसाद ने यह अभी कहा कि यदि सरकार झारखण्डियों का अधिकार के साथ खिलवाड़ करती है तो आने वाले चुनाव में परिणाम घातक होंगें।

### तकनीकी | बीएयू में विभागवार रिसर्च एंड बजट कमिटी की हुई बैठक

# किसानों की तकनीकी विकास पर दिया जोर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) अधीनस्थ कृषि, वानिकी एवं पशुचिकित्सा क्षेत्र के खरीफ अनुसंधान कार्यक्रमों का विभागवार रिसर्च एंड बजट कमिटी की बैठक मंगलवार को शुरू हुआ। बीएयू के निदेशालय अनुसंधान के निर्देश एवं मार्गदर्शन में विवि अधीन कार्यरत तीनों संकायों के विभिन्न विभागों एवं तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों में इस बैठक का आयोजन होगा। इसकी शुरूआत कृषि संकाय अधीन कार्यरत मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग से हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने की। संबोधन में डॉ. पीके सिंह ने गुणवत्ता युक्त एवं स्थानीय कृषि पारिस्थितिकी तथा स्थानीय किसानों की मांग आधारित तकनीकी विकास पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों को जनजातीय उपपरियोजना के शोध कार्यक्रम में पारदर्शिता रखने, विस्तृत प्रतिवेदन एवं सफल कहानी को संकलित करने का निर्देश दिया। बैठक में अध्यक्ष (मृदा विज्ञान) एवं डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग में चलाये जा रहे अनुसंधान कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं नये शोध कार्यक्रमों का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आगामी खरीफ, 2023 में इफको के सौजन्य से सुपर नैनो यूरिया पर शोध कार्यक्रम शुरू होगा। आगामी खरीफ मौसम के लिए विभाग गुणवत्तायुक्त जैव उर्वरकों का उत्पादन शुरू करने जा रहा है। सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन के अग्रिम मांग पत्र के अनुरूप जैव उर्वरकों का उत्पादन किया जायेगा। ईच्छुक किसान भी विभाग से जैव उर्वरकों का क्रय कर सकते है। उन्होंने विभाग में स्वतंत्र सिंचाई जल जाँच यूनिट के स्थापना की आवश्यकता जताया। बैठक में विभाग के वैज्ञानिकों ने राज्य योजना अधीन स्थाई खाद प्रयोग (1956 से), साइल माइक्रोबायोलॉजी, मृदा एवं जल जाँच तथा जैव उर्वरक उत्पादन एवं शोध, आईसीएआर योजना के अधीन दीर्घकालीन उर्वरक प्रयोग (1971 से), एसटीसीआर एवं माइक्रो एवं सेकेंडरी न्यूट्रीएन्ट प्रयोग, एडहोक योजना अधीन नैनो डीएपी प्रयोग के परिणाम एवं योजनाधीन आगामी खरीफ, 2023 के भाव ी शोध कार्यक्रमों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) डॉ एस कमार्कार एवं एक्सपर्ट डॉ एसबी पांडे, पूर्व प्राध्यापक (मृदा विज्ञान), आरएयू, पूसा, समस्तीपुर ने मृदा वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत शोध पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। तदनुरूप तकनीकी कार्यक्रम में सुधार कर आगामी खरीफ रिसर्च कौंसिल की बैठक में रखने का सुझाव दिया। मौके पर डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. पीबी साहा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. प्रभाकर महापात्रा, डॉ. एसबी कुमार, डॉ. आशा सिन्हा, डॉ. एनसी गुप्ता, भूपेन्द्र कुमार, अरुण पुरण एवं रिसर्च एसोसिएट/रिसर्च फेलो आदि मौजूद थे।

# विश्वविद्यालयों में शोधार्थियों को नहीं मिलता स्कॉलरशिप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए शोध करनेवाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप नहीं दिया जाता है। जिन शोधार्थियों का यूजीसी नेट जेआरएफ है, केवल उन्हें ही केंद्र सरकार द्वारा स्कॉलरशिप दिया जाता है।, नेट या किसी अन्य परीक्षा द्वारा पीएचडी कर रहे शोधार्थियों को स्कॉलरशिप नहीं मिलता है। रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहु ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय में मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्कॉलरशिप केवल अल्पसंख्यकों के लिए है। इसके तहत शोधार्थियों को प्रतिमाह 35000 हजार रुपए दिये जाते हैं। वहीं नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. दीप नारायण यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के पास उतना फंड ही नहीं कि स्कॉलरशिप दिया जाए। पीएचडी के जानकारों का कहना है कि पड़ोसी राज्यों के बड़े विश्वविद्यालयों में पीएचडी कर रहे शोधार्थियों को स्कॉलरशिप के नाम पर कुछ न कुछ जरूर दिया जाता है।, हालांकि सभी विश्वविद्यालयों में यह सुविधा नहीं है। जबकि झारखंड के एक भी विश्वविद्यालय में पीएचडी शोध के लिए स्कॉलरशिप नहीं दिया जाता है। नेट या विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षा क्वालिफाई करने के बाद पीएचडी में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले शोधार्थियों को किसी प्रकार का स्कॉलरशिप नहीं मिलने के कारण शोधार्थी विश्वविद्यालय या शहर के बाहर शोध कार्य के लिए नहीं जा पाते हैं। इससे शोध का दायरा सिमट कर रह जाता है। झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पीएचडी कर रहे शोधार्थियों ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह हमें भी स्कॉलरशिप दिया जाना चाहिए।

## पृष्ठ एक का शेष

**जंगल में न जायें...**
दौरान ही टीम ने विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए। बरामद सामानों में दो हार्ड डिस्क, एक यूएसबी केबल, एक एक्सप्लोडर-ब्लास्टिंग मशीन, एक मल्टीमीटर, एक मोटोरोला वॉकी टॉकी, दो कैप के साथ 9 वोल्ट बटी, 21 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर लेग वायर, करीब 30 मीटर लचीले तार, 1I5 मीटर कमर्शियल कॉर्डेक्स, एक किग्रा, टिफिन आईईडी, दो नग इलेक्ट्रिक कमर्शियल डेटोनेटर, एक नॉन इलेक्ट्रिकल कमर्शियल डेटोनेटर, 21 नग सिरिंज प्रेशर मैकेनिज्म, एक बेड स्विच, ट्रिप वायर, 48 नग अप्रयुक्त सिरिंज, नक्सल साहित्य और एक बाइक शामिल है। बरामद विस्फोटक सामान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया जबकि अन्य सामान को पुलिस ने जब्त कर लिया।

**अति उग्रवाद प्रभावित सिंदरी...**
जाति, अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं। पूरा क्षेत्र पहाड़ी व पथरीला होने के कारण पानी का जलस्तर 500 से 700 फीट में पर्याप्त मात्रा में होने की संभावना ग्रामीण जता रहे हैं। वहीं संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया भरत यादव ने इस संदर्भ में बताया कि बहुत जल्द उक्त गांव में विभाग द्वारा डीप बोरिंग किया जाना है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बोरिंग वाहन उस गांव तक कैसे पहुंचेगा इसकी तैयारी की जा रही है।

# जियो-सिनेमा पर टूटे व्यूअरशिप के रिकॉर्ड, सर्वाधिक 2.4 करोड़ ने देखा मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जियो-सिनेमा ने व्यूअरशिप का अपना ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। जियो-सिनेमा पर चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) मैच के दौरान दर्शकों की संख्या 2 करोड़ 40 लाख के आंकड़े को पार कर गई। ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो-सिनेमा पर मौजूदा आईपीएल 2023 सीजन में, यह अब तक की सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। इससे पहले 12 अप्रैल को दर्शकों की संख्या 2.2 करोड़ पहुंची थी। मैच की दूसरी पारी के आखिरी ओवर में जियो-सिनेमा पर दर्शकों की तादाद 2.4 करोड़ तक पहुंच गई। चेन्नई ने यह रोमांचक मैच 8 रन से जीत लिया। बीसीसीआई ने इस टाटा आईपीएल सीजन 2023 के टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार, अलग अलग कंपनियों को दिए हैं। इसका सीधा फायदा डिजिटल को मिलता दिखाई दे रहा है। जियो-सिनेमा आईपीएल मैचों की स्ट्रीमिंग मुफ्त कर रहा है। इससे भी आईपीएल दर्शकों के बीच उसकी पैठ बनी है। 2.4 करोड़ दर्शकों की संख्या कितनी बड़ी है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2019 सीजन के फाइनल मैच के दौरान डिज्नी



हॉटस्टार पर सबसे ज्यादा व्यूअरशिप 1.86 करोड़ दर्ज की गई थी। 2.4 करोड़ दर्शकों से 600 बार भरा जा सकता है चिन्नास्वामी स्टेडियम। आईपीएल अभी अपने लीग मैचों के चरण में हैं और अभी से जियो-सिनेमा ने पिछले सारे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। जैसे जैसे आईपीएल फाइनल की ओर बढ़ेगा जियो-सिनेमा पर दर्शकों की संख्या में और इजाफा देखने को मिल सकता है।

## चुनाव की वजह से 4 मई को नहीं होगा चेन्नई-लखनऊ का मैच

**मुंबई।** लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 46वें मैच की तारीख चार मई से बदलकर तीन मई कर दी गई है। आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गई है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा। बीसीसीआई की तरफ से कहा गया लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2023 का 46वां मैच, मूल रूप से गुरुवार चार मई 2023 को लखनऊ में निर्धारित किया गया था, अब इसे बुधवार तीन मई 2023 के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। चार मई को लखनऊ नगर निगम चुनाव के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है और खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम पांच मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। चेन्नई का मुकाबला करने से पहले लखनऊ राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला करेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज की सर्जरी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज के पैर की सफलता पूर्वक सर्जरी हुई है। यूरोपा लीग क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में सेविला के खिलाफ मैच के दौरान मार्टिनेज के पैर में एक मेटाटार्सल हड्डी फ्रैक्चर हुआ था, जिसके बाद वह शेष सत्र से बाहर हो गए थे।

### केरल ब्लास्टर्स ने सहायक कोच इश्फाक अहमद से नाता तोड़ा



**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी ने अपनी टीम के सहायक कोच इश्फाक अहमद से नाता तोड़ने की मंगलवार को घोषणा की। इश्फाक चार वर्षों तक केरला ब्लास्टर्स के साथ सहायक कोच रहे। क्लब ने ट्वीट किया, इश्फाक अहमद आपके प्रयासों और जूनून के लिए आपको धन्यवाद जिस तरह आपने टीम के प्रति अपना योगदान दिया। आपको केरला ब्लास्टर्स एफसी परिवार हमेशा याद रखेगा। आपको भविष्य के लिए शुभकामनायें।

### अर्जेंटीना फीफा अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा

**जेनेवा।** अर्जेंटीना 2023 अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करेगा। इसने इंडोनेशिया की जगह ली है, जिसे फीफा ने मेजबानी करने से हटा दिया है। विश्व फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने इसकी घोषणा की। फीफा परिषद के ब्यूरो ने सोमवार को अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के बोली प्राप्त होने के बाद इस निर्णय की पुष्टि की। फीफा प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह दक्षिण अमेरिकी देश का दौरा किया था। फीफा अंडर-20 विश्व कप 20 मई से 11 जून तक चलेगा और यह पहली बार होगा जब अर्जेंटीना 2001 के बाद टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

### अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन मामल्लापुरम में 14 अगस्त से

**चेन्नई।** विश्व सर्फिंग लीग (डब्यूएसएल) का हिस्सा अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन का आयोजन भारत में पहली बार मामल्लापुरम में 14 से 20 अगस्त तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा करते हुए मंगलवार को यहां तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि यह खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार का एक और कदम है और इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से भारतीय खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

## हरभजन सिंह ने बताई हैरी ब्रूक की समस्या, कहा

# सिंगल-डबल लेकर कमजोरी छिपाता है

**एजेंसी। हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद पिछले दो मैचों में प्रभावशाली जीत के बाद मुंबई इंडियंस का सामना करने के लिए तैयार है। आईपीएल 2023 का पहला शतक लगाने वाले सनराइजर्स के बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक बार फिर सभी की निगाहों में होंगे। भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने केकेआर के खिलाफ शानदार पारी और प्रदर्शन में शॉट्स की विस्तृत श्रृंखला के लिए इस अंग्रेज खिलाड़ी की सराहना की।

हरभजन ने कहा, 'ब्रूक तेज गेंदबाजी अच्छी तरह से खेलता है। उसके पास तेज गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी प्रदर्शनों की सूची में शॉट्स की लिस्ट है। हालांकि वह स्पिन के खिलाफ बहुत मजबूत नहीं है वह सिंगल और डबल लेकर अपनी कमजोरी को छुपाता है। जब भी उसे मौका मिलता है, वह तेज गेंदबाजों की कमजोर गेंदों को बाउंड्री के लिए हिट करता है। साथ ही उसे सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाजों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। इससे उसे आगे बढ़ने में काफी आत्मविश्वास मिलेगा।'

मुंबई इंडियंस ने भी आईपीएल 2023 में बैक-टू-बैक जीत दर्ज की और कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इस गति को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखेगी।



भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने अपने पिछले दो मैचों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ दावा किया कि एमआई ने दिखाया है कि वे पांच बार के चैंपियन क्यों हैं। कैफ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस की उस पुरानी टीम को देखेंगे।

एमआई अपने आक्रामक बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए जाना जाता था और पिछले दो गेम इसका प्रमाण थे।'

## कोहली पर जुर्माना



**रॉयल** चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डेवोन कॉनवे (45 रन पर 83) और शिवम दूबे (27 रन पर 52 रन) की अर्धशतकीय पारी ने सीएसके को 226/6 पर पहुंचा दिया। सीएसके के गेंदबाजों ने ग्लेन मैक्सवेल (36 रन पर 76 रन) और फाफ डु प्लेसिस (33 रन पर 62) की तूफानी पारी के बावजूद आरसीबी को लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया और अपनी टीम को आठ रन से जीत दिला दी। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है।

## बार्सा अध्यक्ष ने रेफरियों को प्रभावित करने के लिए 70 लाख यूरो देने से किया इंकार

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के अध्यक्ष जोआन लापोर्टा ने स्पेनिश रेफरी महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष एनरिकेज नेग्रेरा को 70 लाख यूरो के भुगतान को लेकर उठे स्कैंडल पर सफाई देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। बार्सिलोना ने यह भुगतान 18 वर्षों की अवधि में अनुकूल रेफरी फैसलों को सुनिश्चित करने के लिए किया था। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार अब क्लब को स्पेन में कानूनी कार्यवाहियों का सामना करना पड़ सकता है और मामले की यूएफा द्वारा जांच की जा सकती है। कैम्प नोउ स्टेडियम में बात करते हुए लापोर्टा ने कहा कि धनराशि मैच अधिकारियों पर रिपोर्ट के लिए दी गयी थी. लापोर्टा ने सोमवार को अपनी ब्रीफिंग में कहा,"हमें नेग्रेरा से 629 रिपोर्ट और 43 सीडी मिली हैं लेकिन रेफरियों को प्रभावित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।"

# मोंटे कार्लो में तीसरे दौर की हार से जल्दी आगे बढ़ना चाहता हूं : जोकोविच

**एजेंसी। बांजा लूका**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने कहा है कि वह पिछले सप्ताह मोंटे कार्लो मास्टर्स में तीसरे दौर में लोरेंजो मुसेटी से मिली हार को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह बांजा लूका में ऐसा कर सकते हैं और वह इस टूनामेंट के लिए रोमांचित हैं। सर्बिया के सुपरस्टार को बांजा लूका ओपन में शीर्ष वरीयता मिली है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें बोस्निया एन्ड हजेगोविना का माहौल पसंद है। उन्होंने एक दशक से अधिक समय पहले इस देश का दौरा किया था।

जोकोविच ने कहा, यहा आना अच्छा लगता है। मैं बांजा लूका में पहले भी कई बार आ चुका हूं।



एक बार राष्ट्रपति से मिलने और मैडल ऑफ ऑनर प्राप्त करने तथा दूसरी बार 2009 में, मैंने तब विक्टर ट्रोइकी के साथ एक इंडोर केंद्र में प्रदर्शनी मैच खेला था। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे ये यात्राएं अच्छी तरह याद हैं।

सोमवार को अभ्यास के दौरान यह स्पष्ट था कि उन्होंने स्थानीय दर्शकों को रोमांचित कर दिया है जो उन्हें देखने आये थे। भारी संख्या में प्रशंसक सर्बियाई खिलाड़ी को देखने आये थे।

जोकोविच ने कहा, यहा लोगों ने मेरा जबरदस्त स्वागत किया और ढेर सारा प्यार और समर्थन दिया। मैं यहाँ आने से काफी रोमांचित हूं। यह हम सर्बियाई खिलाड़ियों के लिए शानदार जगह है जहाँ स्थानीय लोगों से इतना प्यार और समर्थन मिलता है।

# श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच में आयरलैंड को एक पारी और 280 रन से हराया

**एजेंसी। गाले**

श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच में आयरलैंड को एक पारी और 280 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और चार बल्लेबाजों ने शतक जड़ दिये। कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने 179 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली।



करुणारत्ने के अलावा कुशल मेंडिस (140 रन), दिनेश चांदीमल (नाबाद 102) और सदीरा समरविक्रमा (नाबाद 104) ने शतक लगाया। श्रीलंका ने 131 ओवर खेले और अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 591 रन बनाकर घोषित कर दी। आयरलैंड के लिए कर्टिस कैम्फर ने 2, मार्क एडायर,एंडी मैकब्रिन, बेंजामिन व्हाइट और जॉर्ज डॉकरेल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में आयरलैंड की टीम अपनी पहली पारी में केवल 143 रनों पर सिमट गई। आयरलैंड के लिए जेम्स मैकलम ने (35), हेरी ट्रेक्टर (34) और लोरकन टकर (45) ही कुछ संघर्ष कर सके। श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने 7, विश्वा फर्नांडो ने 2 और रमेश मेंडिस ने 1 विकेट लिया। दूसरी पारी में फॉलोआन खेलने उतरी आयरलैंड की बल्लेबाजी पहली पारी के जैसे ही रही। आयरलैंड की टीम दूसरी पारी में मात्र 168 रनों पर सिमट गई और श्रीलंका ने मैच एक पारी व 280 रनों से जीत लिया। दूसरी पारी में आयरलैंड के लिए हेरी ट्रेक्टर (42), कर्टिस कैम्फर (30), जॉर्ज डॉकरेल (32) और मार्क एडायर (नाबाद 23) ही कुछ संघर्ष कर सके।

श्रीलंका के लिए दूसरी पारी में रमेश मेंडिस ने 4, प्रभात जयसूर्या ने 3 और विश्वा फर्नांडो ने 2 विकेट लिए। प्रभात जयसूर्या ने मैच में 10 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# मुंबई ने हैदराबाद को दिया 193 का टारगेट



**एजेंसी। हैदराबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच जारी है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में एसआरएच ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद के ओपनर मयंक अग्रवाल और ऐडन मार्करम क्रीज पर हैं। 4 ओवर के बाद टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 26 रन बना लिए हैं।मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने 33 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। ख्रछ के डेब्यू सीजन में ग्रीन का यह पहला ही अर्धशतक है। वह 5वें ओवर में रोहित शर्मा का विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आए थे। ग्रीन 64 के स्कोर पर नॉटआउट रहे। मुंबई से ग्रीन के अलावा ईशान किशन ने 38, तिलक वर्मा ने 37, रोहित शर्मा ने 28, टिम डेविड 16 और सूर्यकुमार यादव ने 7 रन बनाए। रफ्ळ से भुवनेश्वर कुमार और थंगारसु नटराजन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रन आउट हुआ।

## डु प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने होगी जारी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने जारी होगी जिसमें खेल को लेकर उनके संघर्ष और लगाव के साथ इसके बाहर की यात्रा का जिक्र होगा। 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' की 'ईबरी प्रेस' द्वारा प्रकाशित होने वाली इस किताब का नाम 'फाफ थ्रू फायर' है। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान पाठकों को क्रिकेट के साथ साथ इस खेल से बाहर की अपनी जिंदगी की कहानी से रूबरू करवायेंगे। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के 38 साल के पूर्व कप्तान ने इस किताब में महेंद्र सिंह धोनी, गैरी कर्स्टन, स्टीफन फ्लेमिंग, ग्रीम स्मिथ और एबी डिविलियर्स सहित कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभवों के बारे में बात की। यहां जारी विज्ञप्ति में डु प्लेसी ने कहा, 'मैं अपनी किताब ह्यफाफ थ्रू फायर' के भारत में लॉन्च होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने हमेशा यहां घर जैसा महसूस किया है और वर्षों से भारत में खेलने के दौरान मुझे अपार समर्थन मिला है।




## फुटबॉल टूर्नामेंट | आईडब्ल्यूएल 2023 सीजन के कार्यक्रम की घोषणा

# 26 अप्रैल से होगी लीग की शुरूआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) 2023 सीजन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। लीग की शुरूआत 26 अप्रैल से होगी। सभी मैच अहमदाबाद के दो स्टेडियमों - ट्रांसस्टेडिया और शाहीबाग पुलिस स्टेडियम में सुबह 8 बजे और शाम 4.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को लीग चरण के कार्यक्रम जारी किए। लीग के पहले दो मैच ट्रांसस्टेडिया में मिसाका यूनाइटेड एफसी और माता रुक्मणी व शाहीबाग में होप्स एफ सी और स्पोर्ट्स ओडिशा के बीच खेले जाएंगे। दोनों मैच एक ही समय सुबह 8 बजे खेले जाएंगे। लीग चरण का अंतिम मैच 13 मई को खेला जाएगा।



नॉकआउट चरणों का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं किया गया है। आईडब्ल्यूएल 2023 में 16 टीमें लीग में भाग लेंगी, जो आठ के दो समूहों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ग्रुप ए में दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन गोकुलम केरल, ईस्ट बंगाल, एचओपीएस, कहानी, माता रुक्मणी, मिसाका यूनाइटेड, मुंबई नाइट्स और स्पोर्ट्स ओडिशा शामिल हैं। ग्रुप बी में सेल्टिक क्वींस, सीआरपीएफ, चर्चिल ब्रदर्स, ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन, किकस्टार्ट, लॉर्ड्स एफए, ओडिशा एफसी और हैवीवेट्स सेतु की टीमें हैं। 16 क्लबों में से चार ईस्ट बंगाल, ओडिशा गोकुलम केरल और चर्चिल ब्रदर्स हैं, जो क्रमशःदो शीर्ष पुरुष डिवीजनों इंडियन सुपर लीग और आई-लीग में हिस्सा लेती हैं।